

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 24 अगस्त 2026

केदार ने कहा–हम 2030 तक बस्तर को विकसित संभाग बनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंडागांव

हरिभूमि–आईएनएच के कोंडागांव में आयोजित जिला संवाद में राज्य के वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर संभाग को 2030 तक विकसित संभाग बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के तीखे सवालों का जवाब दिया। 'जिला संवाद-2026' में वन मंत्री केदार कश्यप ने कोंडागांव और पूरे बस्तर संभाग के विकास को लेकर सरकार की प्राथमिकताओं और योजनाओं पर खुलकर बात की। संवाद के दौरान कोंडागांव के बहुचर्चित मक्का प्रोसेसिंग प्लांट से लेकर वर्ष 2030 तक बस्तर संभाग के विकास का रोडमैप और पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की योजनाओं पर भी उन्होंने अपनी बात रखी। कोंडागांव विधायक लता उसेंडी ने कहा कि वे उन्हीं कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा जिन्हें पूरा किया जा सके। वहीं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा सरकार अपने वादों को पूरा कर पाने में असफल रही है।

नवंबर-दिसंबर तक शुरू होगा मक्का प्लांट



कोंडागांव के मक्का प्लांट को लेकर पूछे गए सवाल पर वन मंत्री केदार कश्यप ने स्पष्ट कहा कि मक्का प्लांट को नवंबर–दिसंबर तक किसी भी हालत में चालू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्लांट के शुरू होने से क्षेत्र के मक्का उत्पादक किसानों को अपनी उपज के लिए स्थानीय स्तर पर बेहतर बाजार उपलब्ध होगा और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने संकेत दिया कि सरकार इस परियोजना को लेकर गंभीर है और इसके संचालन में आ रही अड़चनों को दूर कर जल्द उत्पादन शुरू कराने की दिशा में काम किया जा रहा है। ▶▶|शेष पेज 7 पर

लता बोलीं-जिन कार्यों को पूरा करेंगे उन्हीं का भूमिपूजन

कोंडागांव विधायक लता उसेंडी ने जिले के विकास, पर्यटन और सांस्कृतिक पहचान को लेकर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब ऐसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिन्हें समय पर पूरा कर जनता को समर्पित किया जा सके। विधायक लता उसेंडी ने कहा कि "हम उन्हीं कार्यों का भूमि पूजन करेंगे, जिनका लोकार्पण कर सकें।" उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की घोषणा और भूमि पूजन के बाद उन्हें लंबे समय तक अधूरा छोड़ने की बजाय समयबद्ध तरीके से पूरा करना ▶▶|शेष पेज 7 पर

पूर्ण शराबबंदी का नारा देने वाली भाजपा ने गली-गली में शराब की दुकानें खोलीं: मरकाम

कांग्रेस के पूर्व मंत्री एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने प्रदेश सरकार के वादों और नीतियों पर सवाल उठाते हुए शराबबंदी से लेकर संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण तक कई मुद्दे उठाए। मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा ने छत्तीसगढ़ में पूर्ण शराबबंदी का नारा देकर जनता से समर्थन मांगा था, लेकिन सत्ता में आने के बाद सरकार ने अपने वादे के विपरीत काम किया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि "पूर्ण शराबबंदी का नारा देने वाली भाजपा ने पूरे प्रदेश में गली–गली में शराब की दुकानें खोल दी हैं। श्री मरकाम ने कहा कि शराबबंदी को लेकर भाजपा ने जनता के सामने जो वादा रखा था, उस पर सरकार को जवाब देना चाहिए कि वह वादा अब कहां है और ▶▶|शेष पेज 7 पर

सत्ता और विपक्ष के जनप्रतिनिधि एक मंच पर

जिला संवाद की खास बात यह रही कि इसमें अलग–अलग राजनीतिक दलों के प्रमुख जनप्रतिनिधि एक मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक लता उसेंडी, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम तथा कांग्रेस के पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, अमीन मेमन, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की सहभागिता रही।



खबर संक्षेप

जहाज डूबने के बाद 22 सदस्यों की तलाश जारी

भुवनेश्वर। ओडिशा के पारादीप तट से करीब 230 समुद्री मील दूर बंगाल की खाड़ी में चालक दल के 24 सदस्यों को लेकर जा रहे पनामा के ध्वज वाले मालवाहक जहाज के शनिवार को डूबने के बाद भारतीय तटरक्षक बल और नौसेना की पूर्वी कमान ने लापता 22 सदस्यों की तलाश और बचाव अभियान तेज कर दिया है।

जल्द मिलेगी सस्ती चीनी

ब्राजील से आने वाली है बड़ी खेप

सरकार की सख्ती से पांच रुपए घटे दाम, ब्राजील से आएगी 'मिठास'

- 10 लाख टन कच्ची चीनी के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति
- 15 अक्टूबर से पहली ब्राजील से पहुंच सकती है शक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना महासंघ (एनएफसीएसएफ) के प्रमुख प्रकाश नाइकनवारे ने रविवार को कहा कि चीनी की कुछ खेप 15 अक्टूबर से पहले भारत पहुंच सकती हैं, लेकिन इस समय यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि कितनी मात्रा में चीनी आएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल ब्राजील ही चीनी आयात का व्यावहारिक स्रोत है। ▶▶|शेष पेज 7 पर

हरिभूमि लगातार

चीनी की जमाखोरी का भी अनुमान

दाम बढ़ने की प्रमुख वजह

- चीनी का मांग तेजी से बढ़ना
- मौसम खराब होने से गन्ने की फसल का नुकसान
- अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चीनी की आपूर्ति कम होना

देश में चीनी की बढ़ती कीमतों के बीच राहत की उम्मीद जगी है। ब्राजील से आयात की जाने वाली कच्ची चीनी की कुछ खेप 15 अक्टूबर से पहले भारत पहुंच सकती है। इस बीच, चीनी की जमाखोरी और कीमतों में तेजी को लेकर सरकार की सख्ती का असर भी दिखने लगा है। शनिवार को खुली निविदाओं में मिलों से निकलने वाली चीनी का भाव करीब पांच रुपए प्रति किलो घट गया।

- **एक दिन पहले पांच रुपए सस्ता**
  मिल स्तर पर कीमतें शनिवार को हुई निविदाओं में पांच रुपए प्रति किलोग्राम घट गईं।
- **राज्यों में निगरानी के लिए विशेष दल**
  विभिन्न राज्यों में निगरानी के लिए विशेष दल भी तैनात किए गए हैं।



फोटोः एआई

विपक्ष का आरोप सरकार का जवाब

विपक्षी दल पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण बढ़ाने की नीति को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साध रहे हैं। उनका आरोप है कि इस नीति के कारण चीनी की कीमतें बढ़ रही हैं और आम लोगों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ रहा है। सरकार ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कीमतें बढ़ाने के लिए चीनी उद्योग को जिम्मेदार ठहराया है। सरकार का कहना है कि देश में घरेलू मांग पूरी करने के लिए पर्याप्त चीनी का भंडार मौजूद है।

एक्सपर्ट व्यू

कीमतों में वृद्धि के कई कारण

विशेषज्ञों ने कीमतों में इस तेज वृद्धि के लिए कई कारण बताए हैं। एथनॉल उत्पादन के लिए चीनी की आपूर्ति को इसका मुख्य कारण मानने से इंकार किया है। महाराष्ट्र के पूर्व चीनी आयुक्त शेखर गायकवाड़ ने कहा कि गन्ने का उत्पादन और प्रति हेक्टेयर उपज दोनों में कमी आ रही है, जिससे कुल चीनी उत्पादन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि गन्ना उत्पादक प्रमुख राज्यों की संख्या भी घट रही है।

प्लांट पैथोलॉजी की परीक्षा भी निरस्त, प्रोफेसर ने बेचे थे इसके भी सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 7 अगस्त को आयोजित की गई बीएससी प्रथम वर्ष प्लांट पैथोलॉजी की परीक्षा भी निरस्त कर दी गई है। प्रश्नपत्र लीक मामले गिरफ्तार प्रोफेसर सहित अन्य आरोपियों से पूछताछ के बाद सामने आई जानकारी के आधार पर यह निर्णय लिया गया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रोफेसर ने इस विषय के प्रश्नपत्र भी बेचे थे। हालांकि उस वक्त प्रश्नपत्र लीक होने की बात सामने नहीं आ सकी। 20 अगस्त को आयोजित बीएससी द्वितीय वर्ष कीट विज्ञान के ▶▶|शेष पेज 7 पर

हरिभूमि फॉलोअप

पासवर्ड प्रोटेक्टेड ईमेल से भेजे गए प्रश्नपत्र

विवि प्रबंधन के अनुसार, छात्रों के सुरक्षित भविष्य के लिए परीक्षाओं की गोपनीयता, निष्पक्षता तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। परीक्षा प्रणाली को लीक प्रूफ बनाने की कार्यवाही की जा रही है। इसी संबंध में 20 अगस्त के पेपर लीक प्रकरण पश्चात विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग द्वारा 22 अगस्त को आयोजित परीक्षा के प्रश्न पत्र ▶▶|शेष पेज 7 पर

घोंघा नदी में बहे दो और बच्चों की मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तखतपुर

क्षेत्र के ग्राम समडील में शनिवार शाम घोंघा नदी में हुए दर्दनाक हादसे का रविवार को दुखद अंत हो गया। नदी के तेज बहाव में बहने वाले तीनों मासूम बच्चों के शव एसडीआरएफ की टीम ने सघन रेस्क्यू अभियान के दौरान बरामद कर लिए। एक बच्चे का शव शनिवार की शाम को बरामद किया गया था, उसके बाद दो बच्चों की तलाश जारी थी, जिनका शव रविवार को मिला। ▶▶|शेष पेज 7 पर



रातभर चला खोज अभियान

घटना की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण नदी किनारे पहुंचे और अपने स्तर पर बच्चों की तलाश शुरू कर दी। कई ग्रामीण नदी के बहाव के साथ एक किलोमीटर से अधिक दूरी तक खोजबीन करते रहे। सूचना मिलने पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची। अंधेरा होने के बावजूद देर रात तक तलाशी अभियान जारी रहा। रविवार सुबह एसडीआरएफ ने दोबारा सघन रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।



झील के पास हेलीकॉप्टर को आपात स्थिति में उतारा

गोंदिया। महाराष्ट्र के भंडारा जिले में रविवार को खराब मौसम के कारण दृश्यता प्रभावित होने के बाद चार लोगों को लेकर जा रहे एक हेलीकॉप्टर को झील के पास आपात स्थिति में उतारा गया। 0मोहाड़ी तहसील में मोहगांव-निलज रोड के पास हुई इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। एक निजी कंपनी का हेलीकॉप्टर नागपुर से रायपुर जा रहा था, तभी सुबह करीब 11 बजे पायलट को खराब मौसम का सामना करना पड़ा।

भारत में घुसने की कोशिश छह घुसपैठियों को रोका

गुवाहाटी। असम के दक्षिण सलमारा जिले के रास्ते भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे छह घुसपैठियों को रोक दिया गया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि शुक्रवार रात उन्हें पकड़ा गया। मुख्यमंत्री ने शनिवार रात सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, छह अवैध घुसपैठियों का पता लगाया गया और उन्हें भारत में प्रवेश करने से रोक दिया गया। असम सतर्क है।

एमडीएमए तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

कोच्चि। आबकारी विभाग ने कथित तौर से दिल्ली से महिलाओं के जरिए केरलम में एमडीएमए की कथित तस्करी करने वाले एक बड़े मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरोह से जुड़े लोगों के खिलाफ की गई दो अलग-अलग कार्रवाइयों में कुल 279.3 ग्राम एमडीएमए बरामद किया गया। मिली सूचना के आधार पर कुछ दिन पहले यहां कलूर के एक आलीशान होटल से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था।



DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY

A part of aisect india

Bilaspur, Chhattisgarh

Approved by : PCI | AICTE | NCTE | BCI | Member of : AIU | Recognized by : UGC | NAAC Accredited University

JOIN A NAAC 'A' GRADE UNIVERSITY

AI ENABLED CAMPUS WITH GLOBAL OPPORTUNITIES





4000 Students Placed (Last 5 years)

Companies Visited 450+

Up to **100%** Scholarship Available for Deserving and Eligible Students

25+ International Students from Nepal & Bhutan.

Highest Package up to **₹ 35 LPA**

ADMISSION OPEN (2026-27)

Programme Offered

Engineering & Technology

B.TECH.

- B. Tech in Computer Science Engineering (AI and Data Science) In Association with IBM
- B. Tech in Computer Science Engineering (AI and ML) In Association with Google
- B. Tech in Mechanical Engineering (Global Certification in Mechanical Design) In Association with Ethnotech Academy
- B. Tech in Civil Engineering (Global Certification in 3D Design) In Association with Ethnotech Academy
- B. Tech in Electronics & Communication Engineering (Global Certification in Electric Vehicle) In Association with Ethnotech Academy
- B. Tech Electrical Engineering/ Electrical & Electronics Engineering (Global Certification in Electric Vehicle) In Association with Ethnotech Academy

M.TECH

- Digital Communication
- Power System
- Computer Science Engineering
- Production Engineering
- VLSI •Software Engineering

POLYTECHNIC DIPLOMA

- Civil Engineering
- Mechanical Engineering
- Computer Science Engg.
- Electrical Engineering

UG DIPLOMA IN FIRE SAFETY MANAGEMENT

Commerce & Management

MBA

Marketing I Finance I HR I Production I IT I Retail Tourism and hospitality management

BBA as per (AICTE Model Curriculum)

BBA (Business Analytics with AI)

PGDBM (PG Diploma in Business Management)

B.Com Banking & Finance in Association with IIBF

M.Com Banking & Finance in Association with IIBF

D.B.F. (Diploma in Banking and Finance) in Association with IIBF

Education & Physical Education

Bachelor of Education (B.Ed)

Master of Education (M.Ed)

Bachelor of Physical Education and Sports (BPES)

Master of Physical Education and Sports (MPES)

Master of Arts in Yoga (MA Yoga)

Information & Technology

M.Sc. (IT, CS) (AI/ Data Science/ Cyber Security) in Association with Nasscom/NPTEL

BCA (AI & ML/ Data Science) in Association with Google/Nasscom/EthnoTech Academy

B.Sc. (CS) (AI/ Data Science/ Cyber Security) in Association with Nasscom/Google

B.Sc. (IT) (AI/ Data Science/ Cyber Security) in Association with Nasscom/Google

PG Diploma in Computer Application (PGDCA) with AI

Diploma in Computer Application (DCA) with AI

Pharmaceutical Sciences

Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)- 4 Years

Master of Pharmacy (M.Pharm)-2 Years

Diploma of Pharmacy (D.Pharm)-2 Years

Law

B.A. (LLB) | B.Com. (LLB) | L.L.B. | L.L.M.

Arts

Bachelor of Arts (BA) Integrated with **PSC** Coaching

B.A. (Geography) Remote Sensing and Geographical Information Systems (GIS).

B.A. (History) Digital Tools and Techniques in Historical Studies.

B.A. (Economics)

B.A. (Sociology) Digital Society, AI and Cyber Sociology.

B.A. (Political Science) Cyber Security and Governance.

B.A (Sanskrit) Vedic studies, Dharamshastra & Karmkand, IKS, Sanskrit Natya Shastra, and Vastu & Jyotish Science.

B.A. (English)

B.A. (Hindi)

Master of Arts (MA) Integrated with **PSC** Coaching

Hindi | English | Chhattisgarhi | Sanskrit | History Geography | Economics | Political Science Sociology | Education | Rural Development

UG Diploma in Foreign Language

PG Diploma in Geospatial Technology

Diploma in Karmakand

Diploma in Jyotish evam Vastu

Bachelor of Library Science (B.Lib)

Master of Library Science (M.Lib)

Master of Social Work (MSW)

Bachelor of Journalism | Master of Journalism

Performing Fine & Folk Arts:

BPA (Dance, Instrumental, Vocal) | MPA

Certificate Courses:

Indian Music (Vocal), Kathak, Tabla, Guitar

Bachelor of Vocational (B.Voc)

Automobile Servicing | IT Application Development

House Keeping | Production Technology

Banking, Financial Services and Insurance

Home Care | Construction | AC & Refrigeration

Multimedia & Animation | Hospital Administration

Fashion Designing | Interior Designing

Fire & Safety (Industrial & Construction)

Research Programmes Ph.D.

FACULTY OF SCIENCE

B.Sc. Integrated with **PSC** Coaching

(Bachelor of Science)

Physics | Chemistry | Maths | Microbiology | Biotech | Botany | Zoology Computer Science | Rural Technology | UG Nutrition & Dietetics

M.Sc. Integrated with **PSC** Coaching

(Master of Science)

PCM | Botany | Microbiology | Biotech | Zoology Rural Tech | Electronics | Applied Physics

PGDRD (PG Diploma in Rural Development)

Approvals & Recognition From Regulatory Bodies

(University Grants Commission) Act 1956 | The AICTE (All India Council of Technical Education) | The NCTE (National Council for Teacher Education) | The BCI (Bar Council of India) | Dr. C.V. Raman University is the member of the Association of Indian Universities (AIU) | The University is Approved by CGPURC | The PCI (Pharmacy Council of India, a statutory body constituted under the Pharmacy Act, 1948) | University Grants Commission (UGC) Distance Education Bureau

Top Recruiters of AGU

More than **500 companies** for Placements and Internships Offering up to **10 Lakh Package**

NIIT, Star, vivo, Tech Mahindra, zomato, HIKEEDU, pinnacle, LANCO, wipro, genpact, vedanta, amazon, IndusInd Bank, Bluspring, TeamLease Digital, Infosys, iON, 3i Infotech, Shree Cement, Axis Bank

Special Features:

● Accredited by NAAC ● Chhattisgarh's first private university ● Skill Courses offered by PMKK in the University ● 100+ Industry Collaborations for a strong industry academia relationship. ● Fully Automated Central Library ● 12 Centre of Excellence in the field of Art & Culture, Biotechnology, Green Energy, Performing Arts, Future & high end skills and many more Sprawling 70-acre campus surrounded by lush greenery ● Diverse student base from 8 states ● Career Advancement – Upgrade skills, get promotions, and grow in your career. ● Flexible Timings – Ideal for working professionals, homemakers, and rural learners. ● Rich Study Material – Printed self-learning books, e-books, and interactive video lectures. ● Affordable Fee Structure – Quality education at a low cost ● Counselling & Support – Guidance from expert faculty through online/offline modes. ●Technology-Enabled Learning – Online classes, e-resources, and digital libraries for modern education. ● Learner Support Division – Dedicated academic and administrative support through counselling and helplines. ● Inclusive Education – Empowering rural learners, women, and differently-abled students through equal opportunities. ● PSC Coaching integrated UG/PG Programme ● Google Cloud Certified Digital Campus.

Call to Action: "Start Your Journey Today—Transform Tomorrow!"

✆ 6261-900581/88

Campus: Kargi Road, Kota, Dist.- Bilaspur (C.G.) Ph.+91-7753-253801,
E-mail : info@cvru.ac.in, admissions@cvru.ac.in

City Office: Dr. C.V. Raman University, Infront of Pallav Bhavan, Ring Road No.2, Bilaspur (C.G.) Ph. 07752-448799, Mo. 9109028878

AdPrayas

रायपुर, सोमवार 24 अगस्त 2026 | श्रावण शुक्ल पक्ष द्वादशी | वर्ष : 25, अंक : 34 | पृष्ठ : 12+4+4 =20 मूल्य : 5 .00** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



सावन के अंतिम सोमवार पर विशेष

खुदाई होने पर और भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आएगी



फोटो- ओमप्रकाश गुप्ता



पार्वतीपुरम के नाम से इतिहास में दर्ज पाथरी, जहां जंगल में मिले सैकड़ों शिवलिंग

सुरेश रावल ⏭ जगदलपुर/करपावंड

जिला मुख्यालय से लगभग 50 किमी दूर बकावंड ब्लाक के करपावंड क्षेत्र के पाथरी यानी पार्वतीपुरम पुरातात्विक महत्व का गांव है। खासियत यह है कि यहां के जंगलों में सैकड़ों शिव लिंग मिले हैं। अब इन्हें मंदिरों में स्थापित कर पूजा जा रहा है। बाहर से आए लोग बहुत से शिवलिंग चोरी कर ले गए थे। यहां तक कि पाथरी से ओडिशा भी लोग शिवलिंग ले गए हैं। पूर्व सरपंच मंगलूराम ⏭शेष पेज 7 पर

खास खबर





पूरे बस्तर में शिवमंदिरों की भरमार

बस्तर संभाग के प्राय: सभी जिले में बड़ी संख्या में रियासतकालीन और प्राचीन शिव मंदिर हैं। कुछ साल पहले वीरान जंगलों में शिव की मूर्तियां मिली हैं, जहां कालांतर में लोगों ने शिवलिंग देखकर वहां मंदिर बनाया और यह स्थल आज काफी प्रसिद्ध हो गए हैं, जिसमें संभाग मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर ओडिशा के देवड़ा में स्थित झाड़ेश्वर महादेव मंदिर है। बताया गया कि यहां गांव के एक सिरहा को सपने में आया था कि घनघोर जंगल में जमीन के अंदर भगवान शिव हैं। ग्रामीणों के साथ सिरहा ने जंगल जाकर जमीन के अंदर ⏭शेष पेज 7 पर

खुदाई में पता चलेगा किस राजा का शासन

रियासतकालीन और पुरातात्विक दृष्टि से पाथरी गांव का काफी महत्व है। यह इतिहास में पार्वतीपुरम के नाम से दर्ज है। शिवलिंग के अलावा देवी पार्वती की मूर्ति भी पाथरी में मिली है। खुदाई के बाद पता चलेगा किसका शासन था।

- रुदनारायण पाणीग्राही
इतिहासकार और पुरातत्वविद

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky | airtel
चैनल नं. 1155 | चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

रांची से बेंगलुरु उड़ान में पांच घंटे की देरी

रांची। झारखंड की राजधानी से बेंगलुरु जाने वाली एअर इंडिया एक्सप्रेस की एक उड़ान बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर पांच घंटे देरी से पहुंची क्योंकि एअरलाइन को दिल्ली से ऑक्सीजन सिलेंडर मंगवाने पड़े। एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या 1239 बेंगलुरु से रांची पहुंची थी।



इंजीनियर के परिवारों को 31-31 लाख का मुआवजा

रामगढ़। झारखंड के रामगढ़ जिले में एक इस्पात कारखाने में आग लगने से मारे गए तीन इंजीनियर के परिवारों को 31-31 लाख रुपए का मुआवजा दिया गया है। यह मुआवजा पीड़ित परिवारों के विरोध-प्रदर्शन और प्रबंधन के साथ बातचीत के बाद दिया गया। तीनों इंजीनियर संजीव कुमार केसरी (50), विनीत कुमार महतो (25) और अभिषेक पांडे (24) की शुक्रवार देर रात हेहल गांव में मां छिन्नमस्तिका इस्पात के 'कैप्टिव पावर प्लांट' में लगी आग में गंभीर रूप से झुलसने से मौत हो गई।

न्यूयॉर्क में भारतीय की गोली मारकर हत्या

न्यूयॉर्क। अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में 27 वर्षीय भारतीय नागरिक गुरदीप सिंह की कहासुनी के बाद एक अज्ञात व्यक्ति ने गोली मारकर हत्या कर दी। क्वींस निवासी गुरदीप सिंह को पूर्वी न्यूयॉर्क के स्टेनली एवेन्यू के निकट गोली मारी गई। घटना के बाद संदिग्ध मौके से फरार हो गया।




पत्थर की खदान में कॉलेज के दो छात्र डूबे

बालासोर। ओडिशा के बालासोर जिले में पानी से भरी एक बंद पड़ी पत्थर खदान में नहाने के दौरान कॉलेज के दो छात्रों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान एफएम कॉलेज बालासोर के वाणिज्य के छात्र अंशुमान पात्रा (17) और भावेश पात्रा (16) के रूप में हुई है। तीन दोस्त को मित्रपुर इलाके में स्थित 'ब्लू लेक' नामक पानी से भरी पत्थर खदान में गए थे। नहाने के दौरान दो छात्र डूब गए, जबकि तीसरा छात्र तैरकर किनारे पहुंच गया।

पांच भारतीय कंपनियों की कहानी बताएगी नई किताब

नई दिल्ली। कैसे पांच भारतीय कंपनियों ने संकट और उथल-पुथल को लंबे समय तक टिके रहने तथा लगातार वृद्धि के अवसर में बदल दिया... एक नई किताब, 'द आर्ट ऑफ एंड्योरिंगः हाउ ग्रेट कंपनीज टर्न क्राइसिस इनटू अपॉर्चुनिटी' में इस बारे में विस्तार से बताया गया है।



पिछले शनिवार से सक्रिय है मानसून, दूसरे सिस्टम के प्रभाव से जमकर बरस रहा पानी

सिस्टम मेहरबान, रायपुर में दो घंटे में बरस गया 48 मिमी पानी, राज्य का कोटा थोड़ा ही पीछे



दोपहर को दो घंटे में 48 मिमी. झमाझम बारिश, 24 घंटे में सर्वाधिक मनेंद्रगढ़ में 110 मिमी.

दक्षिण-पश्चिम मानसून इस बार रायपुर समेत मध्य इलाके पर कुछ ज्यादा ही मेहरबान है। 15 अगस्त यानी पिछले शनिवार से रोजाना बारिश का दौर जारी है और आठवें दिन दो घंटे की घनघोर बारिश से राजधानी रायपुर के कई इलाकों में पानी भर गया। सीजन में अगस्त तक के औसत कोटे का 93 प्रतिशत यानी 795 मिमी. से ज्यादा पानी बरस चुका है। मानसूनी सिस्टम अभी भी सक्रिय है, जिसकी वजह अगले दो-तीन दिनों तक बरसात का दौर जारी रहने की उम्मीद है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पिछले शनिवार से प्रदेश में सक्रिय हुए सिस्टम की वजह से बारिश का दौर जारी है। पुराने के खत्म होते ही दूसरी मौसम तंत्रिका सक्रिय हो चुकी है, जो वर्षा को थमने नहीं दे रही है। शनिवार की तरह रविवार को प्रदेश का मौसम दोपहर होते ही बदला और मूसलाधार बारिश का दौर शुरू हो गया। शहर में करीब 3 बजे तक बरसात का दौर चलता रहा और आंकड़ा करीब 48 मिमी. तक पहुंचा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश की गतिविधि अभी थमने की स्थिति में नहीं है और अगले दो से तीन दिनों तक प्रदेश के कई इलाकों में पानी गिरने का दौर जारी रहने की संभावना है। राज्य में इस बार जून को छोड़ दिया जाए तो जुलाई और अगस्त के महीने में मानसून की सक्रियता नजर आई है। इससे राज्य में अब तक ⏭शेष पेज 7 पर

खास खबर







घनी बारिश, दृश्यता घटकर 100 मीटर

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक दोपहर डेढ़ से दो बजे के बीच होने वाली बारिश इतनी घनी थी कि कई इलाकों की दृश्यता घटकर 100 मीटर से भी कम हो गई। छाए काले बादल और घनघोर वर्षा के कारण नजदीक की वस्तु भी दिखना मुश्किल था। विशेषज्ञों की मानें तो घनी बारिश की वजह से इस तरह की स्थिति कम बनती है। तेज बारिश में वाहनों की आवाजाही होती है, मगर ऐसे हालात में आवागमन करना काफी जोखिम भरा हो जाता है। सोमवार को भी बारिश की गतिविधि मध्य और उत्तर छत्तीसगढ़ में बने रहने की संभावना है।

सितंबर की शुरुआत में सिस्टम

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अभी सक्रिय सिस्टम की वजह से हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहेगा। इसके बाद सितंबर की शुरुआत में भी बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम बनने की संभावना है, जो बारिश का कारण बन सकता है। वर्तमान में एक निम्नदाब का क्षेत्र उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उसके आसपास ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा तक स्थित है। एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उसके आसपास स्थित ⏭शेष पेज 7 पर

7 राज्यों की चुनावी जंग के लिए भाजपा का मेगा मिशन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भाजपा ने आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर तैयारियां तेज कर ली है। टीम बनाने के बाद नितिन नवीन पूरे फॉर्म में हैं। शनिवार को अपनी नई टीम से मिलने के बाद रविवार को उन्होंने पूरे देश के संगठन पदाधिकारियों की बैठक बुलाई। करीब तीन घंटे चली इस बैठक का मुख्य फोकस पार्टी संगठन को मजबूत करने और उसके संगठनात्मक नेटवर्क का विस्तार करने के साथ-साथ आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा करना रहा।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को पार्टी पदाधिकारियों के साथ संगठन से जुड़े ⏭शेष पेज 7 पर

भाजपा ने कसी कमर

यह अगले साल राज्यों में होने वाले चुनावों के लिए पार्टी की तैयारियों और रणनीति पर मुख्य ध्यान देने के साथ संगठनात्मक मामलों की एक श्रृंखला पर चर्चा करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक है। 2027 में उत्तर प्रदेश, गुजरात, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और हिमाचल में विधानसभा चुनाव होने हैं।

मोदी ने प्रत्येक पदाधिकारी की बात सुनी

एक दिन पहले शनिवार को दिन भर चली बैठक के बाद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा मुख्यालय का दौरा किया। पार्टी के सभी 67 नवनियुक्त राष्ट्रीय पदाधिकारियों से बातचीत की। प्रधानमंत्री की यह बैठक पांच घंटे से अधिक समय तक चली। सूत्रों ने बताया कि मोदी ने सभी पदाधिकारियों की बात सुनी और 'महत्वपूर्ण सुझाव' दिए। नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ बातचीत के दौरान, प्रधानमंत्री ने सभी की बातें बहुत ध्यान से सुनीं और साथ ही अपने सुझावों के जरिए उन्हें मार्गदर्शन भी दिया।



जन्मदिन पर भूपेश ने भिलाई से लेकर रायपुर, पाटन तक दिखाई शक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेलके जन्मदिन के मौके पर समर्थकों की खासी भीड़ उमड़ी। रायपुर, भिलाई से लेकर पाटन तक श्री बघेल ने एक तरह से अपनी सियासी ताकत दिखाई। उनके कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में समर्थक, नजर आए। उन्होंने कई कार्यक्रमों में शिरकत की। विधायक, पूर्व मंत्री और संगठन के पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में मौजूदगी दर्ज कराई।

भिलाई निवास में परिजनों के साथ जन्मदिन मनाने के बाद श्री बघेल समर्थकों के बीच निकले। वहां से निकली बाइक रैली का रास्तेभर स्वागत हुआ। उनके विधानसभा क्षेत्र पाटन में बड़ी सभा आयोजित की गई। वहां उन्हें लड्डुओं से तौला गया। इसके बाद रायपुर स्थित उनके निवास पर भी कांग्रेस नेताओं और समर्थकों की भीड़ जुटी। पाटन में आयोजित सभा में विधायक, पूर्व विधायक और हिमाचल सरकार के मंत्री मंच पर मौजूद रहे। अलग-अलग समाजों के प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। सभा में उनके नाम और लोकप्रिय संबोधन 'दाऊ जी'के नाम से बड़ा केक तैयार किया गया, जिसे बघेल ने काटा। ⏭शेष पेज 7 पर

पाटन में मुख्य कार्यक्रम, हजारों लोग पहुंचे

जन्मदिन के अवसर पर भिलाई निवास से लेकर पाटन, दुर्ग और रायपुर स्थित पूर्व मुख्यमंत्री निवास तक बड़ी संख्या में समर्थकों और कार्यकर्ताओं की भीड़ देखने को मिली। कई स्थानों पर फूलमालाओं और आतिशबाजी के साथ बघेल का स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें करी लड्डू, फूल, फल और धान से तौलकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। पाटन के अखरा दाई मंदिर में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां क्षेत्र के हजारों लोग श्री बघेल को बधाई देने पहुंचे। प्रदेशभर से कांग्रेस के विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

भव्य कावड़ यात्रा में शामिल हुए साय

10 हजार कांवड़िए

13 किमी की दूरी

6 घंटे तक चली यात्रा



रायपुर। पवित्र श्रावण मास में राजधानी रायपुर भगवान भोलेनाथ की भक्ति में सराबोर नजर आई। पूर्व मंत्री व रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत के नेतृत्व में रविवार को 13 किमी लंबी कांवड़ यात्रा निकाली गई। इसमें करीब 10 हजार शिवभक्त शामिल हुए। मारुति मंगलम, गुढ़ियारी से शुरू हुई यात्रा करीब छह घंटे में महादेव घाट पहुंची। हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से मार्ग गूंजता रहा। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भी कांवड़ उठाई। महादेव घाट पहुंचकर श्रद्धालुओं ने बाबा हाटकेश्वरनाथ का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की।

झारखंड में छात्र आंदोलन पर बड़ी कार्रवाई, तीन एफआईआर दर्ज

छात्र और पुलिस में झड़प, 28 नामजद, 900 अज्ञात पर केस

एजेंसी ⏭ रांची

झारखंड के गिरिडीह और हजारीबाग में पुलिस और प्रदर्शन कर रहे नौकरी के इच्छुक अभ्यर्थियों के बीच झड़प के सिलसिले में 28 नामजद और 900 से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ तीन प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं। यह कार्रवाई रांची के कोतवाली थाने में एक दिन पहले 14 नामजद और 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने और पुलिस के साथ झड़प करने के आरोप में तीन प्राथमिकियां दर्ज किए जाने के बाद हुई है। अधिकारियों ने बताया कि गिरिडीह में शुक्रवार और शनिवार को हुई झड़पों के संबंध में टाउन थाने में दो प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं।

गिरिडीह में दो एफआईआर

गिरिडीह में पहली प्राथमिकी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता अनीश राय के आवेदन पर दर्ज की गई, जबकि दूसरी प्राथमिकी सदर अंचल निरीक्षक मनोज कुमार सिंह के आवेदन पर दर्ज हुई। पहली प्राथमिकी झारखंड मुक्ति मोर्चा (के नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ दर्ज की गई है। इसमें पार्टी के जिला अध्यक्ष संजय सिंह समेत 11 लोगों को नामजद किया गया है, जबकि 20 लोगों को अज्ञात आरोपी बनाया गया है। दूसरी प्राथमिकी में करीब 10 लोगों को नामजद और 200 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है।



हजारीबाग में 18 नामजद 700 अज्ञात पर केस

हजारीबाग सदर डीएसपी रूपक कुमार सिंह ने पीटीआई को बताया कि 21 अगस्त को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला जलाने की कोशिश और पुलिसकर्मियों के साथ कथित मारपीट के मामले में कोरा थाना में 18 नामजद और 700 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

इधर, कॉकरोच पार्टी की बैठक आज

कॉकरोच जनता पार्टी ने सोमवार को अपनी राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक बुलाई है, जिसमें 25 जुलाई को देशव्यापी आंदोलन वापस लेने के बाद केंद्र सरकार द्वारा किए गए वादों की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। कॉजपा का कहना है कि सरकार ने अभी तक उन आश्वासनों को पूरा करने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में औपचारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी है। वादों को पूरा कराने के लिए हर संभव कदम उठाया जाएगा, जिसमें देश भर में फिर से शांतिपूर्ण आंदोलन शुरू करने का विकल्प भी शामिल है।

सेना की बढ़ेगी ताकत, स्वदेशी एके-203 असॉल्ट राइफल 'शेर' का सफल परीक्षण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सैन्य हथियारों को लेकर भारत लगातार आत्मनिर्भर बनने की कोशिश में जुटा है। इस बीच देश में ही रक्षा उपकरण बनाने की दिशा में एक बड़ी कामयाबी मिली है। 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत दिल्ली और मॉस्को के बीच बनी जॉइंट वेंचर कंपनी, इंडो-रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड ने अमेठी में अपनी कोरवा ऑर्डनेंस फैक्ट्री में पहली 100% स्वदेशी एके-203 राइफल का सफल परीक्षण किया। इस असाल्ट राइफल का नाम शेर रखा गया है।

अमेठी फैक्ट्री में सफल परीक्षण

मेजर जनरल एस.के. शर्मा ने बताया कि 'शेर' राइफल सफलतापूर्वक स्वदेश में ही बनाई गई और फायरिंग करके परीक्षण भी किया गया। इस उपलब्धि को जो बात सच में खास बनाती है, वह यह है कि इस राइफल में इस्तेमाल होने वाला हर एक पुर्जा और मटीरियल भारतीय इंडस्ट्री से लिया गया है। यह 'आत्मनिर्भर भारत' का असल उदाहरण है।

100 फीसदी भारतीय पुर्जों और मटीरियल से बनी है पहली एके 203 राइफल

भारत के लिए बड़ी उपलब्धि है शेर

भारत की पहली 100% स्वदेशी एके-203 असॉल्ट राइफल का नाम 'शेर' रखा गया है। इसे न केवल सफलतापूर्वक स्वदेश में बनाया गया, बल्कि परीक्षण में फायरिंग भी की गई। आईआरआरपीएल के सीईओ और एमडी मेजर जनरल एस.के. शर्मा ने हाल ही में एक पोस्ट के जरिए स्वदेशी राइफल को लेकर कहा कि सभी के लिए यह बहुत गर्व का पल है। हमने 100 फीसदी भारतीय पुर्जों और मटीरियल से बनी पहली एके 203 राइफल तैयार किया है।



असॉल्ट राइफल 'शेर' की बड़ी बातें

- एके-203 राइफल एक आधुनिक, गैस-ऑपरेटेड, 7.62x39एमएम असॉल्ट राइफल है। इसमें आधुनिक उपकरणों से लैस, सटीक निशाना लगाने की क्षमता
- यह प्रति मिनट 700 राउंड फायर कर सकती है और इसकी असरदार रेंज 800 मीटर तक है
- एके -203 पुरानी इंसास राइफल से कहीं बेहतर है। ज्यादा घातक, इस्तेमाल करना आसान, नो मेंटनेंस
- भारतीय सेना देश में बनी 6 लाख से ज्यादा एके-203 असॉल्ट राइफलों को शामिल कर रही है

सितंबर में सेना को ट्रायल के लिए सौंपने की तैयारी

मेजर जनरल शर्मा ने बताया कि पहली 100% स्वदेशी राइफल की फायरिंग (जिसमें बर्स्ट फायरिंग भी शामिल है) सफलतापूर्वक की गई और शुरुआती नतीजे बहुत उत्साहजनक रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब हम सितंबर 2026 में ट्रायल के लिए सेना को सौंपने के लिए जरूरी संख्या में 100 फीसदी स्वदेशी प्रोटोटाइप बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

इधर 100 सेकंड में बनेगी एक राइफल

प्रोडक्शन की रफ्तार के बारे में आईआरआरपीएल के सीईओ ने कहा कि बहुत जल्द, आईआरआरपीएल हर 100 सेकंड में एक एके-203 (शेर) राइफल बनाने की रफ्तार तक पहुंच जाएगी। अपनी पोस्ट में उन्होंने यह भी बताया कि क्षमता बढ़ाने, स्वदेशीकरण और प्रोडक्शन को बेहतर बनाने की आईआरआरपीएल की कोशिशों के कारण, वे भारतीय सेना को लगभग 6 लाख राइफलें सौंपने की समय-सीमा को लगभग एक साल पहले पूरा करने की स्थिति में हैं।

खबर संक्षेप

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन आज आंध्र प्रदेश के दौरे पर



अमरावती। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन सोमवार को आंध्र प्रदेश के एलुरु जिले के मुसुनुरु का दौरा करेंगे। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, राधाकृष्णन अपनी यात्रा के दौरान मुसुनुरु स्थित 'गोर्मे पॉपकॉर्निका फैक्टरी' में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे, जहां वह भारत के पहले गैर-जीएमओ उच्च-विस्तार पॉपकॉर्न मक्का संकर बीज की शुरुआत करेंगे। विज्ञप्ति के अनुसार, उपराष्ट्रपति किसानों को सम्मानित करेंगे और कृषि हितधारकों तथा अन्य प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे।

दुकान में आग लगने से बच्चे समेत तीन की मौत



पटना। बिहार के पटना जिले में एक हार्डवेयर की दुकान में आग लगने से दो महिलाओं और एक बच्चे समेत कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह घटना शनिवार रात बख्तियारपुर में ओल्ड बाईपास के पास हुई। बताया गया कि हार्डवेयर सामान, इंजन का तेल और प्लास्टिक के उत्पाद बेचने वाली एक दुकान में आग से झुलसीं दो महिलाओं और एक छोटे बच्चे को पास के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

जापान में भूकंप, टोक्यो में 30 से अधिक घायल



टोक्यो। जापान के पूर्वी सहित तोक्यो क्षेत्र में रविवार तड़के मध्यम तीव्रता का भूकंप आया, जिसमें कम से कम 37 लोग घायल हो गए। इनमें तोक्यो में 15, सैतामा में नौ, कानागावा में आठ, चिबा में चार और इबाराकी में एक व्यक्ति घायल हुआ। अधिकारियों ने बताया कि अधिकतर लोगों को मामूली चोटें आईं। भूकंप के बाद सुनामी का कोई खतरा नहीं है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, भूकंप की प्रारंभिक तीव्रता 5.9 थी और इसका केंद्र दक्षिणी इबाराकी प्रांत में 70 किलोमीटर की गहराई में था। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण ने इसकी तीव्रता 5.8 बताई है।

पीएम मोदी बोले- चंद्रयान-3 से ग्लोबल स्पेस लीडरशिप तक भारत का दबदबा

जिस देश ने साइकिल पर ढोए रॉकेट के पुर्जे, आज बना निवेशकों का नया ठिकाना

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत का बढ़ता वैश्विक प्रभाव, खासकर निजी अंतरिक्ष क्षेत्र की तेजी से बढ़ती भूमिका ने देश को दुनिया भर के निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना दिया है। उन्होंने कहा कि कभी रॉकेट के पुर्जे साइकिल से ढोने वाला भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर लगातार अपनी मौजूदगी मजबूत कर रहा है और यह देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम की बढ़ती ताकत में साफ दिखाई देता है। प्रधानमंत्री ने नई तकनीक विकसित कर रही जेनरेशन जेड की भी जमकर सराहना की।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री ने इससे पूर्व अंतरिक्ष क्षेत्र में काम करने वाली 20 स्टार्टअप के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) और संस्थापकों के साथ बातचीत की। इस दौरान उन्होंने अंतरिक्ष क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों के समक्ष भारत की लागत-प्रतिस्पर्धात्मकता को भी रेखांकित किया। वहीं, राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 2026 के मौके पर इसरो अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन ने भारत को अंतरिक्ष क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए नवाचार, सहयोग और महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय करने पर जोर दिया। अहमदाबाद में तीसरे राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह के दौरान उन्होंने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की साधारण शुरुआत से लेकर आज की उपलब्धियों तक के सफर को भी याद किया।



निजी अंतरिक्ष क्षेत्र ने बनाई वैश्विक पहचान

प्रधानमंत्री मोदी ने देश के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र की उपलब्धियों की भी सराहना की। उन्होंने कहा,'भारत की निजी अंतरिक्ष प्रतिभा दुनिया में अपनी अलग पहचान बना रही है। आज भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र वैश्विक निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है।' उन्होंने कहा कि निजी कंपनियों और स्टार्टअप्स की बढ़ती भागीदारी से भारत के अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र को नई गति मिली है।

विकसित भारत के लक्ष्य में अंतरिक्ष क्षेत्र की अहम भूमिका

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषणों का एक वीडियो साझा करते हुए कहा, भारत ने 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लिया है और इस लक्ष्य को हासिल करने में अंतरिक्ष क्षेत्र की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री के मुताबिक, अंतरिक्ष विज्ञान और तकनीक में भारत की बढ़ती क्षमता देश की व्यापक विकास यात्रा का अहम हिस्सा बन रही है।

रॉकेट से सैटेलाइट तक नई तकनीक बना रही जेन जेड

प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं की क्षमता की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज जेन जेड के इंजीनियर, डिजाइनर, कोडर और वैज्ञानिक नई-नई तकनीक विकसित कर रहे हैं। प्रोपल्शन सिस्टम, कंपोजिट मटेरियल, रॉकेट स्टेज और सैटेलाइट प्लेटफॉर्म जैसे क्षेत्रों में भारत के युवा काम कर रहे हैं, जिनकी कुछ समय पहले तक कल्पना भी नहीं की जाती थी। उन्होंने कहा कि युवाओं की यह तकनीकी क्षमता भारत को अंतरिक्ष क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

आज हम 9 क्षेत्रों में दुनिया में नंबर वन : डॉ. वी नारायणन



अहमदाबाद में तीसरे राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह के दौरान इसरो अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने कहा, 'जब हमने देश का अंतरिक्ष कार्यक्रम शुरू किया था, तब रॉकेट के पुर्जों को पुराने साइकिलों पर ले जाया जाता था। हमारे पास कोई दूसरा वाहन नहीं था। उस बेहद साधारण शुरुआत से आगे बढ़ते हुए आज हम नौ क्षेत्रों में दुनिया में नंबर एक स्थान पर पहुंच चुके हैं।' उन्होंने इसे पूरे भारतीय अंतरिक्ष समुदाय, अकादमिक जगत और औद्योगिक साझेदारों की उपलब्धि बताया।

23 अगस्त को मनाया जाता है राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

भारत में हर साल 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जाता है। यह दिन 2023 में चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट हुई ऐतिहासिक सॉफ्ट लैंडिंग की याद में मनाया जाता है। इस उपलब्धि के साथ भारत चंद्रमा के इस क्षेत्र में पहुंचने वाला दुनिया का पहला देश बना था।

पनाह-रेकी और सामान पहुंचाने का करते थे काम

आतंकियों के मददगारों के 10 ठिकानों पर रेड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एनआईए ने जम्मू-कश्मीर में सीमा पार आतंकी साजिश से जुड़े मामले में शनिवार को 10 ठिकानों पर छापेमारी की। श्रीनगर, कुपवाड़ा, अनंतनाग, पुलवामा और बडगाम में हुई कार्रवाई में स्थानीय मददगारों के नेटवर्क की जांच की जा रही है।

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने जम्मू-कश्मीर में सीमा पार आतंकी साजिश के मामले में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात दस जगहों पर छापेमारी की है इस दौरान कई को हिरासत में लिया गया है। इसके साथ ही उक्त साजिश से जुड़े दस्तावेज, डिजिटल और भौतिक सबूत भी जब्त किए। जांच एजेंसी को सबूत मिले थे कि श्रीनगर, कुपवाड़ा, अनंतनाग, पुलवामा और बडगाम में बैठे अंडर ग्राउंड वर्कर पाकिस्तानी हैंडलर के इशारे पर स्थानीय 'ओजीडब्लू', सीमा पार से घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों को जरूरी सामान और अन्य तरह की मदद पहुंचाने का काम करते हैं। एनआईए स्थानीय स्तर पर आतंकियों को मदद पहुंचाने



वाले नेटवर्क से जुड़े लोगों की भूमिका का भी पता लगाना है। एनआईए की छापेमारी उस बड़ी साजिश और सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले कथित तंत्र की चल रही जांच का हिस्सा है। एनआईए ने जांच से जुड़े और सबूत जुटाए हैं। अब उन सबूतों की जांच की जा रही है। उक्त मामले में इकट्ठा की गई दूसरी चीजों से उनका मिलान किया जा रहा है। जांच के नतीजों के आधार पर आगे भी कई लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

आतंकियों को मुहैया कराते हैं सभी सुविधाएं

अब तक हुई जांच से पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स और स्थानीय सहयोगियों के बीच कथित संबंधों का पता चला है। इन सहयोगियों का इस्तेमाल कथित तौर पर बातचीत, लॉजिस्टिक्स का इंतजाम, आतंकवादियों की आवाजाही और उन्हें छिपाने, पनाह देने, रेकी करने और दूसरी तरह की मदद के लिए किया जा रहा था। जांच में पैसों के लेन-देन, बातचीत के तरीकों, आरोपियों की आवाजाही और हथियारों व विस्फोटकों के स्रोत की भी जांच की जा रही है।

भाजपा बोली- गूंज कार्यक्रम राहुल का सियासी कॉमेडी शो, कांग्रेस का पलटवार

एजेंसी ▶▶| पुणे

भाजपा महाराष्ट्र के उपाध्यक्ष केशव उपाध्ये ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पुणे में छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम को ''राजनीतिक कॉमेडी शो'' करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने छात्रों से जुड़े मुद्दों पर बात करने के बजाय राजनीतिक बयान दिए। इसके जवाब में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सचिन सावंत ने कहा कि शनिवार को पुणे में राहुल गांधी के कार्यक्रम को मिली प्रतिक्रिया से भाजपा घबरा गई है। उन्होंने दावा किया कि युवाओं के बीच राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता ने सत्तारूढ़ दल की नींद उड़ा दी है। वहीं, उपाध्ये ने कांग्रेस सांसद के बयानों और पार्टी के पिछले रुख में विरोधाभास होने का दावा किया। भाजपा नेता उपाध्ये ने एक बयान में यह भी दावा किया कि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए छात्रों को कॉलेज की बसों से लाया गया था। उन्होंने कांग्रेस पर छात्रों के नाम पर कार्यक्रम को राजनीतिक सभा में बदलने का आरोप लगाया।



राहुल को सता रहा इस बात का डर : *भाजपा नेता उपाध्ये ने आरोप लगाया, ''सत्ता खोने की निराशा, चुनावी हार का गुस्सा और मोदी का डर, इन सबने मिलकर राहुल गांधी के इस तथाकथित कॉमेडी शो को जन्म दिया है।'' उन्होंने कहा कि जब लोग ''हंस रहे'' थे, तब भी कांग्रेस अपनी चुनावी हार के कारण तलाशने में लगी हुई थी।*

कांग्रेस के कार्यक्रम से डर गई भाजपा : सावंत

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सावंत ने पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी के कार्यक्रम को मिली मजबूत प्रतिक्रिया से भाजपा असहज है और युवाओं के बीच राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता ने उसकी नींद उड़ा दी है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के रविवार को नागपुर में जेन जी के साथ प्रस्तावित संवाद को लेकर सावंत ने आरोप लगाया कि सरकार ने उनकी ''उम्मीदों, आकांक्षाओं, सपनों और भविष्य को कुचल दिया है।'' उन्होंने सवाल किया कि क्या इस कार्यक्रम में पितृसत्तात्मक मूल्यों पर उपदेश दिया जाएगा।

कांवड़ यात्रा...



अजमेर। श्रावण मास पर अजमेर में निकाली गई कांवड़ यात्रा। इस दौरान श्रद्धालुओं ने विभिन्न देवी-देवताओं का रूप धारण कर शोभायात्रा का आकर्षण बढ़ाया। बड़ी संख्या में महिलाएं भी कांवड़ लिए नजर आईं।

युवक का शव 34 दिन बाद भारत लाया गया

देवरिया। यूक्रेन के ओडेसा तट के निकट मालवाहक जहाज पर रूसी मिसाइल हमले में जान गंवाने वाले कर्मचारियों देवरिया के अभिषेक निषाद और कर्नाटक के अखिल जोयन के शव 34 दिन बाद रविवार को भारत लाए गए। मालवाहक जहाज कंपनी की प्रतिनिधि प्रज्ञा त्रिपाठी ने रविवार को बताया कि निषाद का शव दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लाया गया, जिसके बाद उनके रिश्तेदार सुबह करीब आठ बजे शव लेकर पैतृक गांव करमेल के लिए रवाना हो गए। रूसी मिसाइल हमले में चालक दल के चार भारतीय सदस्यों के मारे जाने की पुष्टि हुई थी, जिनमें अभिषेक निषाद के अलावा कर्नाटक के हासन जिले के 26 वर्षीय अखिल जोयन, पंजाब के रहने वाले गुरप्रीत सिंह भट्ट और राजस्थान के जगन सिंह शामिल हैं।

सिपाही को नौकरी से हटाने के मामले में अहम टिप्पणी

सिर्फ क्रिमिनल केस पेंडिंग होने के कारण नौकरी से नहीं हटा सकते सरकारी कर्मचारी को : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी सरकारी कर्मचारी को महज इसलिए नौकरी से नहीं निकाला जा सकता है कि उसके विरुद्ध कोई क्रिमिनल केस चल रहा है, खासकर तब जब उस कर्मचारी को अपना पक्ष रखने का अवसर न दिया गया हो। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस शील नागू की पीठ ने एक सिपाही को नौकरी से हटाने को गैरकानूनी माना, क्योंकि उसे हटाते वक्त वह दोषी नहीं ठहराया गया था और यह ऑर्डर पूरी तरह से क्रिमिनल केस पेंडिंग होने के आधार पर दिया गया था।



जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस शील नागू की पीठ ने एक सिपाही को नौकरी से हटाने को गैरकानूनी माना

सुप्रीम कोर्ट ने 5 लाख मुआवाजा देने का दिया आदेश

हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने दो दशक से अधिक समय बीत जाने के बाद नौकरी पर वापस रखने का ऑर्डर देने से इनकार कर दिया और संविधान के अनुच्छेद 142 के अंतर्गत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए पंजाब सरकार को निर्देश दिया कि वह अपीलकर्ता को मुआवजे के रूप में 5 लाख रुपये का भुगतान करे।

नौकरी से हटाने का ऐसा कोई कानून नहीं : सुप्रीम कोर्ट

लाइल लॉ डॉट इन में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट ने कहा, "अपीलकर्ता को जॉब से इसलिए नहीं हटाया गया कि उसको किसी आपराधिक आरोप में दोषी ठहराया जा चुका था, बल्कि महज इसलिए हटाया गया क्योंकि उसके विरुद्ध क्रिमिनल केस पेंडिंग था। उसे अपना पक्ष रखने का अवसर भी नहीं दिया गया। हमें ऐसा कोई कानून नहीं दिखा है जो किसी सरकारी नियोक्ता को पुलिस विभाग में एक दशक से अधिक वक्त से काम कर रहे कर्मचारी को केवल क्रिमिनल केस पेंडिंग होने के आधार पर नौकरी से निकालने या हटाने का अधिकार देता हो। ऐसी में नौकरी से हटाने के इस निर्णय को सही नहीं ठहराया जा सकता।"

2002 में नहीं जॉइन करने दी गई थी ड्यूटी

गौरतलब है कि अपीलकर्ता को शुरू में 1991 में पंजाब पुलिस में स्पेशल पुलिस ऑफिसर के रूप में नियुक्त किया गया था। फिर बाद में उसको पटियाला की फर्स्ट इंडियन रिजर्व बटालियन में सिपाही के पद पर नियुक्ति के लिए चुना गया था। लेकिन अगस्त, 2002 में उन्हें ड्यूटी जॉइन करने नहीं दी गई थी। इससे पहले हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में जज बनने की तैयारी करने वालों को बड़ी राहत दी थी।

बृजभूषण व कंगना के बयान पर भड़के

बाबा रामदेव बोले- मैं ओछे लोगों पर टिप्पणी नहीं करता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हरिद्वार में 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' सम्मेलन के बाद बाबा रामदेव ने बृजभूषण शरण सिंह और भाजपा सांसद कंगना रनौत के बयानों पर निशाना साधा। दोनों के बयान पर सवाल पूछे जाने पर रामदेव ने कहा, रामदेव क्या है, यह पूरा देश जानता है। मैं ओछे लोगों पर टिप्पणी नहीं करना चाहता। बाबा रामदेव हरिद्वार के श्री जी वाटिका में आयोजित 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' सम्मेलन में पहुंचे थे. इस कार्यक्रम के बाद पत्रकारों ने पूर्व बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह और बीजेपी सांसद कंगना रनौत के बयान को लेकर स्वामी रामदेव से सवाल पूछा था।



क्या कहा था- ब्रजभूषण व कंगना ने : दरअसल, बाबा रामदेव ने कुछ दिनों पहले सरकारी नौकरी के इंटरव्यू में गड़बड़ियों को लेकर सवाल उठाया था और कहा था कि अगर हालात नहीं सुधरे तो ऐसा न हो कि उन्हें आंदोलन करना पड़ जाए। इस पर बृज भूषण शरण सिंह ने सवाल किया था कि क्या उनमें आंदोलन करने की क्षमता है। वहीं, कंगना रनौत के 'जेन जेड' को 'गटर जेनरेशन' कहने वाले बयान पर बाबा रामदेव द्वारा निजी जिंदगी को लेकर की गई टिप्पणी पर कहा था कि रामदेव उनकी निजी जिंदगी के बारे में बात करना बंद करें।

खबर संक्षेप

बिजली कनेक्शन काटने पहुंची टीम के साथ दुर्व्यवहार, दी धमकी

महासमुंद। खंभे में हुक कर बिजली चोरी करने की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची टीम के साथ आरोपी द्वारा दुर्व्यवहार करते हुए मारने की धमकी देने की रिपोर्ट पर बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बसना के जूनियर इंजीनियर धीरज कुमार देवांगन ने दिए गए आवेदन में बताया कि उनकी टीम 20 अगस्त को ऑनलाइन डिस्कनेक्शन की जांच करने बसना शहर वितरण केंद्र के अंतर्गत उपभोक्ता पीतराम डड़सेना, बंसुलाडीपा के परिसर पहुंची थी। उनकी टीम में बसना शहर में पदस्थ येशु दास (लाईन सहायक श्रेणी-दो), ठेका कर्मचारी मिलन सिदार, मनोज बारिक एवं वाहन चालक अमित चौहान शामिल थे। उक्त परिसर का निरीक्षण करने पर पाया गया कि मीटर का बॉडी सील एवं टर्मिनल सील कटा पाया, साथ ही मीटर के इनकमिंग केबल वायर से डायरेक्ट हुक कर अनाधिकृत रूप से बिजली का उपभोग करते पाया गया। जब इसकी जानकारी के लिए उपभोक्ता पीतराम डड़सेना को बुलाया गया एवं पोल से लाइन काटने की कार्रवाई की गई।

एनडीपीएस के मामले में 20-20 साल का कारावास

राजिम। न्यायालय ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को 20-20 वर्ष के कठोर कारावास तथा 2-2 लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न पटाने पर 1-1 वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा।
न्यायालयीन सूत्रों के अनुसार थाना राजिम में दर्ज अपराध क्रमांक 399/2024 धारा 20(ख) एक्ट के तहत पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ (गांजा) का परिवहन करते हुए दो अंतर्राज्यीय तस्कर देवराज पटेल पिता जोगेश्वर पटेल उम्र 44 वर्ष, शेखर पटेल पिता परमा पटेल उम्र 22 वर्ष दोनों निवासी हरिशंकर रोड, थाना लतोर, जिला बलांगीर, ओडिशा को पुलिस ने गिरफ्तार किया। राजिम पुलिस द्वारा समय पर न्यायालय में चालान पेश किया गया और सभी गवाहों एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों को मजबूती से कोर्ट के सामने रखा गया।

विडंबना : दस्तावेज वापस करने के बाद ही समाप्त हुआ चक्काजाम

मरकाटोला में आरटीओ की कथित वसूली का विरोध, एनएच 30 पर चार घंटे का जाम

बारिश में भी मांगों पर अड़े रहे वाहन चालक

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर मरकटोला घाट क्षेत्र घंटों तक विरोध का केंद्र बना रहा। आरटीओ कर्मचारियों पर कथित अवैध वसूली और अभद्र व्यवहार का आरोप लगाते हुए ट्रक, बस और कार चालकों ने चक्काजाम कर दिया। बारिश के बावजूद चालक अपनी मांगों पर अड़े रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर/चारामा

करीब चार घंटे तक चले इस विरोध के कारण मरकटोला घाट से जगतरा टोल नाका होते हुए चारामा तक यातायात प्रभावित रहा। बाद में आरटीओ कर्मचारियों द्वारा दस्तावेज लौटाए जाने और भविष्य में अभद्र व्यवहार नहीं होने के आश्वासन के बाद जाम समाप्त हुआ। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह करीब साढ़े 8 बजे दो आयशर वाहन चालक अपने जरूरी दस्तावेज लेकर मरकटोला घाट क्षेत्र से गुजर रहे थे। चालकों का आरोप है कि उनके सभी दस्तावेज सही होने के बावजूद आरटीओ कर्मचारियों ने जांच के नाम पर पैसे की मांग की।

चालकों ने कथित तौर पर गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किए जाने का भी आरोप लगाया। विवाद बढ़ने के बाद आरटीओ कर्मचारी दोनों वाहनों के दस्तावेज अपने साथ ले गए।

पुलिस पहुंची लेकिन नहीं माने चालक

घटना की सूचना मिलने के बाद घटनास्थल बालोद जिला होने के कारण बालोद जिले की पुलिस मौके पर पहुंची और चालकों को समझाने का प्रयास किया। चालकों के अनुसार पुलिस करीब साढ़े 10 बजे 10:30 से 11 बजे के बीच मौके पर पहुंची। हालांकि, शुरुआती समझाइश के बावजूद चालक अपनी मांगों पर अड़े रहे। चक्काजाम के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

दस्तावेज लौटाए, भविष्य में अभद्रता नहीं होने का मिला आश्वासन



आरटीओ और पुलिस पर जांच के नाम पर पैसे लेने का आरोप



दस्तावेज सही होने के बावजूद पैसे मांगने का आरोप, अभद्र व्यवहार से चालकों ने सड़क पर खड़े किए वाहन

दस्तावेज लौटाए जाने के बाद खत्म हुआ प्रदर्शन

पुलिस अधिकारियों की समझाइश और आरटीओ कर्मचारियों द्वारा चालकों के दस्तावेज वापस किए जाने के बाद करीब दोपहर 12 बजे प्रदर्शन समाप्त हुआ। चालकों को आश्वासन दिया गया कि भविष्य में उनके साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया जाएगा और ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी। इसके बाद वाहन चालकों ने सड़क से अपने वाहन हटाना शुरू किया।

जाम खुलने के बाद भी एक घंटे तक मशक्कत

कांकेर से यातायात विभाग की टीम और चारामा पुलिस ने चक्काजाम समाप्त होने के बाद भी हाईवे पर यातायात सामान्य करवाने का प्रयास किया। दोनों ओर वाहन बेतरतीब ढंग से खड़े होने के कारण पुलिस को यातायात व्यवस्थित कराने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। करीब एक घंटे की मेहनत के बाद वाहनों को क्रमबद्ध तरीके से रवाना कराया गया और राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर आवागमन सामान्य हो सका।

कानूनी लड़ाई बनी दंश, आदिवासी परिवार को दबंगों ने किया बहिष्कृत

मोहला। अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के ग्राम भरीटोला निवासी आदिवासी गोंड समाज के एक गरीब परिवार को कानूनी लड़ाई अब मुसीबत बन गया है। गांव के कुछ लोग उसे बेघर करना चाहते हैं, जब उसने अपने घर को बचाने उच्चतम न्यायालय हाईकोर्ट तथा जिलाधीश से गुहार लगाई तो चिड में दबंगों ने गांव से बहिष्कृत कर हुक्का-पानी बंद करने का निर्णय आदिवासी परिवार पर थोप दिया है। एक तरफ मजदूर परिवार को वर्षों से निवासरत अपने घर को बचाने न्यायालय, कलेक्टोरेट और अब दबंगों से प्रताड़ना की लड़ाई लड़ने पुलिस थाना पहुंचने का मामला सामने आया है।



अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के ग्राम भरीटोला निवासी शिवदर्शन नेताम पिता गांधीराम नेताम 50 वर्ष जाति गोड़ सरकारी घास भूमि पर विगत 50 वर्षों से कच्चा मकान बनाकर परिवार सहित निवासरत हैं। गांव के कुछ ग्रामीण उसे घर से बेघर करना चाहते हैं। प्रार्थी ने अपने मकान को बचाने के लिए शासन के नियमों के अनुसार हाईकोर्ट तथा जिला कलेक्टर में आवेदन प्रस्तुत किया है कि विस्थापन के नियमों के अनुसार उसे उक्त मकान का पट्टा प्रदान किया जाए। जिसका संपूर्ण नियमों का उसके द्वारा पालन किया जाएगा। शिवदर्शन गोड द्वारा अजाक थाना में दिए गए शिकायत के अनुसार उसके गांव के कुछ दबंगों को जैसे ही हाईकोर्ट तथा कलेक्टोरेट में अपने मकान के लिए उसके द्वारा आवेदन देने की बात का पता चला, कुछ ग्रामीणों द्वारा आहूत की गई बैठक में गाली-गलौज करते खाप पंचायत का निर्णय सुनाते उसके और उसके परिवार का हुक्का-पानी बंद कर गांव से बहिष्कृत कर दिया गया है।

मिली है शिकायत

शिकायत मिली है। हर पहलू की जांच की जा रही है। जांच उपरांत कठोर कार्रवाई तय की जाएगी।
- **ईश्वर ध्रुव,** अजाक, थाना प्रभारी

देवकोंगेरा के पहाड़ पर बैठा दिखा तेंदुआ पर भीड़ देखकर छिप गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

गांव के आसपास जंगल और पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण वन्यजीवों की मौजूदगी कोई नई बात नहीं है, लेकिन रविवार को कांकेर विकासखंड के ग्राम देवकोंगेरा के पहाड़ पर तेंदुआ दिखाई देने की खबर से पूरे गांव में हलचल मच गई। पहाड़ पर तेंदुआ नजर आने की जानकारी मिलते ही उसे देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जुटने लगी। लोगों की आवाजाही और शोर बढ़ने पर तेंदुआ पहाड़ के अंदर चला गया। इसके बाद भी दिनभर गांव में तेंदुए की मौजूदगी को लेकर चर्चा होती रही। कई लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में भी वायरल किया।

- रात में अकेले बाहर नहीं निकलने की बुजुर्गों ने दी सलाह

जानकारी के अनुसार देवकोंगेरा के पहाड़ पर सुबह 11 बजे के आसपास तेंदुआ पहाड़ पर बैठा हुआ नजर आया। इसकी जानकारी आसपास के लोगों को मिलते



ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। कुछ लोग दूर से तेंदुए को देखने का प्रयास करने लगे। ग्रामीणों की भीड़ बढ़ने और लगातार आवाज होने के कारण तेंदुआ वहां से हटकर पहाड़ के अंदर घने हिस्से की ओर चला गया। इसके बाद तेंदुआ दिखाई नहीं दिया। घटना के बाद देवकोंगेरा और आसपास के क्षेत्र में वन्यजीव को लेकर लोगों में उत्सुकता के साथ-साथ सतर्कता भी बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पहाड़ी और जंगल क्षेत्र होने के कारण तेंदुए समेत अन्य जंगली जानवरों का आसपास आना-जाना हो सकता है।

मंत्री के फॉलोगार्ड वाहन को स्कॉर्पियो ने मारी टक्कर, 5 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

रविवार की दोपहर जूनवानी के पास वन मंत्री केदार कश्यप के काफिले में शामिल फॉलोगार्ड वाहन का एक्सीडेंट हुआ है। इस हादसे में 5 जवान घायल हो गए जिनमें चालक शामिल हैं। भानपुरी थाना के निरीक्षक ने बताया कि मंत्री अपने गांव फरसागुड़ा से कोंडागांव जा रहे थे। इसी दौरान कोंडागांव से जगदलपुर की ओर जा रही एक स्कॉर्पियो ने जूनवानी के पास मंत्री के काफिले में शामिल फॉलोगार्ड वाहन को टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मंत्री के काफिले में शामिल तीन वाहन डैमेज हो गए। हादसे में मंत्री केदार कश्यप बाल-बाल बच गए। वन मंत्री अधिकारियों के साथ कोंडागांव जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों के उपचार की जानकारी ली। वहीं पुलिस आगे की जांच में जुट गई है। स्कॉर्पियो वाहन जिसने टक्कर मारी उसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

- घायलों को देखने कोंडागांव अस्पताल पहुंचे वन मंत्री





भतीजे ने कांग्रेस नेता को जान से मारने की दी थी सुपारी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

5 लाख की सुपारी देकर कांग्रेस नेता पर जानलेवा हमला कराने की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। 10 साल से चल रहे सिरगिट्टी के 3 एकड़ जमीन के विवाद में उन्हें जान से मारने की सुपारी उन्हीं के सगे भतीजे ने दी थी। पुलिस ने सुपारी देने वाले भतीजे को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक अन्य आरोपी की पुलिस सरगर्मी से तलाश में जुटी हुई है।

तारबाहर टीआई रविशंकर तिवारी ने बताया, जुलाई माह में ते ली पा रा निवासी कांग्रेस नेता श्याम क श्य प मार्निंगवाक में रेलवे स्टेशन की ओर गए थे। रेलवे हास्पिटल के पास बाइक सवार तीन लोगों ने रास्ता रोककर उनके साथ मारपीट कर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने गौरेला के एक नाबालिग सहित 3 लोगों को गिरफ्तार किया था। पकड़े गए आरोपियों का बैंक खाता खंगालने के बाद पुलिस को उन्हें मारने सुपारी देने वाले मुख्य आरोपियों का सुराग हाथ लगा। 23 अगस्त को पुलिस ने सुपारी देने वाले तेलीपारा अजीत होटल के पास रहने वाले नवीन पटेल पिता दिव्यानंद पटेल 38 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने श्री कश्यप

- गिरफ्तार एक अन्य आरोपी की हो रही तलाश



को मारने के लिए सुपारी देना स्वीकार कर लिया। एसआई रामनरेश यादव ने बताया, पकड़ा गया आरोपी नवीन पटेल पीड़ित श्री कश्यप को सगा भतीचा है। श्री कश्यप रिश्ते में उसके फूफा हैं। दोनों के बीच पिछले 10 साल से सिरगिट्टी स्थित 3 एकड़ जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। उक्त जमीन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

घटना के दिन मौके पर देखने गया था आरोपी

कांग्रेस नेता पर जान लेवा हमला होने के बाद आरोपी भतीजा नवीन पटेल मौके पर देखने गया था कि उसका फूफा जिंदा है या मृत्यु हो गई है। पूर्व में संदेह होने पर पुलिस ने नवीन पटेल को थाने में तलब कर पूछताछ की थी। किन्तु उसने हमला के संबंध में जानकारी नहीं होने की बात कही थी।

समाज के लोगों ने एसएसपी को सौंपा था ज्ञापन

घायल कांग्रेस नेता को इलाज के लिए रायपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लंबे समय बाद भी हमलावरों के नहीं पकड़े जाने पर काछी समाज के लोगों ने एसएसपी रजनेश सिंह को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों को पकड़ने की मांग की थी।

सुपारी लेने वाला सरगना फरार

आरोपी भतीजा नवीन पटेल की गौरेला निवासी दीपक तिवारी से दोस्ती थी। दीपक तिवारी का तेलीपारा आना जाना लगा रहता था। नवीन पटेल ने दीपक तिवारी को अपने फूफा से चल रहे जमीन विवाद के बारे में बताया और उन्हें जान से मरवाने के लिए 5 लाख रुपए की सुपारी दी थी। बहरहाल सुपारी लेने वाला दीपक तिवारी फरार है।

हरिभूमि HEALTH CARE छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुजनता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्नियां, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

चिंतन

अब अंतरिक्ष में खुलेंगे संभावनाओं के नए द्वार



मुद्दा
डॉ. घनश्याम बादल

भारत की अंतरिक्ष यात्रा अब केवल रॉकेट लॉन्च करने और उपग्रहों को कक्षा में स्थापित करने तक सीमित नहीं रह गई है। देश का निजी स्पेस सेक्टर ऐसी तकनीकों पर काम कर रहा है, जो आने वाले वर्षों में अंतरिक्ष की पूरी अर्थव्यवस्था का स्वरूप बदल सकती हैं। सैटेलाइट री-फ्यूलिंग, अंतरिक्ष का कचरा हटाने वाले रोबोट, माइक्रोग्रैविटी में दवाइयों का निर्माण और हर महीने रॉकेट लॉन्च करने की तैयारी इस बदलाव के स्पष्ट संकेत हैं। यह भारत के लिए वैज्ञानिक उपलब्धि के साथ-साथ आर्थिक और रोजगार के नए अवसरों का भी द्वार खोल रहा है। भारत अंतरिक्ष में आत्मनिर्भर बनने और पूरी स्पेश इकॉनोमी खड़ी करने की तैयारी में है। इससे आम आदमी से लेकर किसानों तक को फायदा होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 20 स्पेस स्टार्टअप के प्रमुखों की बातचीत से यह भरोसा और मजबूत हुआ है कि भारत निजी क्षेत्र को अंतरिक्ष की नई दौड़ में बड़ी भूमिका देने के लिए तैयार है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतीय कंपनियां अब केवल मौजूदा तकनीक को दोहराने के बजाय भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर समाधान विकसित कर रही हैं। अंतरिक्ष में सैटेलाइट को ईंधन देने की तकनीक इसका बड़ा उदाहरण है। अंतरिक्ष में बढ़ता मलबा पूरी दुनिया के लिए गंभीर चुनौती है। निष्क्रिय सैटेलाइट और अन्य अवशेष भविष्य के मिशनों के लिए खतरा बन सकते हैं। भारतीय स्टार्टअप का रोबोटिक स्पेसक्राफ्ट के जरिये मृत सैटेलाइट को पकड़कर कक्षा से हटाने का प्रयास इस समस्या के समाधान में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। यदि भारत इस तकनीक में सफल होता है तो वह केवल अपने लिए नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण स्पेस सर्विस उपलब्ध करा सकता है। सबसे आकर्षक संभावनाओं में अंतरिक्ष में दवाइयों का निर्माण है। माइक्रोग्रैविटी में कुछ प्रोटीन और जैविक पदार्थ धरती की तुलना में अलग ढंग से व्यवहार करते हैं। ऐसे में अंतरिक्ष आधारित फार्मा उत्पादन भविष्य में नई दवाओं और उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटीन के विकास में मदद कर सकता है। हर महीने एक रॉकेट लॉन्च करने का लक्ष्य पूरा होने पर भारत वैश्विक वाणिज्यिक लॉन्च बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा सकता है। कम लागत, कुशल इंजीनियर और तेजी से विकसित होता स्टार्टअप इकोसिस्टम भारत की प्रतिस्पर्धात्मक ताकत हैं। विदेशी कंपनियों से मिल रहे नए अनुबंध बताते हैं कि दुनिया भारतीय स्पेस टेक्नोलॉजी को गंभीरता से देख रही है। अंतरिक्ष तकनीक का लाभ धरती पर आम नागरिक और किसान तक पहुंचना भी जरूरी है। सैटेलाइट डेटा के माध्यम से मौसम, मिट्टी की नमी और फसल के स्वास्थ्य की सटीक जानकारी किसानों को मिल सकती है। आपदा प्रबंधन, मौसम पूर्वानुमान, संचार, परिवहन और स्वास्थ्य सेवाओं में भी स्पेस टेक्नोलॉजी का विस्तार जीवन को बेहतर बना सकता है। यदि लगभग 10 लाख किसानों तक इसका लाभ पहुंचता है तो अंतरिक्ष विज्ञान का सीधा सामाजिक-आर्थिक प्रभाव दिखाई देगा। कुल मिलाकर अंतरिक्ष की यह नई दौड़ भारत के लिए प्रतिष्ठा से कहीं अधिक आत्मनिर्भरता, रोजगार, नवाचार और आर्थिक विकास की दौड़ है। यदि सरकार और निजी क्षेत्र मिलकर इस अवसर को सही दिशा देते हैं तो अंतरिक्ष में खुल रहे ये नए द्वार भारत की धरती पर विकास की नई राह खोल सकते हैं और युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएंगे।

देश इस समय राजनीतिक उबाल के ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां मुद्दे कम और मुद्दों पर मचा शोर अधिक दिखाई दे रहा है। वंदे मातरम् को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने हैं और एक-दूसरे को राष्ट्रवादी तथा राष्ट्रविरोधी साबित करने की होड़ लगी है। दूसरी ओर, परीक्षाओं में कथित धांधली और अनियमितताओं के विरुद्ध युवाओं का आक्रोश जंतर-मंतर से लेकर झारखंड तक सड़कों पर दिखाई दिया। भर्ती परीक्षाओं को लेकर आंदोलन इतना गंभीर हुआ कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री को त्यागपत्र देना पड़ा और अनेक परीक्षाएं रद्द करनी पड़ीं। कई अन्य परीक्षाओं की जांच का आदेश हुआ। इसी बीच 2027 के विधानसभा चुनावों की आहट ने राजनीति का तापमान और बढ़ा दिया है।

राजनीतिक द्वेष की आग में देश न जलाएं

देश इस समय राजनीतिक उबाल के ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां मुद्दे कम और मुद्दों पर मचा शोर अधिक दिखाई दे रहा है। वंदे मातरम् को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने हैं और एक-दूसरे को राष्ट्रवादी तथा राष्ट्रविरोधी साबित करने की होड़ लगी है। दूसरी ओर, परीक्षाओं में कथित धांधली और अनियमितताओं के विरुद्ध युवाओं का आक्रोश जंतर-मंतर से लेकर झारखंड तक सड़कों पर दिखाई दिया। भर्ती परीक्षाओं को लेकर आंदोलन इतना गंभीर हुआ कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री को त्यागपत्र देना पड़ा और अनेक परीक्षाएं रद्द करनी पड़ीं। कई अन्य परीक्षाओं की जांच का आदेश हुआ। इसी बीच 2027 के विधानसभा चुनावों की आहट ने राजनीति का तापमान और बढ़ा दिया है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ और अखिलेश यादव के बीच राजनीतिक टकराव हो या राष्ट्रीय स्तर पर राहुल गांधी, नरेंद्र मोदी और अमित शाह के बीच तीखी बयानबाजी से लगता है, जैसे राजनीति ने संवाद की जगह संघर्ष को अपना स्थायी हथियार बना लिया है। यह राजनीतिक प्रतिस्पर्धा नहीं, लोकतांत्रिक विमर्श के लिए ख़तरे की घंटी है।

राहुल गांधी आज विपक्ष के सबसे मुखर चेहरों में हैं। छात्र आंदोलनों से लेकर सरकार की नीतियों तक वे लगातार आक्रामक रुख अपनाए हुए हैं। हाल में उन्होंने छात्र प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई को लेकर गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे तक की मांग की और बाद में पुलिस थाने के बाहर धरने के जरिए अपना विरोध दर्ज कराया। सत्ता पक्ष भी पीछे नहीं है। भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी के इस तेवर को राजनीति और प्रचार का हथकंडा बताया। बेशक, विपक्ष का काम सरकार से सवाल पूछना है, लेकिन हर सवाल को राजनीतिक युद्ध में बदल देना भी स्वस्थ लोकतंत्र नहीं है। सत्ता का काम जवाब देना है, लेकिन आलोचक को राष्ट्रविरोधी मान लेना भी लोकतंत्र की सेहत के लिए ठीक नहीं। परिणाम यह है कि बहस अब अक्सर इस सवाल पर टिक जाती है कि कौन किसे कितना बड़ा देशभक्त या राष्ट्रविरोधी साबित कर सकता है, लेकिन जनता पूछ रही है- इस राजनीतिक युद्ध में उसके हिस्से में क्या आया? क्या बेरोजगार युवा को नौकरी मिली? क्या परीक्षा की तैयारी में लगाए गए उसके वर्षों का नुकसान वापस किया जा सकता है? क्या पेपर लीक या भर्ती में अनियमितता के आरोपों का स्थायी समाधान हुआ? क्या महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे सवाल राजनीतिक प्राथमिकताओं के केंद्र में हैं? यही वे सवाल हैं जिनसे राजनीतिक विमर्श बार-बार भटकता दिखाई देता है। निःसंदेह वंदे मातरम् किसी दल की जागीर नहीं है। वह भारत के स्वतंत्रता संघर्ष की गौरवपूर्ण स्मृति है। उसका सम्मान हर भारतीय के लिए स्वाभाविक होना चाहिए। राष्ट्रगीत को राजनीतिक तलवार बनाकर विपक्ष को राष्ट्रविरोधी और सत्ता पक्ष को राष्ट्रवाद का अकेला ठेकेदार घोषित करना दोनों ही खतरनाक प्रवृत्तियां हैं। राष्ट्रवाद का प्रमाणपत्र संसद में बहस के दौरान नहीं बांटा जाना चाहिए। राष्ट्रभक्ति का अंतिम पैमाना यह नहीं हो सकता कि किसने कितनी जोर से नारा लगाया। देशभक्ति को किसी राजनीतिक दल के प्रमाणपत्र की आवश्यकता नहीं है। दूसरी ओर, विपक्ष को भी यह समझना होगा कि सिर्फ सरकार के विरोध में आक्रामक



होना पर्याप्त नहीं है। राहुल गांधी और विपक्ष के सामने आज अवसर है कि वे युवाओं के वास्तविक प्रश्नों को राजनीतिक नारे से आगे ले जाकर ठोस नीति और वैकल्पिक कार्यक्रम में बदलें। सरकार पर आरोप लगाना आसान है; यह बताना कठिन है कि सत्ता में आने पर परीक्षा व्यवस्था को कैसे पारदर्शी बनाया जाएगा, रोजगार कैसे बढ़ाया जाएगा और प्रशासनिक जवाबदेही कैसे सुनिश्चित होगी। इसी कसौटी पर विपक्ष की भी परीक्षा होनी चाहिए। सत्ता पक्ष के लिए भी यही कसौटी लागू होती है। लोकतंत्र में सरकार मजबूत होनी चाहिए, लेकिन असहमति भी मजबूत होनी चाहिए।

उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ और अखिलेश यादव का राजनीतिक संघर्ष आने वाले समय में और तीखा होना स्वाभाविक है। चुनावी राजनीति में एक-दूसरे की नीतियों की आलोचना होनी चाहिए, उपलब्धियों और विफलताओं पर बहस होनी चाहिए। लेकिन यदि चुनाव जीतने की रणनीति समाज को जाति, धर्म, क्षेत्र और राष्ट्रवाद की भावनात्मक रेखाओं में लगातार बांटने लगे तो चुनाव भले जीता जा सकता है, समाज नहीं। इसी तरह बाबा रामदेव हों या अरविंद केजरीवाल, सार्वजनिक जीवन में प्रभाव रखने वाले हर व्यक्ति को यह समझना होगा कि उसके शब्द केवल बयान नहीं होते, वे सामाजिक वातावरण भी बनाते हैं। इसलिए सार्वजनिक जीवन में सक्रिय हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह आग में घी डालने के बजाय विवेक की आवाज बने। राजनीतिक दल यदि इस आक्रोश को केवल अपने पक्ष में इस्तेमाल करने की कोशिश करेंगे तो वे समस्या का समाधान नहीं, समस्या का राजनीतिक दोहन करेंगे। यहां बुद्धिजीवी वर्ग की जिम्मेदारी भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि वे केवल तालियां बजाने या निंदा करने तक सीमित हो गए तो लोकतंत्र कमजोर होगा। बुद्धिजीवी को सत्ता से भी प्रश्न पूछना चाहिए और विपक्ष से भी। उसे राष्ट्रवाद के नाम पर हो रहे राजनीतिक ध्रुवीकरण पर भी बोलना चाहिए और विपक्ष की उग्र राजनीति पर भी। लोकतंत्र में तटस्थता का अर्थ चुप्पी नहीं, बल्कि समान कसौटी है। नेताओं को भी चेतावनी समझनी होगी,देश चुनावों से चलता है, लेकिन केवल चुनावों के लिए नहीं चलता। आज यदि हर मुद्दे को चुनावी चश्मे से देखा जाएगा तो शिक्षा रोजगार से पीछे चली जाएगी, विकास आरोप-प्रत्यारोप में दब जाएगा और राष्ट्रहित दलगत हितों में उलझ जाएगा।

राजनीतिज्ञों को यह याद रखना होगा कि चुनाव पांच साल के होते हैं, लेकिन समाज पीढ़ियों तक रहता है। इसलिए राहुल गांधी की आक्रामकता हो या मोदी-शाह का पलटवार, योगी-अखिलेश का संघर्ष हो या अन्य नेताओं की बयानबाजी-हर किसी को अपनी राजनीतिक सीमा पहचाननी होगी। सत्ता को अहंकार से और विपक्ष को अति-आक्रामकता से बचना होगा। जनता को भी अब केवल नारों पर नहीं, काम पर वोट करना सीखना होगा। उसे पूछना होगा-राष्ट्रवाद की बात करने वालों ने राष्ट्र के लिए क्या किया? सरकार से सवाल करने वालों के पास समाधान क्या है?

युवाओं के भविष्य की चिंता करने वाले उनके लिए कौन-सी ठोस नीति लेकर आए हैं? क्योंकि लोकतंत्र में सबसे बड़ा हथियार नारा नहीं, जागरूक मतदाता है। देश को वंदे मातरम् पर लड़ने वाले नेता नहीं, व्यवहार में उतारने वाले नेता चाहिए। राष्ट्रवाद की आग इतनी न भड़काएं कि उसमें लोकतंत्र ही जल जाए। याद रखिए कि देश बड़ा है, दल छोटे हैं। संविधान बड़ा है, सत्ता छोटी है। जनता बड़ी है, नेता उसके प्रतिनिधि हैं। राजनीति यदि यह भूल गई तो जनता को उसे याद दिलाना होगा और यह काम केवल मतपेटी के दिन नहीं, हर दिन जागरूक नागरिक बनकर करना होगा।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



विरोध प्रदर्शन करें, पर न हो सीमाओं का अतिक्रमण

आए दिन होने वाले प्रदर्शनों के चलते सामान्य जनजीवन को बंधक बना देने की प्रवृति पर दिल्ली उच्च न्यायालय की टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण हो जाती है कि प्रदर्शनों के कारण कई बार तो जीवन-मरण तक के हालात पैदा हो जाते हैं। अन्य सब कारणों और परिणामों को थोड़ी देर के लिए अलग कर भी दिया जाए तो भी हालात यहां तक हो जाते हैं कि यातायात प्रभावित होने से तत्काल मेडिकल रिलिफ की आवश्यकता वाले बीमारों तक का जीवन संकट में पड़ जाता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि लोकतंत्र में अपनी बात कहने, अपनी बात रखने और अपना विरोध अंकित कराने का सबको अधिकार है। कहीं गलत हो रहा है तो उसका विरोध भी होना चाहिए, पर इसका मतलब यह तो नहीं होना चाहिए कि हम अपनी बात कहने के चक्कर में दूसरों को अपने सामान्य नागरिक अधिकारों से वंचित कर दें। विरोध प्रदर्शन के साथ ही दायित्व भी होता है। शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का विरोध भी नहीं होता, पर कब इस तरह के प्रदर्शन हिंसक हो जाते हैं और कानून व्यवस्था के गंभीर हालात हो जाते हैं, इसका खामियाजा प्रदर्शनकारियों को नहीं अपितु प्रशासन और आमजन को भुगतना पड़ता है। सीजीपी के हालिया प्रदर्शनों के दौरान दिल्ली में जो हालात बने और जयपुर में पिछले दिनों सीजीपी द्वारा स्कूल प्रकरण को लेकर ग्रामवासियों और सीजीपी लोगों के साथ हालात बने, यह अपने आप में गंभीर हो जाता है। रांची और देश के अन्य स्थानों के प्रदर्शनों को भी इसी संदर्भ में देखना होगा। शहर की सामान्य व्यवस्था को ही प्रभावित करने वाले स्थानों पर प्रदर्शन स्वीकृति पर भी प्रश्न उठना स्वाभाविक है। न्यायमूर्ति अमित महाजन की यह टिप्पणी महत्वपूर्ण हो जाती है कि शहर के बीच प्रदर्शन की अनुमति क्यों कर दी जानी चाहिए। दरअसल, सीजीपी द्वारा जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किए गए और यह प्रदर्शन देखते-देखते हिंसक हो गया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों और पुलिस प्रशासन और पक्ष-प्रतिपक्ष द्वारा एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल जाता है, पर मूल कारण को नजरअंदाज कर दिया जाता है। इससे पहले 2017-18 में जलकट्टू घटना के संदर्भ में गठित न्यायमूर्ति राजेश्वरन आयोग की सिफारिशें भी महत्वपूर्ण हो जाती हैं। विरोध के चलते कानून हाथ में लेना या क्षेत्राधिकार से बाहर जाना एक सभ्य समाज और सभ्य नागरिक की पहचान नहीं हो सकती। सरकारी या निजी संपति को नुकसान पहुंचाने का अधिकार किसी को नहीं दिया जा सकता।

एक बात यह भी समझनी होगी कि पुलिस प्रशासन भी आखिर आदमी है और देखा जाए तो उनका मरण दोनों तरफ से हो जाता है। यदि प्रदर्शनकारियों को एक सीमा से अधिक बढ़ने पर रोके नहीं तो प्रशासन की विफलता कहने में कोई देरी नहीं लगाता, यहां तक कि प्रशासन की इंटेलिजेंस फैलियर जैसे आरोप लग जाते हैं। प्रदर्शन के हिंसक होने पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की आलोचना आम हो जाती है, पर जब कई बार प्रदर्शनकारियों द्वारा बेरिकेड़ तोड़ने, पत्थरबाजी, तोड़फोड़ और निरपराध आमजन को निशाने पर लेने लगते हैं तो एक बात साफ हो जानी चाहिए कि फिर प्रशासन गुलाब के फूल देकर तो प्रदर्शन को नियंत्रित नहीं कर सकता। हालांकि प्रशासन को भी संयम बरतते हुए ही कदम उठाने चाहिए। दरअसल, तस्वीर के दोनों पक्षों को देखना होगा। यदि प्रदर्शन सामान्य होता है और अनुमति प्राप्त शांतिपूर्ण प्रदर्शन हो तो उस पर पुलिस प्रशासन की सख्ती को किसी भी हालात में स्वीकारा नहीं जा सकता। प्रदर्शनकारियों द्वारा लक्ष्मण रेखा लांघी जाती है तो उस पर प्रशासन को भी कानूनी दायरे में रहते हुए कार्रवाई तो करनी ही पड़ेगी।

प्रशासन, प्रदर्शनकारियों और आमजन को अपनी सीमाओं को समझना होगा। सुर्खियों में बनने के लिए कदम उठाना किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता। प्रशासन भी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। पहले तो प्रशासन को भी चाहिए कि प्रदर्शन आदि के लिए ऐसा स्थान निर्धारित हो, जहां से सामान्य जनजीवन किसी तरह से प्रभावित न हो सके। आम जन, शहरी यातायात, शहर का दैनिक जनजीवन किसी तरह से प्रभावित न हो। ऐसी व्यवस्था हो, जिससे प्रदर्शनकारियों की बात वे जहां पहुंचाना चाहते हैं, वहां तक पहुंचाई जा सके। प्रदर्शनकारियों को भी प्रदर्शन के दौरान शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखनी चाहिए। असामाजिक तत्वों को किसी तरह का मौका ही नहीं दिया जाना चाहिए। इसलिए दिल्ली उच्च न्यायालय व न्यायालयों द्वारा पूर्व में भी दी गई टिप्पणियों को गंभीरता से प्रदर्शनकर्ताओं और प्रशासन दोनों को समझना होगा व दोषारोपण के नाम पर जिम्मेदारी से भागने की इजाजत किसी भी हालत में नहीं दी जा सकती।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

पैसा और शोहरत से बड़ी है ये ताकत!



संकलित
दर्शन

स्वामी विवेकानंद की सीख जीवन का नजरिया बदल देती है। पैसा और शोहरत से बड़ी ताकत आंतरिक मजबूती है। इसे अपनाकर जीवन वास्तव में सफल और सार्थक बनाया जा सकता है। जीवन में परिस्थितियां हमेशा अनुकूल नहीं होती हैं। कभी साधन कम होते हैं, तो कभी मेहनत के बावजूद नतीजा नहीं मिलता है। हर बार परिस्थितियों को दोष देते रहने से व्यक्ति कमजोर होता जाता है। विवेकानंद की सीख है कि सही समय का इंतजार करने के बजाय जो साधन उपलब्ध हैं उन्हीं से शुरुआत करें। अपनी जिंदगी की जिम्मेदारी खुद लेने वाला व्यक्ति धीरे-धीरे अपनी राह खुद बना लेता है। शिकायत की बजाय प्रयास ज्यादा काम आता है। आजकल दूसरों से तुलना करना बहुत आसान हो गया है। किसी की सफलता देखकर लगता है कि हम पीछे रह गए। लेकिन हर किसी की यात्रा अलग होती है। दूसरों से तुलना करने की बजाय अपनी क्षमता को पहचानना ज्यादा जरूरी है। स्वामी विवेकानंद याद दिलाते हैं कि आपके अंदर आगे बढ़ने की शक्ति पहले से मौजूद है। जरूरत सिर्फ उसे पहचानने और सही दिशा देने की है। खुद पर भरोसा, जिम्मेदारी और मुश्किल में डटे रहने की आदत जब बन जाती है तो सफलता व्यक्तित्व का हिस्सा बन जाती है। यही भीतर की ताकत जिंदगी को सच में सफल बनाती है।

संसार में दो ही हठी और दो ही मेहमान



संकलित
प्रेरणा

माता सरस्वती और महाकवि कालिदास से जुड़ा ये दिलचस्प प्रसंग। एक बार कालिदास पड़ोसी राज्य में शास्त्रार्थ करने जा रहे थे कि उन्हें रास्ते में प्यास लगी। सामने उन्हें एक था और उसके पास एक झोपड़ी। जब वो झोपड़ी के सामने पहुंचे, तो झोपड़ी से एक बच्ची बाहर निकली। उसने कुएं से पानी भरा और जाने लगी। कालिदास ने उस बच्ची जाते देख उससे पानी मांगा। उस बच्ची ने कालिदास से कहा कि वह तो उन्हें जानती तक नहीं, एक अनजान आदमी को पानी कैसे पिला दे। कालिदास को लगा कि वो तो इतने बड़े विद्वान हैं। भला! उन्हें कौन नहीं जानता। ये बच्ची है, शायद इसलिए उन्हें नहीं पहचानती। उन्होंने बच्ची से कहा - 'बालिका! तुम छोटी हो, इसलिए मुझे नहीं पहचानती। घर में कोई बड़ा हो, तो उसे भेजो। वह मुझे अवश्य पहचान लेगा। मैं बहुत विद्वान व्यक्ति हूं और मेरा बहुत नाम और सम्मान है। बच्ची ने कहा - 'आप असत्य बोल रहे हैं। इस संसार में दो ही बलवान हैं। आपको पानी चाहिए, तो आप मुझे उनका नाम बताइये? कालीदास थोड़ा रुककर बोले - 'मुझे नहीं पता'। बच्ची ने जवाब में कहा - 'अन्न और जल। भूख और प्यास, इन दोनों में इतनी शक्ति है कि ये बड़े से बड़े बलवान को भी झुका दें। देखिये! प्यास ने आपकी हालत कैसी कर दी है।

अंतर्मन



आज की पाती

नाश का दूसरा नाम है नशा

दुनिया में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध रूप से इनकी तस्करी पर रोक लगाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। इस दिवस को मनाने का एक उद्देश्य यह भी है कि लोग नशे से होने वाले नुकसानों को समझें। सन 1987 से लेकर अब तक यह अभियान कितना अमल में लाया या दुनिया के विभिन्न देशों में यह कितना कामयाब हुआ, विविध सरकारें इसके लिए कितनी गंभीर हैं, यह बातें उतनी अहमियत नहीं रखती, जितना कि यह, कि दुनिया का आमजन नशे के दुष्प्रभावों को कितना समझ पाया है? सरकारों के अभियान तभी कामयाब होते हैं, जब लोग इनमें भागीदारी सुनिश्चित करना अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। नशीली दवाओं का सेवन लोगों की जान का दुश्मन बन गया है। नशा, नाश का दूसरा नाम है।

– विजय कुमार साहू, रायपुर

ट्रेंड

प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव



भारत 'प्रोडक्शन लिंक्ड पनिशमेंट' (उत्पादन से जुड़ी सजा) से 'प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव' (उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन) की ओर बढ़ गया है। एक समय था जब तय सीमा से ज़्यादा उत्पादन करने पर कंपनियों को सज़ा दी जाती थी! - नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

आत्मनिर्भर भारत



राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर, हम अपने युवा वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और उद्यमियों को सलाम करते हैं, जिनकी सोच, इनोवेशन और लगन हमारी क्षमताओं का दायरा लगातार बढ़ा रही है। उनकी उपलब्धियां एक आत्मविश्वास से भरे और आत्मनिर्भर भारत की भावना को दर्शाती हैं।

- डॉ. एस. जयशंकर, विदेश मंत्री

महिला सशक्तिकरण



राहुल गांधी मंच से महिला सशक्तिकरण की बात तो करते हैं, लेकिन महिलाओं को अधिकार दिलाने की दिशा में सबसे क्रांतिकारी कदम, यानी 'महिला आरक्षण विधेयक' का विरोध करते हैं और उसके खिलाफ वोट देते हैं।

-देवेन्द्र फड़नवीस, सीएम, महाराष्ट्र

मातृभाषा का सम्मान



हर राज्य की मातृभाषा का सम्मान और उसे बढ़ावा दिया जाना चाहिए, लेकिन किसी भी भाषा का राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए। इससे देश की भाषाई और भावनात्मक एकता में दूरियां और मतभेद पैदा होते हैं।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

करंट अफेयर

चार दशक की युद्ध तैयारी से ईरान को मिली राहत



भारतीय सैन्य विशेषज्ञ ने कहा कि ईरान ने अमेरिका के साथ संभावित युद्ध के लिए चार दशक तक तैयारी की थी, जिसमें उसके शीर्ष नेतृत्व के खत्म होने जैसी परिस्थितियों से निपटने की तैयारी भी शामिल थी, यही वजह है कि उसके विरोधियों के लिए ईरान को पूरी तरह तबाह करना मुश्किल हो रहा है। 'ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) अमेरिका' की ओर से शुक्रवार को वाशिंगटन में आयोजित एक परिचर्चा में भारतीय सेना के सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल केजेएस ढिल्लों ने कहा कि अमेरिका और इजराइल के साथ संघर्ष में भारी नुकसान उठाने के बावजूद ईरान में लंबा खींचने वाला युद्ध लड़ने की क्षमता है। भारत की रक्षा खुफिया एजेंसी के पूर्व प्रमुख ढिल्लों ने कहा कि इस युद्ध से सबसे बड़ी सीख यह है कि किसी भी सैन्य अभियान का राष्ट्रीय लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए और उससे बाहर निकलने की रणनीति पहले से तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा, युद्ध शुरू करने से पहले कुछ बातें जानना जरूरी है। आपका घोषित राष्ट्रीय लक्ष्य आपके लिए, आपकी सेना और सरकार में मौजूद लोगों के लिए स्पष्ट होना चाहिए। यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि युद्ध के किस चरण में आप जीत की घोषणा कर सकते हैं। उन्होंने कहा, इसके बाद निकास रणनीति आती है, खासकर तब जब युद्ध किसी दूसरे देश में लड़ा जा रहा हो।

ऑफ बीट

कम पहचान वाले कलाकारों की कृतियां भी अधिक कीमत पर

अमृता शेर-गिल की पेंटिंग 'द स्टोरीटेलर' 2023 में 61.8 करोड़ रुपये में बिकी थी और यह किसी भारतीय कलाकार के लिए विश्व रिकॉर्ड था। इसके



बाद 2025 में एम.एफ. हुसैन की 'ग्राम यात्रा' 118 करोड़ रुपये में बिकी और 2026 में राजा रवि वर्मा की कलाकृति 'यशोदा और कृष्ण' की नीलामी 167.2 करोड़ रुपये में हुई। ऐसा लगता है कि हर साल इस तरह के नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। अगर बड़े कलाकारों की पेंटिंग की कीमतें चौंकाने वाली हैं, तो कम मशहूर कलाकारों की पेंटिंग की कीमतें भी कम नहीं हैं। उदाहरण के लिए, असित कुमार हलदर की 'मदर इंडिया' (बंगाल का विभाजन) को लें, जो लगभग 8-12 लाख रुपये के अनुमान के मुकाबले 2.07 करोड़ रुपये में बिकी - यानी अपने अनुमान से 25 गुना ज्यादा। इसी तरह शांति दवे की बिना शीर्षक वाली पेंटिंग (1971) को लें तो वह लगभग 32-45 लाख रुपये के अनुमान के मुकाबले 3.25 करोड़ रुपये में बिकी। ऐसी बिक्री ने भारतीय कलाकारों के लिए एक चलन बना दिया है। पत्रिका 'लक्सट्रोप' के अनुसार, यह बाजार लगभग 3,000 करोड़ रुपये का है, जो सदी की शुरुआत में कुछ करोड़ रुपये ही था। यह सब दिखाता है कि भारतीय कला का दायरा सिर्फ़ कुछ महंगे सौदों से कहीं आगे बढ़ रहा है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।



क्राइम-ड्रामा वेब सीरीज 'आश्रम 4' का ऐलान

मुंबई। बॉबी देओल की अदाकारी वाली वेब सीरीज 'आश्रम' की अगली कड़ी का ऐलान हो गया है। प्रकाश झा प्रोडक्शंस ने इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है। 'आश्रम' सीरीज के सभी पार्ट को दर्शकों ने प्यार दिया है। 'आश्रम 4' का ऐलान करते हुए सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की गई है। तस्वीर शेयर करते हुए प्रोडक्शन हाउस ने कैप्शन में लिखा 'एक और आरंभ। आश्रम के नए अध्याय में आपका स्वागत है। जापनाम। आश्रम 4 की शूटिंग हो रही है।' बता दें कि आश्रम (सीजन 1) 2020 में, आश्रम चैप्टर 2 (सीजन 2) 2020 में और आश्रम 3 (सीजन 3) 2022 में रिलीज हुई। सभी सीजन के निर्देशक प्रकाश झा हैं।

लाइफ Style

नयनतारा

2-3 हजार थी पहली सैलरी, आज करोड़ों की हैं मालकिन

नयनतारा और कविन अपनी आने वाली रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'ही' की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में नयनतारा ने अपनी पहली नौकरी के बारे में बात की और बताया कि उन्हें अपनी पहली सैलरी के तौर पर कितने पैसे मिले थे।

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें अपने पहले प्रोफेशनल असाइनमेंट के लिए सिर्फ 2,000-3,000 रुपए मिले थे। आज 'लेडी सुपरस्टार' करोड़ों की मालकिन हैं और उनका खुद का प्रोडक्शन हाउस भी है। उन्होंने इस बातचीत के दौरान अपने संघर्ष के दिनों के बारे में खुलकर बात की। एक बातचीत के दौरान, नयनतारा से उनकी पहली नौकरी और पहली सैलरी के बारे में पूछा गया। उन्होंने बताया कि उन्होंने एक मॉडल के तौर पर शुरुआत की थी और याद करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि यह एक कवर शूट के लिए था। मुझे लगता है कि मुझे एक फैशन प्रोग्राम के लिए बुलाया गया था।' फिर उन्होंने बताया कि उन्हें उस असाइनमेंट के लिए लगभग 2,000-3,000 रुपये मिले थे। पर्ल ने मजाकिया अंदाज में एक किस्सा सुनाते हुए कहा, 'मुझे अपने पिता के नाखून काटने के लिए 500 रुपये मिले थे।' नयनतारा ने अपने करियर की शुरुआत 2003 में 'मनस्सिनाक्कारे' फिल्म से की थी। उन्हें फिल्ममेकर सत्यन अंथिकाड ने 'वनिता' मैगजीन में उनकी एक फोटो देखकर चुना था, जब वह एक मॉडल के तौर पर काम कर रही थीं। शुरू में उनका एक्टिंग में आने का कोई प्लान नहीं था, लेकिन उन्होंने गौरी का रोल स्वीकार कर लिया।



हॉलीवुड मसाला



समय बर्बाद होने का होता
है पछतावा

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड स्टार एंड्रयू गारफील्ड ने आखिरकार यह स्वीकार कर लिया है कि उनका एक सीक्रेट इंस्टाग्राम हैंडल है। साथ ही उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर वे भी उतने ही एक्टिव हैं, जितना कि कोई अन्य। इतना ही नहीं, उन्होंने माना कि कई बार इंस्टाग्राम पर नोटिफिकेशंस उन्हें डराते हैं। समय बर्बाद होने का मुझे पछतावा है। गारफील्ड ने कहा, 'सोशल मीडिया का मैं भी उतना ही आदी हूं, जितना कोई और हो सकता है। गारफील्ड ने कहा, जब आप इस पर गौर करते हैं, तो यह काफी परेशान करने वाली बात लगती है।



वजन कम करने का अनुभव किया साझा

लॉस एंजिल्स। म्यूजिक प्रोड्यूसर बेनी ब्लैंको ने काफी वजन कम कर लिया है। इसके लिए उन्होंने एक अजीबो-गरीब डाइट प्लान पर अमल किया। वजन कम करने के अपने इस अनुभव को बेन ब्लैंको ने साझा किया है। बेनी ब्लैंको ने एक अनोखे डाइट एक्सपेरिमेंट के तहत पांच दिन तक सिर्फ पिज्जा खाकर लगभग पांच पाउंड वजन कम किया। इस एक्सपेरिमेंट का मकसद यह साबित करना था कि कोई भी खाना खाकर वजन कम किया जा सकता है। 38 साल के बेनी ब्लैंको ने 19 अगस्त को पोस्ट किए गए एक टिकटॉक वीडियो में अपने एक्सपेरिमेंट के नतीजे शेयर किए। वह इस वीडियो में कहते हैं, 'मैं साबित करना चाहता था कि सचमुच कुछ भी खाकर वजन कम किया जा सकता है।' बेनी ने पूरे हफ्ते के लिए डोमिनोज का एक बड़ा थिन-क्रस्ट चीज पिज्जा चुना।



द रिवोल्यूशनरीज का गाना
जय दुर्गा रिलीज

नई दिल्ली। वेब सीरीज 'द रिवोल्यूशनरीज' का गाना 'जय दुर्गा' रिलीज हो गया है। यह भक्ति सॉन्ग है, जो मां दुर्गा के अलग-अलग रूपों को समर्पित है। देश की आजादी से पहले 1857 की क्रांति के दौर पर आधारित वेब सीरीज का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बीते दिनों इस पीरियड एक्शन सीरीज के किरदारों से पर्दा उठाया गया था। 'द रिवोल्यूशनरीज' में भुवन बाम, गुरफतेह सिंह और प्रतिभा रांटा अहम भूमिकाओं में हैं। आज शुक्रवार को सीरीज का गाना 'जय दुर्गा' रिलीज हो गया है। इस गाने को श्रेयस प्रशांत पुराणिक के कंपोज किया है। वहीं इसे श्रेयस प्रशांत पुराणिक, राजा हसन, अल्तमश फरीदी और दिव्या कुमार ने अपनी दमदार आवाज से सजाया है। सिद्धार्थ-गरिमा वाहल ने गाना लिखा है। गाने को बड़ी खूबसूरती से फिल्माया गया है।



एडवांस बुकिंग में
टॉक्सिक का जलवा

मुंबई। अब फिल्म 'टॉक्सिक' ने एडवांस बुकिंग में कई बड़ी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। रविवार सुबह तक बुक माय शो पर 'टॉक्सिक'हर घंटे करीब 10 हजार टिकट बेच रही थी। रिलीज से चार दिन पहले यह एक बड़ी संख्या है। फिल्म ने सिर्फ 48 घंटे में एडवांस बुकिंग से 18 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया। फिल्म के हिंदी डब वर्जन को भी इंडस्ट्री की उम्मीद से बेहतर रिस्पॉन्स मिल रहा है। रविवार सुबह 8 बजे तक हिंदी वर्जन ने सिर्फ पहले दिन की एडवांस बुकिंग से 8 करोड़ रुपए की ग्रॉस कमाई कर ली थी। फिल्म ने एडवांस बुकिंग की रफ्तार में कई बड़ी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। इनमें ये फिल्में शामिल हैं- शाहरुख खान की 'वान(1.5 लाख टिकट), रणवीर सिंह की 'रंधर 2 (1.3 लाख टिकट), रणबीर कपूर की 'एनिमल' (55 हजार टिकट)।

टीवी मसाला



किताबें खरीदने तक के नहीं थे पैसे एक करोड़ के सवाल तक पहुंचीं रुचिता

नई दिल्ली। महानायक अमिताभ बच्चन होस्टेड रियलिटी टीवी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' में अब तक कई बार यह साबित हो चुका है कि चुनौतियां आपके अच्छी शिक्षा पाने के आड़े नहीं आ सकतीं। रुचिता ने बताया वह एक स्टूडेंट हैं और एसएससी की परीक्षा देने की इच्छुक हैं। रुचिता ने शो पर बताया कि उनके पास अपनी किताबें खरीदने तक के पैसे नहीं होते हैं। वह मुंबई के धारावी में अपने माता-पिता और भाई के साथ 10 फुट के छोटे से कमरे में रहती हैं । फैमिली की आर्थिक स्थिति खराब है, क्योंकि रुचिता के पिता प्रतिदिन केवल 600 रुपए कमाते हैं। शो के हालिया एपिसोड में मुंबई की रुचिता अधलराव एक करोड़ रुपये के पड़ाव तक पहुंच गईं। रुचिता ने बताया कि उनके पास खुद का घर नहीं है और वह मुंबई के धारावी की एक चॉल में परिवार के साथ रहती हैं। यूं तो रुचिता के लिए खुद का घर बनाने को 25 लाख रुपए काफी थे, लेकिन खेल तो आगे बढ़ना ही था। शुक्रवार को जब उन्होंने हॉट सीट पर बैठकर खेल आगे शुरू किया तो उनके पास 2 लाइफलाइन बाकी रह गई थीं। एक लाइफलाइन का इस्तेमाल करके उन्होंने 50 लाख रुपये के सवाल का सही जवाब दिया। इसके बाद आई वो चुनौती, जिसे पार करके वह 1 करोड़ की धनराशि जीत सकती थीं। तो चलिए जानते हैं कि क्या था यह 1 करोड़ रुपये का सवाल और क्या रुचिता इसका सही जवाब दे पाईं? सवाल था: किस क्रिकेटर के नाम यह अनोखा रिकॉर्ड है कि वह टेस्ट मैच की दोनों पारियों में एक ही गेंदबाज की हैट्रिक का हिस्सा बनकर आउट हुए हैं?

सद्गुरु की सलाह पर एक्टिंग छोड़ खेती करने लगे थे

नई दिल्ली। 'साराभाई वर्सेज साराभाई' में रोसेश साराभाई का किरदार निभाकर घर-घर में मशहूर हुए एक्टर राजेश कुमार एक बार फिर चर्चा में हैं। अभिनेता ने हाल ही में अपने कॅरियर के उस फेज के बारे में बात की जब उन्होंने एक्टिंग छोड़ दी थी और खेती शुरू कर दी थी। राजेश कुमार 2017 में एक्टिंग छोड़कर अपने होमटाउन गया चले गए और खेती करने लगे। राजेश कुमार ने उनके फैंस सहित कइयों को चौंका दिया। अभिनेता के कई फैंस उनके इस फैसले से निराश भी हो गए थे, हालांकि बाद में उन्होंने एक्टिंग में वापसी कर ली। अब राजेश कुमार ने इस फैसले के बारे में खुलकर बात की और बताया कि आध्यात्मिक गुरु सद्गुरू से हुई बातचीत के बाद उन्होंने ये फैसला लिया था। एक बातचीत में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री छोड़कर बागवानी करने के अपने फैसले के बारे में बात की। इस दौरान उन्होंने ये भी बताया कि एक समय पर वह 2 करोड़ से ज्यादा के कर्ज में डूब गए थे। ऐसे में उन्होंने बेटे के स्कूल के बाहर सब्जियां तक बेचीं।



भंसाली की माइथोलॉजिकल फिल्म में करीना की एंट्री, धनुष भी आएंगे नजर

नई दिल्ली। इसे संजय लीला भंसाली एक पौराणिक जंगल एडवेंचर फिल्म बना रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें करीना कपूर खान नजर आएंगी। उनके अलावा साउथ एक्टर धनुष भी लीड रोल में होंगे। फिल्म के निर्देशन की कमान पीएस मित्रन संभालेंगे। हाल ही में मिथन ने फिल्म को लेकर अपडेट शेयर किया है। निर्देशक पीएस मित्रन ने बताया कि संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शन में बनने वाली एक फिल्म के लिए करीना कपूर खान और धनुष के साथ बातचीत चल रही है। पीएस मित्रन इन दिनों 'सरदार 2' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस दौरान 'सिनेमा विकटन' से बात करते हुए मित्रन ने कहा, 'करीना और धनुष से बातचीत चल रही है, हम कन्फर्मेशन के लिए तारीखें देख रहे हैं।

उम्मीद है कि इससे कुछ अच्छा नतीजा निकलेगा'। मित्रन के इस अपडेट के बाद भंसाली के प्रोडक्शन में बनने वाली फिल्म के लिए करीना और धनुष के साथ आने की खबरों ने जोर पकड़ लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म को बड़े पैमाने पर बनाए जाने की तैयारी है। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह प्रोजेक्ट अभी लिखने के स्टेज पर है और फाइनल होने से पहले इसकी स्क्रिप्ट को कई बार फिर से लिखा गया है। उसी रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि नवंबर 2026 में प्री-प्रोडक्शन शुरू होने की उम्मीद है। वहीं, जनवरी 2027 में मुख्य शूटिंग की



योजना है। अगर यह प्रोजेक्ट आगे बढ़ता है, तो यह हिंदी सिनेमा में मित्रन के निर्देशन में बनने वाली पहली फिल्म होगी। इसी के साथ इस फिल्म में धनुष और करीना कपूर खान पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। वहीं, 2000 के दशक की शुरुआत में मनमुटाव के बाद संजय लीला भंसाली के साथ करीना इस फिल्म में पहली बार काम करेंगी। बता दें कि संजय लीला भंसाली ने साल 2002 में फिल्म 'देवदास' बनाई थी। कथित तौर पर इस फिल्म के लिए करीना कपूर को पारो की भूमिका के लिए अप्रोच किया था। अभिनेत्री ने स्क्रीन टेस्ट भी दिया था।

कलाकार की काबिलियत फिल्म की कमाई से नहीं मापा जा सकता : सैयामी

मुंबई। अभिनेत्री सैयामी खेर अपनी अपकमिंग फिल्म 'हैवान' को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच उन्होंने अपनी फिल्म घूमर और 8 एएम मेट्रो के परफॉर्मेंस को लेकर बात की है। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला है कि किसी कलाकार की काबिलियत को हमेशा फिल्म की कमाई से नहीं मापा जा सकता। अभिनेत्री ने कहा कि बॉक्स ऑफिस कलेक्शन यह नहीं दिखाता कि किसी कलाकार को दर्शकों से कितना सम्मान मिलता है। अभिनेत्री का कहना है कि 1000 करोड़ रुपए की फिल्म सम्मान की गारंटी नहीं देती। उन्होंने कहा कि मैं '8 एएम मेट्रो' जैसी फिल्म करके संतुष्ट हूं। यह यूट्यूब पर बड़ी हिट हुई और बाद में एक ओटीटी प्लेटफॉर्म ने इसे खरीद लिया। जब तक वह यूट्यूब पर बड़ी हिट नहीं हुई, तब तक कोई उसे खरीद नहीं रहा था। मुझे लगता है कि '8 एएम मेट्रो' से मुझे जो सम्मान मिला है, वह मुझे किसी और फिल्म से नहीं मिला। कलाकार के भविष्य के मौकों को बॉक्स ऑफिस परफॉर्मेंस से जोड़ने की आदत के बारे में सैयामी ने कहा... 'मुझे लगता है कि बॉलीवुड में बॉक्स ऑफिस के बारे में बहुत बात होती है। पक्की अगली फिल्म इस बात पर निर्भर करती है कि उसने कितना पैसा कमाया है, जो दुखद है। यह काबिलियत पर कम और इस बात पर ज्यादा निर्भर करता है कि आपकी फिल्म कितना पैसा कमाती है। हालांकि यह एक कारोबार है। खेर ने उन फिल्ममेकर्स से मिले सम्मान के बारे में भी बात की जिन्होंने मार्केट के दबाव के बावजूद उनके साथ काम करने का फैसला किया। उन्होंने कहा ''घूमर' को कोई भी बड़ा स्टार मिल सकता था, लेकिन आर. बाल्की सर ने कहा 'तुम इस स्क्रिप्ट के लिए सबसे सही इंसान हो।



67 साल बाद भी भाई-बहनों का फेवरेट है यह अमर गीत

लता का रक्षाबंधन का वो गाना, जिसे गाते हुए रो पड़ीं सिंगर

नई दिल्ली। रक्षाबंधन का त्यौहार आने वाला है, लेकिन उससे पहले ही बहन और भाइयों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। यह फेस्टिवल भाई और बहन की जिंदगी में बहुत ही मायने रखता है, क्योंकि भले ही वह कितने भी दूर हों, लेकिन एक बहन अपने भाई की कलाई को सूना नहीं होने देती। जब बात त्यौहारों की हो तो अक्सर बॉलीवुड के गाने भी याद आ जाते हैं। रक्षाबंधन पर वैसे तो कई गीत बने हैं, लेकिन आज हम आपको लता मंगेशकर के एक ऐसे कल्ट गाने के बारे में बता रहे हैं, जिसे पिछले 67 सालों से भाई-बहन की जिंदगी में कोई रिप्लेस नहीं कर पाया है। ये छोटी बहन और भाई से जुड़ा एक ऐसा कालजयी गाना है, जिसे गाते हुए खुद लता मंगेशकर रो दी थीं।



भाई-बहन के रिश्ते का प्रतीक है ये गाना

67 साल बाद भी राखी के मौके पर जिस गाने की सबसे ज्यादा डिमांड है, वह गाना है 'भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना'। यह गाना साल 1969 में रिलीज हुई फिल्म 'छोटी बहन' का है, जिसमें स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने अपनी आवाज दी थी और गाने को हमेशा के लिए अमर किया था। जब भी रक्षाबंधन सेलिब्रेट किया जाता है, तो सबसे पहले हर बहन की जुबान पर यही गीत आता है।

फिल्म छोटी बहन में फिल्माए गए

नंदा और बलराज साहनी की मूवी 'छोटी बहन' में फिल्माए गए 'भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना' म्यूजिक शंकर-जयकिशन ने दिया था। इसके अलावा इसके लिरिक्स शैलेंद्र ने लिखे थे।

आज भी सदाबहार गीतों में है शामिल

इस गीत के बोल छोटी बहन के अपने भाई के लिए प्यार को व्यक्त करते हैं और ऐसा कहा जाता है कि जब लता मंगेशकर इस गाने को रिकॉर्ड कर रही थीं, तो उनकी आंखें भी नम हो गई थीं। इस गाने के बोल ऐसे थे कि उन्हें अपने छोटे भाई हृदयनाथ मंगेशकर याद आने लगे, जिनसे लता दीदी बहुत ज्यादा प्यार करती थीं। हृदयनाथ मंगेशकर ने एक इंटरव्यू में ये बताया था कि लता मंगेशकर ने पिता के निधन के बाद कैसे सभी भाई-बहनों को संभाला था। उन्होंने कहा था कि पूरे ब्रह्मांड में लता दीदी जैसी एक ही हैं। लता मंगेशकर की आवाज में गाया ये गाना आज सदाबहार गीतों में शामिल है।



खबर संक्षेप

नाथू ला के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा संपन्न



गंगटोक। सिक्किम के नाथू ला मार्ग से होने वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा रविवार को संपन्न हो गई। अधिकारियों ने बताया कि 10 जत्थों में कुल 464 तीर्थयात्रियों ने यह यात्रा पूरी की। यह यात्रा 20 जून को शुरू हुई थी। तीर्थयात्रियों के अंतिम जत्थे के गंगटोक लौटने के साथ यह तीर्थयात्रा संपन्न हो गई। तीर्थयात्रियों ने चीन के स्वायत्त क्षेत्र तिब्बत में स्थित कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील के दर्शन किए। वापसी पर सिक्किम पर्यटन विकास निगम (एसटीडीसी) के प्रतिनिधियों ने तीर्थयात्रियों का स्वागत और अभिनंदन किया।

धोखाधड़ी मामले में ओरीस इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रबंध निदेशक गिरफ्तार

गुरुग्राम। गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड की शिकायत पर दर्ज कथित जालसाजी, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और साजिश के मामले में ओरीस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अमित गुप्ता को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि यह मामला गुरुग्राम के सेक्टर 85 स्थित 'गोदरेज एयर' परियोजना से जुड़े विवाद का है, जिसमें गोदरेज प्रॉपर्टीज और ओरीस साझेदार थी। एक अधिकारी ने बताया, ''मुंबई पुलिस ने 17 मार्च को विक्रोली थाने में दर्ज प्राथमिकी के संबंध में गुप्ता को अमृतसर से गिरफ्तार किया। उन्हें 27 अगस्त तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। प्राथमिकी के अनुसार, गोदरेज प्रॉपर्टीज ने आरोप लगाया कि फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर कंपनी रजिस्ट्रार के पास दाखिल वैधानिक रिकॉर्ड में अनधिकृत बदलाव किए गए।

दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिए प्रदर्शनकारी, कनॉट प्लेस और संसद मार्ग छावनी में तब्दील



यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन 2026: दिल्ली के जंतर-मंतर पर भारी हंगामा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के 'इक्विटी रेगुलेशन 2026' और मौजूदा आरक्षण व्यवस्था के विरोध में रविवार को फिर से भारी हंगामा और बवाल देखने को मिला। यूजीसी के नए नियमों को वापस लेने और रोस्टर सिस्टम में सुधार की मांग को लेकर बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी जंतर-मंतर और कनॉट प्लेस के आउटर सर्कल पर जमा हो गए। स्थिति को बिगड़ते देख पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया और पूरे क्षेत्र को खाली करा दिया। बिना प्रशासनिक अनुमति के आयोजित इस प्रदर्शन को रोकने के लिए दिल्ली पुलिस ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए। स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए लुटियंस दिल्ली, जय सिंह रोड, पार्लियामेंट स्ट्रीट और जंतर-मंतर पर भारी बैरिकेडिंग की गई। दिल्ली पुलिस के साथ रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) और केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवानों को तैनात कर इलाके को पूरी तरह छावनी में बदल दिया गया।

सरकार ने जारी किया अलर्ट
'रेंट ए बॉयफ्रेंड' स्कैमः साइबर ठगी का आ गया नया जरिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर 'रेंट ए बॉयफ्रेंड' (बॉयफ्रेंड किराए पर लें) के नाम से चल रहे एक नए साइबर फ्रॉड को लेकर चेतावनी जारी की है। साइबर अपराधी इंस्टाग्राम, टेलीग्राम और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म्स पर आकर्षक पोस्टर्स और फर्जी फोटोज के जरिए लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। ठग



इसमें कई तरह के ऑप्शंस पेश करते हैं-जैसे एक घंटे की कॉफी मीटिंग के लिए 499 रुपए, फिल्म डेट के लिए 1,249 रुपए और किसी इवेंट या शादी में जाने के लिए 1,999 रुपए। बुकिंग कंफर्म करने, सिक्योरिटी डिपॉजिट और एडवांस पेमेंट के नाम पर डिजिटल वॉलेट या क्यूआर कोड से पैसे ट्रांसफर कराए जाते हैं। रकम मिलते ही ठग यूजर को ब्लॉक कर देते हैं।इस फ्रॉड में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बनाई गई फर्जी प्रोफाइल्स का इस्तेमाल होता है। चैटिंग के दौरान निजी जानकारी और फोटोज हासिल कर ठग पीड़ितों को ब्लैकमेल कर सकते हैं। साइबर एक्सपर्ट्स ने अनजान ऑफर्स और लिंक्स से दूर रहने की सलाह दी है।

पीएम मोदी व ट्रंप पर गोर ने कहा-वे दोनों ही आगे की सोचने वाले हैं, तेजी से काम करना चाहते हैं और नतीजों पर ध्यान देते हैं

भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने की पुष्टि

ट्रंप-मोदी के करीबी रिश्तों पर भी दिया जोर

भारत-अमेरिका की ट्रेड डील पूरी मसौदे को दिया जा रहा अंतिम रूप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने एक बयान में कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच होने वाला व्यापार समझौता लगभग पूरा हो चुका है और सिर्फ अब कुछ कानूनी चीजें बची हुई हैं। अब दोनों पक्ष कानूनी और तकनीकी भाषा पर कार्य कर रहे हैं। यह जानकारी भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने दी।

दिल्ली में एक कार्यक्रम में गोर ने कहा कि समझौते की मुख्य बातें तय हो गई हैं और बाकी काम में टेक्स्ट के कुछ हिस्सों को फिर से व्यवस्थित और अंतिम रूप देना शामिल था। इसमें कानूनी और तकनीकी भाषा से जुड़े मुद्दों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। गोर ने कहा कि समझौते में सिद्धांत रूप से लगभग सब कुछ पूरा हो चुका है और अब बाकी काम मुख्य रूप से समझौते के लिखित स्वरूप को अंतिम रूप देने से जुड़ा है।

गोर ने कहा कि सिर्फ अब कुछ कानूनी चीजें बची हुई हैं। अब दोनों पक्ष कानूनी और तकनीकी भाषा पर कार्य कर रहे हैं

रूस से तेल खरीद पर 100 फीसदी टैरिफ का भारत पर पड़ेगा असर



एआई इमेज

- **ट्रंप रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध खत्म करना चाहते हैं**
- **मार्क रुबियो अक्टूबर में कई दिनों की एक और यात्रा के लिए भारत लौटेंगे**

अमेरिका के लिए भारत का महत्व बताया

गोर ने अमेरिका के लिए भारत के रणनीतिक महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका के लिए महत्वपूर्ण है और अमेरिका चाहता है कि उसकी सरकार के सबसे वरिष्ठ अधिकारी भारत आएं और यहां भाग लें। गोर ने बताया कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो मई में पांच दिन भारत में रहे थे। उन्होंने कहा कि रुबियो अक्टूबर में कई दिनों की एक और यात्रा के लिए भारत लौटेंगे। गोर ने कहा कि अमेरिका के लिए ऐसा होना असामान्य है।

पीएम मोदी ट्रंप के सच्चे दोस्त

गोर ने ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच करीबी रिश्तों पर भी जोर दिया और उनके संबंधों को गहरी और व्यक्तिगत दोस्ती बताया। उन्होंने कहा कि दोनों नेता काम करने में विश्वास रखने वाले और नतीजों पर ध्यान देने वाले हैं, और वे आपसी हित के मुद्दों पर तेजी से आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वे दोनों ही आगे की सोचने वाले हैं, तेजी से काम करना चाहते हैं और नतीजों पर ध्यान देते हैं। हमारे राष्ट्रपति प्रधानमंत्री का बहुत सम्मान करते हैं। 2020 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बाद जब ट्रंप पद पर नहीं थे, उस समय को याद करते हुए गोर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के लगातार समर्थन ने अमेरिकी राष्ट्रपति पर गहरी छाप छोड़ी थी।

रूस से तेल खरीद पर 100 फीसदी टैरिफ पर हम सहमत

अमेरिकी राजदूत ने अमेरिकी कांग्रेस में प्रस्तावित उस कानून को लेकर जताई जा रही चिंताओं पर भी बात की, जिसके तहत रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस कदम को राजनीतिक दलों के दोनों पक्षों के नेताओं का समर्थन मिल रहा है और इस बात पर जोर दिया कि यह व्हाइट हाउस की तरफ से शुरू की गई पहल नहीं है।

रक्षा मंत्रालय में तैनात थी महिला अफसर

7 माह पहले हुई थी शादी, शव घर में पंखे से लटका हुआ मिला

- पति और ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप
- नाजिया खानम करीब 3 महीने की प्रेग्नेंट थी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिमी दिल्ली में द्वारका के भरथल गांव में 30 वर्षीय नाजिया खानम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक महिला रक्षा मंत्रालय में सहायक अनुभाग अधिकारी (एएसओ) के पद पर तैनात थीं। द्वारका जिला पुलिस ने मामले में महिला के पति और ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 85 और 108 के तहत प्राथमिकी कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 21 अगस्त को दिन में 4:21 बजे पुलिस कंट्रोल रूम (पीसीआर) को भरथल गांव में एक महिला द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही सेक्टर-23 द्वारका थाना पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस के अनुसार जिस महिला का शव मिला, उनकी शादी इसी वर्ष 11 अप्रैल को ही मो. आजम अली खान के साथ मुस्लिम रीति-रिवाजों से हुई थी। शादी के सात महीने के भीतर मामला होने के कारण पुलिस ने तुरंत संबंधित एसडीएम (कार्यकारी मजिस्ट्रेट) को सूचित किया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए डीडीयू अस्पताल के शवगृह में भिजवाया। शिकायत में आरोप लगाया गया कि नाजिया खानम के ससुराल वाले उसके साथ दुर्व्यवहार और मारपीट करते थे। उसे धमकाया भी जाता था।

अगले दिन लगाए गंभीर आरोप

21 अगस्त को प्राथमिक पूछताछ के दौरान एसडीएम के समक्ष मृतक महिला के परिजनों ने अपने लिखित बयान में किसी भी प्रकार का संदेह या आरोप व्यक्त नहीं किया था। हालांकि, 22 अगस्त को परिजनों ने पुनः एसडीएम के सामने पेश होकर एक नई शिकायत दर्ज कराई, जिसमें पति और ससुराल वालों पर प्रताड़ना व अन्य गंभीर आरोप लगाए गए। परिवार की शिकायत के आधार पर पुलिस ने 22 अगस्त को थाना सेक्टर-23 द्वारका में मामला दर्ज कर लिया। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त के अनुसार, पीसीआर काल मिलते ही पुलिस ने तुरंत और निष्पक्ष कार्रवाई की है।

हथियारों की तस्करी करने वाले दो पकड़ाए

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने अवैध हथियार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 10 अत्याधुनिक पिस्तौल, मैगजीन तथा 10 कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने रविवार को बताया कि 'काउंटर इंटेलिजेंस' (सीआई) अमृतसर ने अवैध हथियार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया।

आतंक से साइबर वॉर तक आंतरिक सुरक्षा पर दो दिवसीय विमर्श आज से

खास बातें

- गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में 9वां राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन
- 850 से अधिक अधिकारी करेंगे मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



देश की आंतरिक सुरक्षा के बदलते स्वरूप और उभरती चुनौतियों पर रणनीति तैयार करने के लिए 9वां राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन सोमवार से नई दिल्ली में शुरू होगा। आज 24 और कल 25 अगस्त को होने वाले दो दिवसीय सम्मेलन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शामिल होंगे। हाइब्रिड प्रारूप में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में देशभर के सुरक्षा एवं पुलिस बलों के 850 से अधिक अधिकारी हिस्सा लेंगे। सम्मेलन में आतंकवाद, साइबर अपराध, ड्रोन, नार्को-टेरर नेटवर्क, संगठित अपराध, आतंक के वित्तपोषण, एन्क्रिप्टेड कम्युनिकेशन और बदलते हाइब्रिड सुरक्षा खतरों सहित राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े समकालीन मुद्दों पर व्यापक मंथन होगा। सम्मेलन की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें केवल शीर्ष पुलिस एवं सुरक्षा अधिकारी ही नहीं, बल्कि युवा पुलिस अधिकारी और विशेषज्ञ भी शामिल होते हैं।

'नीड टू नो' से 'इयूटी टू शेयर' पर जोर

राष्ट्रीय सुरक्षा व्यवस्था में सूचनाओं के आदान-प्रदान को लेकर केंद्र सरकार लगातार आगे बढ़ने पर जोर दे रही है। विभिन्न एजेंसियों के बीच उपलब्ध डेटा और तकनीकी संसाधनों को एकीकृत कर अपराध एवं आतंकवाद के नेटवर्क पर तेजी से कार्रवाई करना इसका प्रमुख उद्देश्य है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदली सुरक्षा चुनौती

ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदलते सुरक्षा परिदृश्य के बीच इस सम्मेलन का महत्व और बढ़ गया है। पारंपरिक आतंकवाद और सीमा सुरक्षा के साथ अब साइबर हमले, ड्रोन तकनीक, डिजिटल नेटवर्क, नार्को तस्करी और संगठित अपराध जैसी चुनौतियां भी राष्ट्रीय सुरक्षा के केंद्र में हैं। सम्मेलन में केंद्रीय एजेंसियों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की पुलिस के बीच रियल टाइम इंटेलिजेंस शेयरिंग और बेहतर समन्वय को मजबूत करने पर विशेष जोर रहने की संभावना है।

---

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com

CLASSIFIED

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- तेलीबांधा वी.आई.पी चौक उरकुरा, टाटीबंध, एम.जी. रोड हेतु सुरक्षा सुपरवाइजर, सुरक्षागार्ड की अतिशीघ्र आवश्यकता है। आयु सीमा- 25- 45 वर्ष, कृपया जरूरतमंद ही संपर्क करें संपर्क नंबर- 9981144486.(आरे-830)

आवश्यकता है- सुरक्षागार्ड गनमैन, फिल्ड ऑफिसर, सिक्युरिटी सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, घरेलू कामवाली बाई। वेतन 8000-20000 पता- साईं सिक्युरिटी सर्विस साई निवास कॉम्प्लेक्स जेजे हॉस्पिटल बाजू तोरवा बिलासपुर 9893041578, 8085233213, 7223821623, 7440981254.(आरे-41602)

मार्केटिंग

आवश्यकता है- नई व निर्माणाधीन गेटेड सोसाइटीज/काम्प्लेक्स में डोर टू डोर मार्केटिंग के लिए यंग, स्मार्ट और होशियार लड़कों की आवश्यकता है। संपर्क: 9300593000.(आरे-109)

इलेक्ट्रीशियन

आवश्यकता है- कंपनी हेतु आवश्यकता है DRIVE पैनल संबधित हेतु इलेक्ट्रीशियन की हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग कार्य आना चाहिए , श्री कालूका स्टील प्राइवेट लिमिटेड, हथखोज निरोस इस्पात कंपनी के पास भिलाई संपर्क करें:- 79740-79907 (आरे न.-4168)

टेक्निशियन

आवश्यकता है- कंपनी का नाम ऐशियन पूल्स पता पिथालिया कॉम्पलेक्स रायपुर मो. नंबर 9669161666 पद का नाम MALE टेक्नीशियन योग्यता 5वीं से 12वीं अनुभव प्लंबर का अनुभव आवश्यक अन्य बाइक होना अनिवार्य समय 10 घंटा वेतन 12000 से 15000.(आरे-832)

ड्रायवर

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है । ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30 बजे तक , रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से शाम 6:00 बजे तक (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें) सैलरी 25,000/- प्रतिमाह । रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी । जो तत्काल जॉइन कर सके वही संपर्क करें, बेवजह कॉल ना करें । पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क :- 9644720222.(आरे-15)

ड्राइवर/ऑफिस बॉय

आवश्यकता है- शंकरनगर ऑफिस में - (1) कार चलाने हेतु अनुभवी , कुशल ड्राईवर (2) ऑफिस बॉय की आवश्यकता है जो ऑफिस की साफ-सफाई व अन्य कार्यों में सहायता करें। बायोडाटा सहित संपर्क करें:- 9993011757 / 8878228031.(आरे-419)

हरिभूमि क्लासीफाईड

हाऊस कीपिंग

आवश्यकता है- हाउस कीपिंग – पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने हेतु), ऑफिस बॉय – केवल रायपुर लोकल उम्मीदवार एवं कंसल्टेंसी वाले संपर्क करें :- मो.6232022676.(आरे-309)

कम्प्युटर ऑपरेटर

आवश्यकता है- कंप्यूटर ऑपरेटर लड़कियों की आवश्यकता है NGO ग्रुप को प्राथमिकता संपर्क करें मोबाइल- 8461886239.(आरे-834)

आवश्यकता है- कंप्यूटर ऑपरेटर -2, जिसे PMJAY (प्रधानमंत्री जन आरोग्य) सॉफ्टवेयर में एंट्री करना आता हो आवश्यकता है रहने की सुविधा संपर्क: बांठिया हॉस्पिटल राजातालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.(आरे-575)

केयर टेकर

आवश्यकता है- आसीरवाद मातृछाया होमकेयर को ऑपरेशनल मैनेजर की आवश्यकता है। बेबीकेयर होमकेयर कृटीकल पेसेंट के लिए लेडिस केयर टेकर की आवश्यकता है। रहने, खाने की सुविधा, शैक्षणिक योग्यता 10 th to 12 th संपर्क 7509191133, 9630757513.(आरे-4791)

टेलर कारीगर

आवश्यकता है- जेंट्स टेलरिंग शॉप में पेंट और सफारी सूट सिलाई कार्य के लिए अनुभवी कारीगर की आवश्यकता हैं। संपर्क करे- नेशनल टेलर्स छोटापारा 8109669000, 07712223107(आरे-Meet)

मैनेजर

आवश्यकता है- नौकरी की जगह खाली है पद: 10-15 ट्रकों के लिए फ्लीट/ट्रक मैनेजर जगह: तहसील आरंग, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ सैलरी: अनुभव के आधार पर 25,000 या उससे ज्यादा WhatsApp : 9948417000.(आरे-829)

टेक्निशियन

आवश्यकता है- बजाज इलेक्ट्रिकल्स के ऑथराइज्ड सर्विस सेंटर रायपुर में कार्य हेतु टेक्निशियन की, जिन्हें पंखा, कूलर, इंडक्शन, प्रेस, गीजर आदि बनाना आता हो, एवं यूरेका फोर्ब्स के आरओ बनने हेतु टेक्नीशियन की सैलरी योग्यतानुसार +मोबाईल रिचार्ज संपर्क:- 7354913595.(आरे-059)

सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु पुरुष और महिला , सेल्समेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, ड्रायवर सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता विरदी साड़ी कंकालीपारा रोड रायपुर संपर्क समय 10:30 से 9:00, 9425522577, 9425522576 .(आरे-833)

मार्केटिंग

आवश्यकता है- रियल स्टेट हेतु मार्केटिंग कार्य के लिए लड़को(उम्र 18 से 35) की आवश्यकता वेतन योग्यतानुसार + कमीशन, पता - शंकरनगर, चौपाटी रायपुर (मिले - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक) 9098334681.(आरे-209)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

एकाउन्टेंट

आवश्यकता है- एकाउन्टेंट चाहिए न्यूनतम 10 वर्ष का रिटेलइंडस्ट्री में TALLY का अनुभव जगदम्बा फर्नीशिंग जवाहर मार्केट पावर हाऊस भिलाई फोन.- 83198-62525.(आरे-4167)

वेल्डर/ऑपरेटर

आवश्यकता है- फेब्रिकेशन कार्य हेतु वेल्डर एवं गैस कटिंग ऑपरेटर की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें। स्थान: बाराडेरा- धनसूली, मंदिरहसौद, रायपुर। मो. 7024347173.(आरे-060)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

Property प्रापर्टी

प्लाट

डायवर्टेड प्लाट बेचना है- भाटागांव भर्रीखार दो प्लांट 635- 600 वर्ग फुट का रेट 1500 प्रति वर्ग फुट नया रायपुर (जाम गांव) 1000 वर्ग फुट रेट 700 प्रति वर्ग फुट राजिम व आमापारा शिक्षक कॉलोनी 450 वर्ग फुट रेट 1000 प्रति वर्ग फुट संपर्क मोबाइल नंबर 8823780696 पी. एल यदु 9754685471, वी.के यदु 8827275508 पता परशु राम नगर महामाईपारा रायपुर (आरे-828)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करे। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152





अटारी-वाघा बॉर्डर बंद होने के बावजूद भारत पहुंच गईं 150 पाकिस्तानी दुल्हनें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अप्रैल 2025 में हुए पहलगाम आतंकी हमले और इसके जवाब में भारत की ओर से शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद वाघा-अटारी बॉर्डर बंद कर दिया गया था लेकिन, तनाव के बावजूद प्यार की बड़ी जीत हुई और करीब 150 पाकिस्तानी दुल्हनों ने मस्कट, दुबई और कोलंबो के रास्ते भारत पहुंचकर भारतीय दूल्हों संग शादी रचाने में कामयाब रही। गृह मंत्रालय की विशेष छूट से सफल हुआ यह अनोखा सफर। दरअसल, भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने सिंध के एक सम्मानित धार्मिक स्थल की पहल पर इन परिवारों को विशेष छूट दी। इसके बाद परिजनों के लिए तय समय के भीतर लौटने की पाबंदी की वजह से ज्यादातर शादियां बेहद सादगी के साथ संपन्न कराई गईं।

लंबा सफर तय करने के बाद पहुंचे भारत

सीमाओं और बंदिशों का मोहताज नहीं होता। इस मामले में भी ऐसा ही हुआ करीब डेढ़ साल के लंबे और थकाऊ इंतजार के बाद आखिरकार प्यार की जीत हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, लगभग 150 पाकिस्तानी दुल्हनें मस्कट, कोलंबो, ढाका, दुबई और कतर के रास्ते कनेक्टिंग फ्लाइट्स लेकर भारत पहुंचीं और नागपुर, जोधपुर, अहमदाबाद, रायपुर, पुणे व भोपाल जैसे शहरों में अपने जीवनसाथी संग विवाह के बंधन में बंध गईं।



450 रिश्तेदारों के साथ हवाई रास्ते से भारत पहुंचीं दुल्हनें

आमतौर पर पाकिस्तानी नागरिक वाघा बॉर्डर के रास्ते आसानी से भारत आते-जाते थे, लेकिन बॉर्डर बंद होने की वजह से उन्हें हजारों किलोमीटर का लंबा और घुमावदार हवाई रास्ता अपनाना पड़ा। रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल से जून के बीच ये दुल्हनें करीब 450 रिश्तेदारों के साथ भारत पहुंचीं।

एक किमी. दूर थी आरती, बॉर्डर हुई बंद : भारत में लंबे समय के वीजा पर रह रहे इंकेश जशनानी की सगाई ऑपरेशन सिंदूर से पहले हुई थी। उनकी मंगेतर आरती मई 2025 में वाघा बॉर्डर से महज एक किलोमीटर दूर थीं, तभी अटारी गेट बंद कर दिया गया। एक साल बाद आरती मस्कट के रास्ते नागपुर आईं, तब जाकर शादी हो पाई। हालांकि, वीजा पाबंदियों की वजह से उनके माता-पिता पाकिस्तान में ही छूट गए और सिर्फ भाई ही साथ आ सके।

काजल और संजय का 3 साल का इंतजार

नागपुर के रहने वाले संजय कलानी की सगाई पाकिस्तान के सिंध की काजल से तीन साल पहले हुई थी। इस बीच ऑपरेशन सिंदूर के बाद बॉर्डर पार न कर पाने से दोनों ने शादी की उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन 5 महीने पहले काजल कराची से मस्कट, फिर दिल्ली होते हुए नागपुर पहुंचीं, तब जाकर दोनों की शादी संपन्न हो पाई। पाकिस्तान के सिंध से आए राभेल जसवानी अपनी दुल्हन श्रेया से शादी करने के लिए अपने माता-पिता के साथ नागपुर आए. राभेल अब भारत में ही बसना चाहते हैं।

शादानी दरबार ने निभाई अहम भूमिका, पीठाधीश रायपुर में

पाकिस्तानी दुल्हनों को भारत का वीजा दिलाने और उनके अटके विवाह को संपन्न कराने में सिंध के घोटकी स्थित मशहूर शादानी दरबार ने बेहद निर्णायक भूमिका निभाई। दरबार के पीठाधीश संत युधिष्ठिर लाल शादानी जो अब रायपुर में निवास करते हैं उन्होंने भारत सरकार और गृह मंत्रालय के सामने पाकिस्तान में फंसी इन दुल्हनों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। उनकी ही कोशिशों का नतीजा रहा कि केंद्र सरकार ने मानवीय आधार पर इन परिवारों को भारत आने की विशेष अनुमति प्रदान की, तब जाकर इन लोगों की शादी संपन्न हो पाई।

जैकेट के शेष

नवंबर-दिसंबर तक शुरू ....

2030 तक विकसित संभाग बनाने का लक्ष्य : वन मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 तक बस्तर संभाग को विकसित संभाग के रूप में स्थापित करना है। इसके लिए बस्तर के सभी जिलों में विकास कार्यों को गति देने, आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने और स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बस्तर की परिस्थितियों और यहां की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकास की योजनाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। सरकार का प्रयास है कि आने वाले वर्षों में बस्तर विकास के नए मॉडल के रूप में सामने आए।

कांग्रेस की योजनाओं पर केदार कश्यप का तंज : जिला संवाद के दौरान कांग्रेस सरकार की योजनाओं पर सवाल उठाते हुए केदार कश्यप ने राजनीतिक तंज भी कसा। उन्होंने गोबर खरीदी योजना का जिक्र करते हुए कहा कि "हमारे कार्यकाल में लाखों का गोबर देने वाली गाय नहीं मिली है।"

डीएमएफ फंड को लेकर भी कांग्रेस पर निशाना : केदार कश्यप ने जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) फंड के मुद्दे पर भी कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम की तरह डीएमएफ फंड की जांच की मांग करने की जरूरत नहीं पड़ी है। उन्होंने इस बयान के जरिए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में डीएमएफ फंड के इस्तेमाल को लेकर उठे सवालों पर निशाना साधा और भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली को बेहतर बताया।

लता बोलीं-जिन कार्यों ....

सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जिले में होने वाले विकास कार्यों को लेकर सरकार गंभीर है और जनता को योजनाओं का वास्तविक लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

कोंडागांव में बनेगा ट्राइबल म्यूजियम : लता उसेंडी ने बताया कि कोंडागांव में ट्राइबल म्यूजियम का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह संग्रहालय जिले की आदिवासी संस्कृति, परंपराओं और विरासत को प्रदर्शित करने के साथ कोंडागांव की पहचान और गौरव को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि बस्तर की समृद्ध आदिवासी संस्कृति देश-दुनिया के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र है और ट्राइबल म्यूजियम के माध्यम से कोंडागांव की सांस्कृतिक विरासत को व्यापक पहचान मिल सकेगी।

पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर : विधायक ने कहा कि कोंडागांव जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जिले में मौजूद प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन स्थलों को विकसित करने की दिशा में काम किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक पर्यटक कोंडागांव की ओर आकर्षित हों। उन्होंने बताया कि जिले की एक पहाड़ी का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। इसके माध्यम से क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने और स्थानीय स्तर पर पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने की योजना है।

पूर्ण शराबबंदी का नारा ....

प्रदेश में शराब की बिक्री को लेकर सरकार की नीति क्या है। उन्होंने संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण को लेकर भी भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान संविदा कर्मचारियों को पक्की नौकरी देने का वादा किया गया था, लेकिन सत्ता में आने के बाद इस दिशा में अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई।

सरकार की सख्ती ....

पारंपरिक आपूर्तिकर्ता थाईलैंड में खुद चीनी की कमी होने के कारण वहां से आयात की संभावना नहीं है। नाइकनवारे ने कहा कि बाजील से भारतीय बंदरगाहों तक चीनी पहुंचने में आमतौर पर 40-45 दिन लगते हैं। इसके बाद बंदरगाह से चीनी मिल तक माल पहुंचने में भी समय लगता है। उन्होंने कहा, इसलिए 15 अक्टूबर से पहले कितनी चीनी पहुंच सकती है, इसका आंकड़ा देना मुश्किल है, लेकिन उस तारीख तक कुछ खेप के पहुंचने की अच्छी संभावना है। नाइकनवारे ने कहा कि सरकार द्वारा 31 अक्टूबर तक खेप पहुंचने की समयसीमा को सख्ती से लागू करने की संभावना नहीं है और इस तारीख के बाद भारत पहुंचने वाली रास्ते में मौजूद चीनी की खेपों को भी अनुमति दी जा सकती है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि सरकार उस तारीख के बाद पहुंचने वाली खेपों पर भी विचार करने को तैयार होगी। मुझे नहीं लगता कि इसे सख्त और अंतिम समयसीमा माना जाएगा।

प्लांट पैथोलॉजी की परीक्षा ....

प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले ही व्हॉट्सऐप पर वायरल होने के बाद मामले का खुलासा हुआ। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए कृषि विवि ने रविवार को आपातकालीन बैठक आयोजित की थी। बैठक में ही यह निर्णय लिया गया। इसके अलावा विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग तथा महाविद्यालयों के परीक्षा हॉल में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाएगी। विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा भविष्य में आयोजित होने वाली परीक्षाओं की गोपनीयता एवं पारदर्शिता में बढ़ोतरी हेतु आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करने पर भी विचार किया जा रहा है। निरस्त हुई दोनों परीक्षाएं सितंबर के प्रथम सप्ताह में आयोजित होगी।

छात्रों पर भी होगी अनुशासनात्मक कार्यवाही : भारतीय कृषि महाविद्यालय, दुर्ग पर पेपर लीक प्रकरण में परीक्षा की गोपनीयता सुनिश्चित न कर पाने के लिए नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करने का फैसला लिया गया है। उन्हें इस संबंध में नोटिस जारी किया गया। 20 अगस्त के पेपर लीक प्रकरण में पुलिस द्वारा भारतीय कृषि महाविद्यालय दुर्ग के जिन दोषी पाए गए छात्रों को हिरासत में लिए गया है, उन ऊपर भी कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया है। भारतीय कृषि महाविद्यालय दुर्ग में विवि प्रशासन द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वरों को भी कारण बताओ नोटिस देने का निर्णय लिया गया है। बैठक में तय किया गया कि दोनों रद्द परीक्षाएं सितंबर माह के प्रथम सप्ताह में पुनः आयोजित की जाएंगी।

पासवर्ड प्रोटेक्टेड ईमेल से ....

महाविद्यालयों को हार्ड कॉपी के स्थान पर पासवर्ड प्रोटेक्टेड ईमेल के माध्यम से भेजे गए। संबंधित महाविद्यालयों को प्रातः 10 बजे से होने वाले प्रश्न पत्र का ईमेल प्रातः 9:30 बजे उपलब्ध कराया गया, जिससे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की कोई आशंका न रहे। सोमवार 24 अगस्त को आयोजित होने वाली परीक्षाएं भी इसी प्रक्रिया से संपन्न कराई जाएंगी।

घोंघा नदी में ....

मृतकों में 7 वर्षीय अनमोल जायसवाल, 8 वर्षीय शिक्षा जायसवाल और 9 वर्षीय स्तुति जायसवाल शामिल हैं। तीनों बच्चों की मौत की खबर से समडील गांव में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार ग्राम समडील निवासी भुवनेश्वर जायसवाल और विजय जायसवाल की बेटियां स्तुति व शिक्षा तथा अनमोल जायसवाल गांव से करीब दो किलोमीटर दूर नयापारा स्थित डीपी विप्र स्कूल में पढ़ते थे। शनिवार शाम करीब 4 बजे स्कूल की छुट्टी होने के बाद तीनों साइकिल से घर लौट रहे थे। बताया गया कि पुल से जाने के बजाय बच्चे शॉर्टकट रास्ते से घोंघा नदी पार करने लगे। नदी के बीच पहुंचते ही तेज बहाव के कारण साइकिल का संतुलन बिगड़ गया और तीनों बच्चे पानी के तेज बहाव में बह गए।

600 मीटर दूर मिला अनमोल का शव : रेस्क्यू टीम को सबसे पहले 7 वर्षीय अनमोल जायसवाल का शव घटनास्थल से करीब 600 मीटर दूर पुल के नीचे मिला। शव बरामद होते ही परिजनों और ग्रामीणों में चीख-पुकार मच गई। इसके बाद टीम ने नदी के अन्य हिस्सों में तलाश तेज कर दी। **एनीकट के पास मिली स्तुति की लाश :** सर्च ऑपरेशन के दौरान 9 वर्षीय स्तुति जायसवाल का शव एनीकट के पास बरामद किया गया। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम ने नदी के अन्य हिस्सों में तलाशी जारी रखी। कुछ ही देर बाद 8 वर्षीय शिक्षा जायसवाल का शव भी बरामद कर लिया गया। तीनों शव मिलने के साथ ही शनिवार शाम से जारी तलाश पूरी हुई, लेकिन इस हादसे ने पूरे गांव को गहरे सदमे में डाल दिया।

पेज एक के शेष

पार्वतीपुरम के नाम से इतिहास...

कश्यप कहते हैं कि यहां शिव शक्ति को मानने वाले राजाओं का शासन रहा होगा। खुदाई होने पर कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिल पाएगी। शिक्षक अनाम कश्यप ने बताया कि शिवलिंग के अलावा कई जगह ईंट का टीला भी है। बचपन से यहां हम देख रहे हैं कि जंगल में जगह-जगह हैं शिवलिंग। शिवलिंग के अलावा यहां देवी पार्वती का मंदिर भी है। शिक्षक नेपाल सिंह दिल्लीवार ने यहां पार्वती मंदिर की स्थापना की। यह मूर्ति उनके द्वारा किसी मूर्तिकार से बनवाई गई है।

पूरे बस्तर में शिवमंदिरों...

उसी जगह पर खुदाई की जहां से शिवलिंग मिली। यह स्वयंभू भगवान शिव हैं। धीरे-धीरे इसका आकार बढ़ता जा रहा है। इसी तरह गुप्तेश्वर, गुमलवाड़ा, चिंगीतरई, नारायणपाल, ग्राम बस्तर में भी प्राचीन शिवमंदिर हैं, जिनका 6वीं-7वीं और 12वीं-13वीं शताब्दी के दौरान जिन राजाओं का शासन रहा उनके समय शिवमंदिर निर्माण बताया जा रहा है।

सिस्टम मेहरबान...

795 मिमी. बरसात हो चुकी है, जो अब तक की औसत वर्षा से सात फीसदी कम है यानी 93 प्रतिशत पानी बरस चुका है। मानसून का ज्यादा प्रभाव मध्य इलाके में है, मगर अन्य हिस्सों में बरसात हो रही है।

सितंबर की शुरुआत...

ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण से पूर्वी यूपी तक झारखंड और उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी उत्तरप्रदेश के ऊपर मौजूद है। साथ ही एक विंडशियर जोन धमतरी के आसपास बना हुआ है।

7 राज्यों की चुनावी...

कई मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक अहम बैठक की। इसमें खास तौर पर उत्तर प्रदेश और गुजरात सहित अगले साल सात राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों की रणनीति पर चर्चा हुई।

जन्मदिन पर भूपेश ....

भूपेश बघेल ने कार्यकर्ताओं और समर्थकों का आभार जताते हुए कहा, उनका स्नेह, प्यार और आशीर्वाद ही मेरी असल ताकत है। कार्यकर्ताओं का विश्वास उन्हें प्रदेश के तीन करोड़ लोगों के लिए काम करने की प्रेरणा देता है। प्रदेश के कोने-कोने से पहुंचे कार्यकर्ताओं का उत्साह उन्हें कर्तव्य पथ पर और मजबूती से आगे बढ़ने की ताकत देता है। उन्होंने कहा, कार्यकर्ताओं का विश्वास और अपेक्षाएं उन्हें हमेशा अधिक क्षमता के साथ छत्तीसगढ़ की माटी की सेवा के लिए प्रेरित करती रहेंगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कार्यकर्ताओं की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए उनका प्रयास लगातार जारी रहेगा।

28 से अधिक विधायक पहुंचे : भूपेश बघेल को जन्मदिन की बधाई देने के लिए 28 से अधिक विधायक पहुंचे। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश से मंत्री अनिरुद्ध सिंह और रीवा से पूर्व सांसद राजमणि पटेल ने भी पाटन पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। अखरा में हुए कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों की बड़ी मौजूदगी ने आयोजन को खास बना दिया।

रायपुर एक्स सीएम हाउस में भी जुटे कार्यकर्ता : रायपुर स्थित एक्स सीएम हाउस में भी प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जन्मदिन मनाया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घ राजनीतिक जीवन और प्रदेश के लिए निरंतर सक्रिय रहने की कामना की।

राशिफल

मेष कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

वृष कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

मिथुन अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

कर्क आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

सिंह पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

कन्या नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

तुला आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

वृश्चिक वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

धनु रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

मकर आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

कुंभ परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

मीन रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

गाजियाबाद में पत्नी और बेटी की चाकू मारकर हत्या

गाजियाबाद। गाजियाबाद जिले के खोड़ा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और बेटी की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी और छोटी बेटी पर भी हमला किया। इंदिरापुरम के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) सूर्यबली मौर्य ने बताया कि आरोपी मोहम्मद राजा अंसारी (48) मूल रूप से बिहार के अररिया का रहने वाला है और गाजियाबाद के लोकप्रिय विहार की गली नंबर तीन में एक मकान की चौथी मंजिल पर परिवार के साथ रहता है। मृतकों की पहचान उसकी पत्नी बेबी तबस्सुम (38) और बड़ी बेटी सना तबस्सुम (15) के रूप में हुई है। मौर्य ने कहा कि छोटी बेटी रूबी तबस्सुम उर्फ जोया (14) हमले में घायल हो गई और उसने किसी तरह भागकर शोर मचाया, जिसके बाद पड़ोसियों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

युद्धस्तर पर काम, गांवों में भी पाइप से पहुंचेगी रसोई गैस

हर घर में पीएनजी, जिलों में तैनात होंगे नोडल अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार घरों में एलपीजी सिलेंडर की जगह पाइप वाली प्राकृतिक गैस यानी पीएनजी का इस्तेमाल बढ़ाने की तैयारी कर रही है। केंद्र सरकार ने घरों में पाइप के जरिए प्राकृतिक गैस (पीएनजी) की पहुंच और इस्तेमाल बढ़ाने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त करने को कहा है। ये अधिकारी गैस वितरण कंपनियों और पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के साथ समन्वय कर उन घरों को पाइप वाली रसोई गैस से जोड़ने में मदद करेंगे, जहां पाइपलाइन की सुविधा उपलब्ध है। पेट्रोलियम सचिव नीरज मित्तल ने 21 अगस्त को राज्यों के मुख्य सचिवों को भेजे पत्र में कहा कि पीएनजी सुरक्षित, स्वच्छ और अधिक सुविधाजनक ईंधन है। इसका इस्तेमाल बढ़ने से रसोई गैस सिलेंडर यानी एलपीजी की ढुलाई का बोझ कम होगा और शहरों में तैयार किए गए गैस वितरण ढांचे का बेहतर उपयोग हो सकेगा। मंत्रालय चाहता है कि इस मामले में जिला-स्तर पर हस्तक्षेप हो। मंत्रालय एक ऐसा नियामकीय ढांचा लागू करने वाला है जिसके तहत परिवार ऐसे इलाकों में एलपीजी और पीएनजी कनेक्शन दोनों एक साथ नहीं रख सकेंगे जहां पाइप वाली गैस उपलब्ध है।



हरिभूमि सरोकार

एक घर में एलपीजी-पीएनजी दोनों नहीं

नए अधिसूचित नियमों के तहत ऐसे इलाकों में घरों को एक साथ एलपीजी और पीएनजी कनेक्शन रखने की अनुमति नहीं होगी। नोटिस दिए जाने के बाद पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन नहीं करने वाले उपभोक्ताओं की एलपीजी आपूर्ति बंद की जा सकती है। इसके लिए प्रत्येक भौगोलिक क्षेत्र में पीएनजी समन्वय समिति गठित की जाएगी। समिति आवासीय सोसायटी और पात्र घरों की पहचान करेगी, नोटिस जारी करेगी तथा उपभोक्ताओं के लिए जागरूकता और कनेक्शन शिविर आयोजित करेगी।

छतरपुर में प्रेमिका को पाने की अंधी सनक

दो मासूमों का अपहरण कर कुए में फेंका पुलिस ने बरामद किए दो भाइयों के शव

क्षेत्र में बढ़ा तनाव, आरोपी की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छतरपुर

जिले के लवकुशनगर थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली सनसनीखेज वारदात सामने आई है। अपनी शादीशुदा प्रेमिका को पाने की अंधी सनक में एक सिरफिरे प्रेमी ने उसके दो मासूम बेटों का अपहरण कर उन्हें कुए में फेंक दिया। शुक्रवार से लापता दोनों सगे भाइयों के शव रविवार को पहाड़तरे के पुरवा स्थित एक कुए से बरामद हुए। इस दोहरे हत्याकांड के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश और तनाव का माहौल है।



मृतकों के साथ आरोपी

लवकुशनगर के सिद्दन मोहल्ला निवासी निरपत यादव के दो बेटे सचिन (11) और प्रेम (9) शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे स्कूल से लौटते समय अचानक गायब हो गए थे। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर 5 थानों की टीमों के साथ सर्च ऑपरेशन शुरू किया। रविवार को जांच के दौरान दोनों बच्चों के शव जुझारनगर थाना क्षेत्र के कुए से बरामद किए गए।

पारिवारिक मित्र ही निकला कातिल

छतरपुर एसपी रजत सकलेचा के अनुसार, शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी बालकेश सिंह महिला का प्रेमी और पारिवारिक मित्र था। उसका घर आना-जाना होने के कारण बच्चे आसानी से उसके साथ बाइक पर चले गए। आरोपी महिला को अपने साथ रखने की जिद पर अड़ा था और रास्ते का कांटा हटाने के लिए उसने इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद पुलिस बल तैनात कर आरोपी की तलाश तेज कर दी गई है।

बलिया में तीन नाबालिग छात्राएं लापता, अपहरण का मामला दर्ज


बलिया। बलिया जिले के गड़वार थाना क्षेत्र में स्कूल जाने के लिए घर से निकलीं कक्षा आठ की तीन छात्राएं लापता हो गईं। पुलिस ने रविवार को बताया कि इस मामले में एक छात्रा की मां की तहरीर पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की अपहरण से संबंधित धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। हथौड़ी गांव की रहने वाली कक्षा आठ की 14 से 15 वर्ष के बीच की तीन छात्राएं शनिवार सुबह नौ बजे घर से स्कूल गईं, लेकिन वापस घर नहीं लौटीं। गड़वार थाना के प्रभारी निरीक्षक हितेश कुमार ने रविवार को बताया कि इस मामले में एक छात्रा की मां की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) (अपहरण) के तहत मामला दर्ज करके लापता छात्राओं की तलाश की जा रही है।

स्कूलों में वीडियोग्राफी बैन का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

यूपी-राजस्थान ने जारी किया है आदेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश और राजस्थान के स्कूलों में बाहरी लोगों की एंट्री और वीडियोग्राफी पर रोक लगाने वाले सरकार के सर्कुलर को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। सर्कुलर स्कूल में बिना समुचित इजाजत लिए फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, इंटरव्यू, ऑडियो रिकॉर्डिंग और लाइव-स्ट्रीमिंग पर पाबंदी लगाता है। याचिका में संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के उल्लंघन का हवाला देते हुए कहा गया कि यह सर्कुलर 'अभिव्यक्ति और प्रेस की स्वतंत्रता' के अधिकार को प्रभावित करता है। वकील नरेंद्र मिश्रा ने सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल कर यह सर्कुलर रद्द करने की मांग की है. याचिका में कहा गया है कि राज्य सरकारों का ये आदेश संविधान के अनुच्छेद 14, 19(1)(ए), 19(1)(जी), 21 और 21-ए का सीधा सीधा उल्लंघन करता है।




क्या है दोनों प्रदेशों की सरकारों का सर्कुलर

इस सर्कुलर के जरिए सरकारी स्कूलों में बाहरी लोगों, पत्रकारों, यूट्यूबर्स, सोशल मीडिया पर्सन्स और सिविल-सोसाइटी के रिप्रेजेंटेटिव्स की बिना समुचित इजाजत लिए दाखिल होकर शूटिंग या अन्य कार्यवाही संचालित करने पर रोक लगाई गई है। सर्कुलर स्कूल में बिना समुचित इजाजत लिए फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, इंटरव्यू, ऑडियो रिकॉर्डिंग और लाइव-स्ट्रीमिंग पर पाबंदी लगाता है।

स्वतंत्रता के अधिकार पर प्रभाव : याचिकाकर्ता

याचिका में संविधान के अनुच्छेद 19(1)(**a**) के उल्लंघन का हवाला देते हुए कहा गया है कि यह सर्कुलर मीडिया और नागरिकों के 'अभिव्यक्ति और प्रेस की स्वतंत्रता' के अधिकार को प्रभावित करता है। स्कूलों की कमियों या सच्चाई को उजागर करने से रोकना सूचना के अधिकार में बाधा है। इसमें पारदर्शिता और जवाबदेही का अभाव है। सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में क्या चल रहा है, यह जानने का हक जनता को है। प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगाने से भ्रष्टाचार और लापरवाही को बढ़ावा मिल सकता है।

शब्द पहेली - 6326



बाएँ से दाए-
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

ऊपर से नीचे
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

शब्द पहेली -6325 का हल

■	स	ला	म	त	■	म	हा	व	र	■
का	म	■	ही	र	■	म	सि	■	थ	ल
फी	■	शा	न	■	वं	■	ल	ब	■	क्ष्य
■	■	य	■	म	हा	न	■	र	■	■
■	फ	र	मा	न	■	र	स	खा	न	■
का	की	■	ल	■	■	■	न	■	र	ति
■	■	र	नि	वा	स	■	ह	म	द	म
■	■	■	य	■	र	ज	क	■	स्त	■
जा	■	म	■	जा	■	हां	■	श	क	■	का
न	शा	■	य	म	■	■	पा	प	■	सा	या
■	म	हा	का	ल	■	■	ल	थ	प	थ	■

सूडोकु नवताल - 6336

कठिनतम

				5	1	4		
			7				2	
		8						3
	1							8
5				4				9
7							6	
4						7		
	2				6			
		3	9	8				

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6335 का हल

4	7	6	3	5	2	9	1	8
5	9	8	6	7	1	4	3	2
2	3	1	8	9	4	7	6	5
6	8	5	7	3	9	2	4	1
3	2	4	5	1	6	8	7	9
7	1	9	4	2	8	3	5	6
8	4	3	2	6	5	1	9	7
1	5	2	9	4	7	6	8	3
9	6	7	1	8	3	5	2	4

बाजार का सप्ताह भारी, क्रूड, जंग और यूएस फेड तय करेंगे दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कच्चे तेल की कीमतें और अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े घटनाक्रम इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा तय करने वाले प्रमुख कारक होंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। रिलायंस ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि निवेशक जैक्सन होल आर्थिक संगोष्ठी पर करीबी नजर रखेंगे। खासकर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख की टिप्पणियों से ब्याज दरों की आगे की दिशा के संकेत मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुमान, टिकाऊ वस्तुओं के ऑर्डर और उपभोक्ता भरोसे से अमेरिकी अर्थव्यवस्था की मजबूती तथा फेडरल रिजर्व की नीतिगत दिशा के बारे में भी महत्वपूर्ण संकेत मिलेंगे। घरेलू मोर्चे पर निवेशकों की नजर रुपए की चाल, विदेशी संस्थागत निवेशकों के निवेश प्रवाह और घरेलू बाजार में नकदी की स्थिति पर रहेगी।



शेयर बाजार में आ सकती है स्थिरता

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि निफ्टी में लगातार दो सप्ताह की गिरावट के बाद भारतीय शेयर बाजार में इस सप्ताह कुछ स्थिरता आ सकती है और निकट अवधि में मामूली सुधार की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि बाजार की निगाह ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों पर भी रहेगी, जो 90 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी हुई हैं।

वैश्विक बाजारों में छाए रहेंगे तीन प्रमुख मुद्दे

संपत्ति प्रौद्योगिकी कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा कि वैश्विक बाजारों में इस सप्ताह तीन प्रमुख मुद्दे छाए रहेंगे। इनमें अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति की दिशा, एनवीडिया के तिमाही परिणाम और अमेरिका-ईरान के बीच जारी तनाव शामिल हैं। उन्होंने कहा कि दीर्घावधि की अमेरिकी प्रतिभूतियों पर प्रतिफल में उतार-चढ़ाव के बीच जैक्सन होल संगोष्ठी में फेड के प्रमुख केविन वॉर्श के संबोधन पर करीबी नजर रहेगी। इससे सितंबर की नीतिगत बैठक से पहले केंद्रीय बैंक द्वारा लगातार बनी महंगाई के जोखिम और श्रम बाजार में नरमी के संकेतों के बीच संतुलन को लेकर संकेत मिल सकते हैं। पोनमुडी ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतें भी एक बड़ा बाहरी जोखिम बनी हुई हैं।

सोने-चांदी में मुनाफावसूली का खतरा, यूएस जीडीपी तय करेगी दाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों में तेजी का रुख जारी रहने की उम्मीद है। हालांकि, उच्च स्तर पर मुनाफावसूली से तेजी की रफ्तार कुछ धीमी हो सकती है। विश्लेषकों ने बताया कि निवेशक अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं। अमेरिकी मुद्रास्फीति और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े सर्राफा बाजार के लिए प्रमुख उत्प्रेरक होंगे। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा पश्चिम एशिया की भू-राजनीति से जुड़े घटनाक्रम, विशेष रूप से अमेरिका-ईरान शांति समझौता और होर्मुज जलडमरुमध्य का फिर से खुलना भी कीमतों को प्रभावित करेगा।



सोना मजबूती से सकारात्मक बना रहा

एलकेपी सिक्योरिटीज के जिंस एवं मुद्रा शोध विश्लेषक तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष जतिन त्रिवेदी ने कहा, 'इस सप्ताह सोना मजबूती से सकारात्मक बना रहा और पांच प्रतिशत से अधिक की बढ़त दर्ज करते हुए एमसीएक्स पर 1.62 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब बंद हुआ।' उन्होंने कहा कि इस तेजी को सर्राफा में नए सिरे से लिवाली, बॉन्ड प्रतिफल में नरमी और नकदी की बेहतर स्थितियों से समर्थन मिला।

मुनाफावसूली से इनकार नहीं

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के जिंस एवं मुद्रा शोध के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, 'आगामी कारोबारी सत्र में हमारा अनुमान है कि रुझान सकारात्मक बना रहेगा, लेकिन कुछ मुनाफावसूली से इनकार नहीं किया जा सकता।' घरेलू मोर्चे पर मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अक्टूबर डिलिवरी वाला सोना वायदा 7,932 रुपए या 5.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ सप्ताहांत पर 1.62 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। सितंबर डिलिवरी वाली चांदी 10,673 रुपए या 4.52 प्रतिशत उछलकर 2.46 लाख रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

खबर संक्षेप

ग्रासिम करेगी 2 लाख करोड़ का कारोबार

नई दिल्ली। ग्रासिम इंडस्ट्रीज का एकीकृत कारोबार वित्त वर्ष 2026-27 में दो लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने की उम्मीद है। कंपनी के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि भवन निर्माण सामग्री, वित्तीय सेवाओं, डिजिटल वाणिज्य और नवीकरणीय ऊर्जा सहित विविध कारोबार से कंपनी को वृद्धि में मदद मिलेगी। आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनियों अल्ट्राटेक सीमेंट, आदित्य बिड़ला कैपिटल, बिड़ला ओपस, आदित्य बिड़ला रिन्यूएबल्स और बिड़ला पिवट की होल्डिंग कंपनी ग्रासिम ने वित्त वर्ष 2025-26 में 1.75 लाख करोड़ रुपए का अब तक का सर्वाधिक एकीकृत कारोबार दर्ज किया था।

सेन्को गोल्ड खोलेगा 20 नए स्टोर

मुंबई। आभूषण कंपनी सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स को चालू वित्त वर्ष में अपना राजस्व 25 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ 10,500-11,000 करोड़ रुपए तक पहुंचने की उम्मीद है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के सीईओ सुवंकर सेन ने कहा कि कंपनी के फिलहाल करीब 190 स्टोर हैं और वित्त वर्ष 2026-27 में 20 नए स्टोर खोलने की योजना है।

गोल्ड लोन होगा 1.5 लाख करोड़ के पार

चेन्नई। सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक को उम्मीद है कि उत्पाद की मजबूत मांग के कारण उसका स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो चालू वित्त वर्ष में 1.5 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर जाएगा। इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बिनोद कुमार ने कहा, 'स्वर्ण ऋण (गोल्ड लोन) बैंकों के लिए सुरक्षित कर्ज है। यह उपभोग के लिए लिया जाने वाला कर्ज नहीं है, बल्कि मुख्य रूप से आय बढ़ाने और छोटे कारोबार को बढ़ाने में मदद करता है।'



भारत में स्टारबक्स खोलेगा तेजी से स्टोर



मुंबई। भारत में स्टारबक्स एक बार फिर तेजी से स्टोर खोलने की रणनीति पर लौटने की तैयारी में है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लि. (टीसीपीएल) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुनील डिसूजा ने कहा कि पिछले डेढ़-दो साल में कंपनी ने अपने कारोबारी मॉडल को नए सिरे से तैयार करने पर ध्यान दिया है और अब कारोबार में सुधार के संकेत स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। टाटा स्टारबक्स ने लगातार चार तिमाहियों में 'समान स्टोर बिक्री' में वृद्धि दर्ज की है।

प्रमुख एफएमसीजी कंपनियों ने की शीर्ष स्तर पर बदलाव की घोषणा

एफएमसीजी में 'बॉस' बदलने की बयार ग्रोथ के लिए शीर्ष पदों पर नए चेहरे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में रोजमर्रा की जरूरत का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) में नेतृत्व परिवर्तन का दौर देखने को मिल रहा है। कई प्रमुख कंपनियां अपने परिचालन को अधिक प्रभावी बनाने, वृद्धि को गति देने और उपभोक्ताओं की बदलती प्राथमिकताओं के अनुरूप ढलने के लिए नए मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त कर रही हैं तथा वरिष्ठ अधिकारियों को पदोन्नत कर रही हैं।

पिछले लगभग 12 माह में हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल), गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल), डाबर इंडिया, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज और कोलगेट-पामोलिव इंडिया सहित कम से कम आधा दर्जन प्रमुख एफएमसीजी कंपनियों ने शीर्ष स्तर पर बदलाव की घोषणा की है।

नेस्ले इंडिया में हुआ नेतृत्व परिवर्तन

नेस्ले इंडिया में इस अवधि से ठीक पहले नेतृत्व परिवर्तन हुआ था। नेतृत्व में ये बदलाव ऐसे समय में हुए हैं जब एफएमसीजी कंपनियां चुनौतीपूर्ण कारोबारी माहौल का सामना कर रही हैं, जो असमान उपभोक्ता मांग, क्षेत्रीय और स्थानीय कंपनियों से बढ़ती प्रतिस्पर्धा, तथा लाभप्रदता की सुरक्षा करते हुए मात्रा आधारित वृद्धि दर्ज करने के दबाव से जूझ रही हैं। कंपनियां भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और आपूर्ति-श्रृंखला के व्यवधानों के कारण बढ़ी हुई लागत से भी जूझ रही हैं, जबकि निवेशक टिकाऊ वृद्धि और मार्जिन विस्तार पर तेजी से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।



सीतापति के बाहर निकलने से मची हलचल

इसके साथ ही, विभिन्न श्रेणियों में प्रीमियम उत्पादों की बढ़ती मांग उपभोक्ता संभावनाओं को नया रूप दे रही है, जिससे एफएमसीजी कंपनियां अपने उत्पाद पोर्टफोलियो को पुनर्गठित कर रही हैं और उच्च-मूल्य वाले उपभोग अवसरों का लाभ उठाने के लिए नवाचार क्षमताओं को मजबूत कर रही हैं। इस महीने की शुरुआत में गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) से सुधीर सीतापति के अचानक बाहर निकलने से उद्योग जगत में हलचल मच गई है। सीतापति का इस्तीफा शेयरधारकों द्वारा उन्हें फिर से पांच साल के लिए नियुक्त किए जाने के कुछ ही दिन बाद आया। अगले दिन जीसीपीएल के शेयर में 11 प्रतिशत तक की भारी गिरावट आई और यह 52-सप्ताह के निचले स्तर पर आ गया। कंपनी ने समूह के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) आसिफ मालबारी को उनके उत्तराधिकारी के रूप में नामित किया।

कोलगेट-पामोलिव ने की नेतृत्व परिवर्तन की घोषणा

कोलगेट-पामोलिव इंडिया ने नेतृत्व परिवर्तन की घोषणा की है, जिसके तहत प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रभा नरसिम्हन 27 सितंबर को कामकाज समाप्त होने के बाद एशिया-प्रशांत क्षेत्र की व्यापक विपणन भूमिका में स्थानांतरित होंगी। कोलगेट के पूर्व कार्यकारी मनीष आनंदानी को 28 सितंबर से उनका उत्तराधिकारी नियुक्त किया जा रहा है। प्रिया नायर ने एक अगस्त, 2025 को रोहित जावा की जगह एचयूएल के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी का पदभार संभाला। जावा ने अपने निर्धारित पांच साल के कार्यकाल के पूरा होने से लगभग तीन साल पहले पद छोड़ दिया था।

ब्रिटानिया के सीईओ ने दिया अचानक इस्तीफा

ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज के कार्यकारी उपाध्यक्ष, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी वरुण बेरी ने एक दशक से अधिक समय तक इस प्रमुख बिस्कुट तथा बेकरी कंपनी का नेतृत्व करने के बाद नवंबर, 2025 में अचानक इस्तीफा दे दिया। डाबर इंडिया ने अप्रैल, 2026 से हरजीत एस भल्ला को सीईओ (भारतीय व्यवसाय) नियुक्त किया, जबकि मोहित मल्होत्रा को पदोन्नत कर वैश्विक सीईओ बनाया गया।

एफएसएसएआई का सख्त एक्शन, दो बड़ी फूड कंपनियों पर लगाया बैन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने नियमों के गंभीर उल्लंघन के मामले में मार्शे रिटेल प्राइवेट लिमिटेड का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। साथ ही, दमन स्थित एसडीपी इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड को घी के सभी प्रकार के उत्पाद बेचने से रोक दिया है। एफएसएसएआई ने सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट में कहा कि खाद्य सुरक्षा नियमों के गंभीर उल्लंघन सामने आने के बाद उसने नई दिल्ली स्थित मार्शे रिटेल का लाइसेंस निलंबित किया है और दमन स्थित एसडीपी इंडस्ट्रीज के खिलाफ प्रतिबंध आदेश जारी किया है। नियामक ने कहा कि मार्शे रिटेल के खाद्य कारोबार परिसर के निरीक्षण और उसके बाद की जांच में गंभीर खामियां पाई गईं।

घी उत्पादों में मिलावट, प्रतिबंध आदेश जारी

एसडीपी इंडस्ट्रीज के मामले में एफएसएसएआई ने नियमों का पालन नहीं करने वाले घी उत्पादों और मिलावट संबंधी चिंताओं को लेकर प्रतिबंध आदेश जारी किया है। नियामक ने कहा कि प्रवर्तन निरीक्षण और नमूनों की जांच के दौरान कंपनी के कई घी उत्पाद निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। इनमें 'श्रद्धा', 'श्रीसारस' और 'गोकुल' जैसे ब्रांड के तहत बेचे जाने वाले घी के विभिन्न उत्पाद शामिल हैं। एफएसएसएआई ने कहा कि घी के नमूनों की प्रयोगशाला जांच में ए-सिटोस्टेरॉल पाया गया। यह एक वनस्पति स्टेरॉल है, जिसकी घी में मौजूदगी नहीं होनी चाहिए।

4 बड़ी कंपनियों का मार्केट कैप 87,960 करोड़ घटा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार में बीते सप्ताह जारी नरमी के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 87,960.29 करोड़ रुपए की गिरावट आई। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल को सबसे अधिक नुकसान हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 468.42 अंक यानी 0.60 प्रतिशत नीचे आया। वहीं एनएसई निफ्टी में 114 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की गिरावट रही। समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 28,052.96 करोड़ रुपए घटकर 12,14,963.15 रुपए करोड़ रह गया। इसी तरह टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार मूल्यांकन 22,070.34 करोड़ रुपए घटकर 8,31,436.51 करोड़ रुपए पर आ गया।

■ एयरटेल को सबसे तगड़ा झटका

एसबीआई के बाजार पूंजीकरण में कमी

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बाजार पूंजीकरण में 20,861.20 करोड़ रुपए की कमी आई और यह 9,64,968.76 करोड़ रुपए रहा। वहीं हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 16,975.79 करोड़ रुपए घटकर 4,73,912.56 करोड़ रुपए रह गई। इस रुख के उलट भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार पूंजीकरण 12,650 करोड़ रुपए बढ़कर 5,35,980.31 करोड़ रुपए हो गया।

प्राइड होटल्स का विस्तार, लॉच होंगे 1 हजार करोड़ के आईपीओ

एजेंसी ▶▶| इंदौर

आतिथ्य क्षेत्र की कंपनी प्राइड होटल्स इस साल दिसंबर तक अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी कर रही है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्येन जैन ने बताया कि आईपीओ का आकार करीब 1,000 करोड़ रहने की उम्मीद है। जैन ने कहा, 'कंपनी तेजी से अपने कारोबार का विस्तार कर रही है। पिछले 12 माह में उसने 9 नए होटल खोले हैं। यह इंदौर में नौवां होटल है।' इसके साथ ही प्राइड होटल्स के पोर्टफोलियो में अब कुल 40 संपत्तियां हो गई हैं। इनमें आठ होटल कंपनी के स्वामित्व वाले हैं, जबकि 32 होटल प्रबंधन अनुबंध के तहत संचालित किए जा रहे हैं।

12 माह में खोल 9 नए होटल



32 और होटल के लिए किए समझौते

कंपनी ने अगले डेढ़ से दो साल में खुलने वाले 32 और होटल के लिए समझौते किए हैं। इनके शुरू होने के बाद कंपनी का पोर्टफोलियो करीब 72 संपत्तियों तक पहुंच सकता है। जैन ने कहा कि कंपनी का ध्यान चार प्रमुख क्षेत्रों पर है। इनमें मौजूदा बाजारों में विस्तार, बड़े विवाह एवं एमआईसीई (मीटिंग, इंसेंटिव, कॉन्फ्रेंस एंड एग्जिबिशन) होटल को लक्ष्य बनाना, नए पर्यटन स्थलों में प्रवेश और तीर्थस्थलों पर विस्तार शामिल है। उन्होंने कहा कि तीर्थ पर्यटन कंपनी के लिए तेजी से उभरता अवसर है। उनके अनुसार, छुट्टी मनाने वाले पर्यटकों के मुकाबले तीर्थयात्रियों के बार-बार आने की संभावना अधिक होती है। पुरी जैसे स्थानों में धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ विवाह समारोहों से जुड़ा कारोबार भी कंपनी के लिए आकर्षक अवसर प्रदान करता है। कंपनी अपने पोर्टफोलियो में स्वामित्व वाले होटल की हिस्सेदारी भी बढ़ाने की योजना बना रही है।



ग्लोबल हुआ महिंद्रा, 4 अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उतरेगा लाइफस्टाइलर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घरेलू वाहन विनिर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) अपने नए पिकअप वाहन 'स्कॉर्पियो लाइफस्टाइलर' के जरिए वैश्विक बाजार में अपनी मौजूदगी बढ़ाने की तैयारी कर रही है। कंपनी के कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी -वाहन एवं कृषि क्षेत्र राजेश जेजुरिकर ने कहा कि इस पिकअप को दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, पश्चिम एशिया और लातिनी अमेरिका जैसे बाजारों में उतारने की योजना है। कंपनी ने हाल ही में 'महिंद्रा स्कॉर्पियो लाइफस्टाइलर' का अनावरण किया है। यह वाहन भारत में अप्रैल, 2027 में बाजार में आएगा, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में इसे 'महिंद्रा लाइफस्टाइलर' नाम से पेश किया जाएगा।

■ पिकअप 'लाइफस्टाइलर' के जरिए निर्यात बढ़ाने पर जोर

वैश्विक बाजारों को ध्यान में रखकर किया निर्माण

जेजुरिकर ने कहा कि लाइफस्टाइलर को वैश्विक बाजारों को ध्यान में रखकर बनाया गया है और यह कंपनी की वैश्विक विकास रणनीति का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, पश्चिम एशिया और लातिनी अमेरिका के अलावा दक्षिण-पूर्व एशियाई (आसियान) बाजारों में भी इस वाहन के लिए संभावनाएं तलाशी जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी फिलहाल इंडोनेशिया को छोड़कर आसियान क्षेत्र के अन्य बाजारों में मौजूद नहीं है। ऐसे में नए उत्पादों के साथ इन बाजारों में प्रवेश करने की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है।

विदेशी निवेशकों ने शेयर बाजार में अब तक डाले 23,544 करोड़ रुपए

एफपीआई का धमाका, 4 महीने की बिकवाली के बाद तूफानी वापसी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अगस्त में भारतीय शेयर बाजार में अपनी लिवाली तेज कर दी है। कंपनियों के बेहतर तिमाही नतीजों, रुपए की स्थिरता और बाजार की बेहतर संभावनाओं से निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ है। एफपीआई ने अगस्त में अब तक भारतीय शेयर बाजार में 23,544 करोड़ रुपए डाले हैं। इससे पहले जुलाई में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयरों में 20,200 करोड़ रुपए का निवेश किया था। इससे लगातार चार महीनों की भारी बिकवाली के बाद विदेशी निवेशकों के रुख में बड़ा बदलाव देखने को मिला है।

■ रुपए की मजबूती और दमदार क्यू-1 नतीजे, विदेशी निवेशकों ने खोला खजाना

निवेशकों की दिलचस्पी बॉन्ड बाजार में : बजाज ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष-शोध पबित्रो मुखर्जी के अनुसार, इन घटनाक्रमों का आने वाले सप्ताह में बाजार की धारणा पर असर पड़ सकता है। विदेशी निवेशकों की दिलचस्पी ऋण या बॉन्ड बाजार में भी दिखाई दी है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान उन्होंने पूर्ण तरह सुलभ मार्ग (एफएआर) के तहत ऋण बाजार में 852 करोड़ रुपए का निवेश किया है, जबकि सामान्य मार्ग के जरिये 995 करोड़ रुपए की निकासी की है।



विदेशी निवेशक बने शुद्ध बिकवाल

सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने जून में 49,340 करोड़ रुपए, मई में 32,963 करोड़ रुपए, अप्रैल में 60,847 करोड़ रुपए और मार्च में 1,17,000 करोड़ रुपए की निकासी की थी। इससे पहले फरवरी में उन्होंने 22,615 करोड़ रुपए का निवेश किया था। हालांकि, हाल की खरीदारी के बावजूद वर्ष 2026 में विदेशी निवेशक अब भी भारतीय शेयरों में शुद्ध बिकवाल बने हुए हैं। इस वर्ष अब तक वे करीब 2,30,000 करोड़ रुपए निकाल चुके हैं। यह आंकड़ा पूरे वर्ष 2025 में हुई 1,66,000 करोड़ रुपए की निकासी से भी अधिक है।

विदेशी निवेशक नहीं कर आईटी शेयरों खरीदारी

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि एफपीआई की भारतीय बाजार में वापसी के पीछे कई कारण हैं। इनमें पहली तिमाही के बेहतर नतीजे, रुपए की स्थिरता और व्यापक बाजार में कंपनियों की मजबूत वृद्धि संभावनाएं प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी निवेशक आकर्षक मूल्यांकन वाले बड़े बैंकिंग और आईटी शेयरों में व्यापक खरीदारी नहीं कर रहे हैं। इसके बजाय वे अपेक्षाकृत ऊंचे मूल्यांकन के बावजूद चुनिंदा मझोली कंपनियों के शेयरों में पैसा लगा रहे हैं। बाजार की आगे की दिशा के लिए निवेशकों की नजर कच्चे तेल की कीमतों और अमेरिका-ईरान के बीच जारी भू-राजनीतिक तनाव पर रहेगी।

वाहन का निर्यात 41,030 इकाई पर पहुंचा

महिंद्रा की वित्त वर्ष 2025-26 के वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी के वाहन कारोबार का निर्यात 41,030 इकाई पर पहुंच गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 34,709 वाहन के मुकाबले 18.2 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पश्चिम एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका जैसे बाजारों में अपने एसयूवी मॉडल निर्यात करती है। जेजुरिकर के मुताबिक, लाइफस्टाइलर की भारत में भी अच्छी संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन से पांच वर्षों में ऐसे भारतीय ग्राहकों की संख्या बढ़ी है जो यात्रा, कैंपिंग और अन्य मनोरंजक गतिविधियों के लिए अपने साथ जरूरी सामान ले जाना पसंद करते हैं। ऐसे ग्राहकों के लिए लाइफस्टाइलर एक उपयोगी विकल्प साबित हो सकता है।



सिनसिनाटी ओपन में 56 साल बाद दो अमेरिकी खिलाड़ियों की भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| मेसन

जेसिका पेगुला ने मौजूदा चैंपियन इगा स्वियातेक को और कोको गॉफ ने सारा बेलेक को हराकर सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल फाइनल में जगह बनाई और 56 साल बाद इस टूर्नामेंट के महिला फाइनल में दो अमेरिकी खिलाड़ियों के बीच मुकाबला होगा।

पेगुला ने तीसरे सेट में एक ब्रेक से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए स्वियातेक को 7-5, 4-6, 6-4 से हराया। यह इस साल टूर पर उनकी 45वीं जीत है, जो सर्वाधिक है। यह पेगुला की टूर स्तर पर 300वीं जीत भी थी। उन्होंने स्वियातेक के लगातार 10 मैच से चले आ रहे जीत के क्रम को भी तोड़ दिया। सिनसिनाटी में पेगुला का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2024 में रहा था जब उन्हें फाइनल में एरिना सबालेंका के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

टियाफो का फाइनल में प्रवेश, नाकाशिमा को दी मात

सेमीफाइनल में टियाफो ने ब्रैंडन नाकाशिमा को 7-5, 6-3 से हराया। पहले सेट में उन्हें लगातार चार ब्रेक पॉइंट मिले, जिसके बाद टियाफो ने सर्व करके 4-3 की बढ़त बना ली। फिर उन्होंने दोबारा ब्रेक करके स्कोर 6-5 कर दिया और सर्व करके सेट जीत लिया। इसके बाद टियाफो ने नाकाशिमा के खिलाफ दूसरे सेट में 3-2 की बढ़त बना ली और सर्व करके जीत पक्की करते हुए फाइनल में जगह बना ली।

जेसिका और कोको में मुकाबला आज



- जेसिका ने स्वियातेक को और कोको ने सारा को हराया
- जेसिका की इस सीजन की 45वीं जीत
- महिला एकल का फाइनल मुकाबला

गॉफ ने बेलेक को दी शिकस्त

वर्ष 2023 की चैंपियन गॉफ ने बेलेक को 6-4, 6-1 से हराया। चेक गणराज्य की 20 वर्षीय खिलाड़ी बेलेक ने सेमीफाइनल तक के सफर में शीर्ष वरीय सबालेंका और मैडिसन कीज को हराकर उलटफेर किया था। सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में पिछली बार दो अमेरिकी महिला खिलाड़ियों का मुकाबला 1970 में हुआ था जब रोजी कैसाल्स ने नैन्सी रिची को हराया था। जेसिका पेगुला और कोको गॉफ के बीच सिनसिनाटी ओपन के महिला एकल का फाइनल मुकाबला 24 अगस्त को भारतीय समयानुसार सुबह 4:30 बजे खेला जाएगा।

आर्थर फिल्स ने कोबोली को हराकर फाइनल में बनाई जगह

आर्थर फिल्स ने 67 मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में फ्लेवियो कोबोली को 6-3, 6-4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फिल्स की यह लगातार पांचवीं जीत थी। कोबोली ने 2-1 की बढ़त ले ली, लेकिन फिल्स ने आठवें गेम में तुरंत सर्व तोड़कर जवाब दिया क्योंकि इटैलियन खिलाड़ी को बेसलाइन से खेलने में दिक्कत हो रही थी। 22 साल के फ्रेंच खिलाड़ी ने दूसरे सेट के पहले गेम में सर्व तोड़ा और अपने दमदार फोरहैंड से मैच पर कंट्रोल कर लिया, और 22 विनर्स और छह एस के साथ सेट खत्म किया।

खबर संक्षेप

ऑस्ट्रेलिया की बांग्लादेश पर बड़ी जीत, सीरीज बराबर



मैकॉय। तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के मैच में 10 विकेट की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे ही दिन रविवार को बांग्लादेश को पारी और 51 रन से हराकर दो मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। स्टार्क ने मैच में 51 रन देकर 10 विकेट लिए। उन्होंने दूसरी पारी में 39 रन पर चार विकट चटकाए जबकि पहली पारी में 12 रन देकर छह विकेट हासिल किए थे। पैट कमिंस (10 रन पर तीन विकेट) और नाथन लियोन (25 रन पर तीन विकेट) ने भी तीन-तीन विकेट लेकर स्टार्क का अच्छा साथ दिया। बांग्लादेश की दूसरी पारी 38.3 ओवर में 95 रन पर सिमट गई। कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने 31 रन बनाए जबकि मुशफिकुर रहीम 29 रन बनाकर नाबाद रहे। इन दोनों के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाया।

सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने वेस्ट दिल्ली लायंस को हराया



नई दिल्ली। सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने दिल्ली प्रीमियर लीग के बड़े स्कोर वाले मुकाबले में दबाव के क्षणों में धैर्य बनाए रखते हुए वेस्ट दिल्ली लायंस को 21 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने शीर्ष और मध्यक्रम के शानदार प्रदर्शन की बदौलत 8 विकेट पर 232 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके बाद उसके गेंदबाजों ने वेस्ट दिल्ली लायंस को 8 विकेट पर 211 रन पर रोक दिया। किंग्स के लिए सलामी बल्लेबाज सिद्धार्थ जून ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 17 गेंद पर 33 रन बनाए। इसके बाद समर्थ सेठ ने 14 गेंद में 37 रन की तेजतर्रार पारी खेली। अंतिम ओवरों में मनी ग्रेवाल ने सिर्फ 16 गेंद पर 42 रन की तूफानी पारी खेलकर सेंट्रल दिल्ली किंग्स को विशाल स्कोर तक पहुंचाया।

जूनियर टेनिस कप ओम और दीपशिखा ने जीता खिताब



चेन्नई। पांचवीं वरीयता प्राप्त ओम पटेल और शीर्ष वरीयता प्राप्त दीपशिखा विनयागमूर्ति ने रविवार को यूनीफाई-आईटीएफ जूनियर टेनिस कप में क्रमशः लड़कों और लड़कियों के वर्ग के एकल खिताब जीते। दीपशिखा ने संयमित प्रदर्शन करते हुए सविता भुवनेश्वरन को सीधे सेटों में हराया जबकि पांचवीं वरीयता प्राप्त ओम पटेल ने करीब दो घंटे चले रोमांचक मुकाबले में ओम वर्मा को 1-6, 6-3, 6-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। लड़कियों के एकल फाइनल में शीर्ष वरीय दीपशिखा ने सविता को 6-4, 6-3 से हराया। उन्होंने पिछले सप्ताह जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीतने के बाद लगातार दूसरे सप्ताह ट्रॉफी अपने नाम की।

कोलंबो टेस्ट : पहले दिन भारत ने 5 विकेट पर बनाए 300 रन

भारत का श्रीलंका पर मजबूत शिकंजा पडिक्कल ने जड़ा लगातार दूसरा शतक

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

देवदत्त पडिक्कल के लगातार दूसरे शतक से भारत ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन रविवार को पहली पारी में 5 विकेट पर 300 रन बनाए।

पहले टेस्ट में 167 रन की पारी खेलने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज पडिक्कल ने दो जीवनदान का फायदा उठाते हुए 193 गेंद में 12 चौकों से 117 रन की पारी खेलने के अलावा कप्तान शुभमन गिल (50) के साथ तीसरे विकेट के लिए 120 और रविंद्र जडेजा (43 रन, 83 गेंद, चार चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए 74 रन की साझेदारी की। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने भी 45 रन की उपयोगी पारी खेली। दिन का खेल खत्म होने पर ध्रुव जुरेल सात जबकि सारांश जैन चार रन बनाकर खेल रहे थे।

फर्नांडो ने 46 रन देकर चटकाए 3 विकेट

श्रीलंका की ओर से असिता फर्नांडो सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 46 रन देकर तीन विकेट चटकाए। तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा और स्पिनर केशारा नुवानथा ने एक-एक विकेट चटकाया।



श्रीलंका की धरती पर एक टेस्ट सीरीज में 2 शतक लगाने वाले भारतीय बैटर्स

- विनोद कांबली (1993)
- मोहम्मद अजहरुद्दीन (1997)
- सचिन तेंदुलकर (1997)
- वीरेंद्र सहवाग (2010)
- शिखर धवन (2017)
- चेतेश्वर पुजारा (2017)
- देवदत्त पडिक्कल (2026)

पडिक्कल ने की सचिन-सहवाग की बराबरी

देवदत्त पडिक्कल ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में गॉल में शतक (167 रन) लगाने के बाद दूसरे टेस्ट मैच में भी कोलंबो में पहली पारी में शतक लगाने का कमाल किया। नंबर 3 पर बैटिंग करने आए देवदत्त पडिक्कल ने बेहद धैर्यभरी पारी खेली और पहले दिन बैटिंग के लिए मुफीद पिच पर कमाल की पारी खेलते हुए शतक लगाया दिया। श्रीलंका की धरती पर टेस्ट सीरीज में ये उनका दूसरा शतक रहा और उन्होंने सचिन तेंदुलकर और वीरेंद्र सहवाग समेत 6 भारतीय खिलाड़ियों के इस रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। श्रीलंका की धरती पर भी उनका ये दूसरा टेस्ट शतक रहा और इसके साथ ही उन्होंने विनोद कांबली, मोहम्मद अजहरुद्दीन, सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग और शिखर धवन की बराबरी कर ली। इस सभी बल्लेबाजों ने भारत की तरफ से श्रीलंका के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में 2-2 शतक लगाने का कमाल किया था।

गिल ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में पूरे किए 1 हजार रन

कप्तान शुभमन गिल ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में कोलंबो में 50 रन की पारी खेली और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 में अपने 1000 रन भी पूरे किए। यही नहीं गिल अब वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के एक साइकिल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान भी बन गए और उन्होंने विराट कोहली और रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया। वहीं वो वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के एक साइकल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कप्तानों की लिस्ट में ओवरऑल बेन स्टोक्स से आगे निकल गए।

दलीप ट्रॉफी : ईस्ट जोन ने बनाए 355 रन

ईशान, सूर्यवंशी का नहीं चला बल्ला, शाहबाज-सुदीप के शतक

एजेंसी ▶▶| बैंगलुरु



दलीप ट्रॉफी 2026 में पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला ईस्ट जोन और नॉर्थ ईस्ट जोन के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में नॉर्थ ईस्ट जोन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया और इसके बाद पहली पारी में पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद ईस्ट जोन की टीम ने सुदीप कुमार घरामी और शाहबाज अहमद की शतकीय पारी के दम पर 6 विकेट पर 355 रन बनाए।

मैच में पहले दिन कप्तान ईशान किशन और वैभव सूर्यवंशी का बल्ला खामोश रहा। इस वक्त क्रीज पर शाहबाज अहमद 100 रन जबकि अनुकूल राय 22 रन बनाकर नाबाद हैं।

घरामी ने खेली शानदार पारी

ईस्ट जोन के लिए मैच के पहले दिन पहली पारी में सुदीप कुमार घरामी ने शानदार पारी खेली और चौथे नंबर पर बैटिंग करने आए इस बैटर ने 185 गेंदों पर एक छक्का और 25 चौकों की मदद से 146 रन की शानदार पारी खेली। कप्तान इशान किशन ने पहली पारी में निराश किया और वो 9 गेंदों पर 4 रन बनाकर आउट हो गए। शाहबाज अहमद ने पहली पारी में अपनी टीम के लिए शानदार बैटिंग करते हुए 2 छक्के और 9 चौकों की मदद से नाबाद 100 रन की पारी खेली।

वैभव 6 गेंदों पर 8 रन बनाकर आउट

नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ खेल के पहले दिन पहली पारी में ईस्ट जोन के ओपनर वैभव सूर्यवंशी का बल्ला नहीं चला और वो 6 गेंदों पर 2 चौकों की मदद से 8 रन बनाकर आउट हो गए जबकि टीम के दूसरे ओपनर अभिमन्यु ईश्वरन ने भी निराश किया और उन्होंने 20 गेंदों पर 15 रन बनाए। तीसरे नंबर पर बैटिंग करने आए कुमार कुशाग्र ने 65 गेंदों पर 9 चौकों की मदद से 55 रन की पारी खेली। जबकि विराट सिंह ने निराश किया और उन्होंने 7 गेंदों पर सिर्फ 2 रन बनाए और आउट हुए।

जर्मन सुपरकप : बायर्न म्यूनिख ने जीता खिताब



एजेंसी ▶▶| डॉर्टमुंड

बायर्न म्यूनिख ने बोरुसिया डॉर्टमुंड को 2-1 से हराकर सीजन का पहला जर्मन सुपरकप (फ्रांज बेकनबाउर सुपरकप) जीता।

जमाल मुसियाला और सर्ज ग्नाब्री के बाहर होने पर, बायर्न के कोच विंसेंट कोम्पनी ने नए खिलाड़ी डिफेंडर नैथेनियल ब्राउन को नंबर 10 रोल में भेजा। 23 साल के खिलाड़ी ने 28वें मिनट में गोल करके कोच के भरोसे को सही साबित किया। जोशुआ किमिच ने माइकल ओलिस की ओर एक लंबी गेंद भेजी, जिन्होंने एरिया के किनारे पर डॉर्टमुंड के डिफेंस को रोककर ब्राउन को बॉल दी। जर्मनी के इंटरनेशनल खिलाड़ी ने कोई गलती नहीं की, और गोलकीपर ग्रेगर कोबेल को छकाते हुए बायर्न के लिए अपना पहला प्रतियोगी गोल किया।

फाइनल में बोरुसिया डॉर्टमुंड को 2-1 से हराया

पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में विजिटर्स ने की बढ़त दोगुनी

पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में विजिटर्स ने अपनी बढ़त दोगुनी कर ली। जोबे बेलिंगहैम ने अपने ही हाफ में पजेशन खो दिया। ओलिस गेंद लेकर पेनल्टी एरिया में दौड़े और शांति से कोबेल के पार नीचे-बाएं कोने में गोल कर दिया। ब्रेक के बाद डॉर्टमुंड ने कई अटैकिंग सब्स्टीट्यूशन किए और 75वें मिनट में उन्हें इसका इनाम मिला जब सब्स्टीट्यूट फैबियो सिल्वा ने गोल किया। आखिरी स्टेज में दोनों टीमों ने तेजी से काउंटरअटैक किए। मैक्सिमिलियन बेयर के पास बराबरी करने का अच्छा मौका था लेकिन उन्होंने एक शॉट ऊपर मार गोल का मौका गंवा दिया और बायर्न ने जीत पक्की कर ली। इस जीत ने बायर्न को रिकॉर्ड 12वां सुपरकप टाइटल दिलाया। डॉर्टमुंड ने यह कॉम्पिटिशन छह बार जीता है। 2026-27 बुंडेसलीगा सीजन 28 अगस्त से शुरू होगा। डिफेंडिंग चैंपियन बायर्न वीएफबी स्टटगार्ट की मेजबानी करेगा। डॉर्टमुंड अगले दिन हैमबर्गर एसवी के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर अपना लीग कैंपेन शुरू करेगा।

गिकेल-डेलर्यू की जोड़ी ने जीता गोल्ड मेडल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप



फ्रांस की थॉम गिकेल और डेलफिन डेलर्यू की जोड़ी ने विश्व नंबर एक फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग जोड़ी को हराकर विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के मिश्रित युगल का खिताब जीतते हुए इतिहास रच दिया। गिकेल और डेलर्यू की जोड़ी मिश्रित युगल में विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीतने वाली फ्रांस की पहली जोड़ी बन गयी। विश्व की पांचवें नंबर की फ्रांस की जोड़ी ने रोमांचक फाइनल में चीन की जोड़ी को 22-20, 19-21, 21-15 से मात दी। एक घंटे 18 मिनट चले मुकाबले में जीत के साथ गिकेल और डेलर्यू ने अपने करियर का सबसे बड़ा खिताब हासिल किया। कांस्य पदक जीतने वाली फ्रांसीसी जोड़ी ने पूरे मुकाबले में शानदार रणनीतिक खेल का प्रदर्शन किया।

'मेंस सिंगल्स' में लैनियर बने चैंपियन

बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप से पहले, फ्रांस के नाम टूर्नामेंट के इतिहास में सिर्फ दो ब्रॉन्ज मेडल थे, लेकिन रविवार का दिन उसके लिए ऐतिहासिक साबित हुआ। इस दिन फ्रांस ने अपने खाते में 2 गोल्ड मेडल जोड़ लिए हैं। 21 वर्षीय एलेक्स लैनियर ने कोडाई नारोओका को 21-11, 21-11 से मात देकर बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में 'मेंस सिंगल्स' का खिताब जीतने वाले पहले फ्रांसीसी बने। यह मुकाबला करीब 50 मिनट तक चला। इस जीत से फ्रांस को वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026 में अपना दूसरा गोल्ड मेडल मिला।

बीजिंग में रोबोट ओलंपिक की शुरुआत 100 मीटर दौड़ और ऊंची कूद के तोड़े रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

चीन के ह्यूमनॉइड (मनुष्यों के आकार के) रोबोट ने बीजिंग में शुरू हुए ओलंपिक जैसे विश्व ह्यूमनॉइड रोबोट खेलों के पहले दिन मानवों के रिकॉर्ड तोड़ दिए। इनमें जमैका के महान धावक उसेन बोल्ट का 100 मीटर दौड़ का विश्व रिकॉर्ड भी शामिल है।

आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता में दो हजार से अधिक ह्यूमनॉइड रोबोट हिस्सा ले रहे हैं। पांच दिन तक चलने वाले इन खेलों का यह दूसरा सत्र है। अमेरिका के साथ तकनीकी प्रतिस्पर्धा बढ़ने के बीच यह आयोजन रोबोटिक्स के क्षेत्र में चीन की तेजी से बढ़ती क्षमता का प्रदर्शन कर रहा है। इसमें दौड़, टेबल टेनिस और फुटबॉल समेत 51 स्पर्धाओं में एक हजार से अधिक मुकाबले होंगे। इन खेलों का आयोजन 2022 शीतकालीन ओलंपिक के लिए बनाए गए नेशनल स्पीड स्केटिंग ओवल में हो रहा है।



हॉकी विश्व कप : रेस में भारत का 'डू और डाई' मुकाबला

सेमीफाइनल के लिए भारत का 'आखिरी दांव'!

एजेंसी ▶▶| एम्सटेलवीन

नीदरलैंड से पिछले मैच में हारने के बाद भारतीय टीम विश्व कप सेमीफाइनल की दौड़ से लगभग बाहर होने की कगार पर है। हालांकि शनिवार को आखिरी पूल मैच में इंग्लैंड की अर्जेंटीना के हाथों हार ने तकनीकी तौर पर रास्ते बंद नहीं किए हैं लेकिन हरमनप्रीत सिंह की टीम को इसके लिए बड़ी जीत के साथ दूसरे मैच का परिणाम भी अनुकूल रहने की दुआ करनी होगी।

भारत के पास कोई अंक नहीं

विश्व कप के नए प्रारूप के तहत पूल ई और एफ में दूसरे दौर में शीर्ष दो स्थान पर रहने वाली टीमें सेमीफाइनल में जाएगी। इंग्लैंड को रियो ओलंपिक 2016 चैंपियन अर्जेंटीना ने 3-1 से हराया लेकिन पहले दौर में भारत पर मिली जीत के कारण इंग्लैंड के पास तीन अंक हैं। नीदरलैंड छह अंक के साथ अंतिम चार में पहुंच चुका है। अर्जेंटीना के भी कल मिली जीत के बाद तीन अंक हो गए हैं जबकि भारत के पास कोई अंक नहीं है।



इंग्लैंड के बड़े अंतर से हारने की करनी होगी दुआ

अब भारत को ना सिर्फ अर्जेंटीना को बड़े अंतर से हराना होगा बल्कि इंग्लैंड के भी बड़े अंतर से हारने की दुआ करनी होगी। अर्जेंटीना को हराना आसान नहीं होगा जिसने उसे इस साल एफआईएच प्रो लीग में राउरकेला में 8-0 और 4-2 से हराया है। इसके अलावा इंग्लैंड के खिलाफ भी पिछले मैच में उसने जबर्दस्त प्रदर्शन करके भारत के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। उसके पास रियो ओलंपिक विजेता मटियास रे के रूप में अनुभवी कप्तान है, जो 329 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं और यह उनका छठा विश्व कप है।

अर्जेंटीना को दो गोल से अधिक के अंतर से हराए भारत

भारत के लिए सबसे आसान यही है कि अर्जेंटीना को दो गोल से अधिक के अंतर से हराये और इंग्लैंड कम से कम तीन गोल से हारे। कुल मिलाकर भारत की राह बहुत आसान नहीं है और सामना ऐसे प्रतिद्वंद्वी से है, जो फॉर्म में है और पिछला रिकॉर्ड भी बेहतर है। नीदरलैंड के खिलाफ पिछले मैच में 40 मिनट तक बेहतरीन डिफेंस का प्रदर्शन करने के बाद आखिरी क्वार्टर में दो गोल गंवाना भारत पर भारी पड़ा। अनुभवी मिडफील्डर हार्दिक सिंह ने कहा,' इस तरह के मैचों में मौके भुनाने की ही बात होती है। हमने 99 प्रतिशत भी अच्छा खेला हो तो एक प्रतिशत की गलती भी भारी पड़ जाती है और हमारे साथ वही हुआ। हमें उनका खेल पता था और हम उन्हें प्रो लीग में हरा भी चुके थे लेकिन आखिरी बीस मिनट में की गई गलतियों की वजह से हम हार गए।'

12 करोड़ में बिक रहा है पूरा का पूरा टापू, बनी हैं 12 इमारतें



मनीला। क्या आपने कभी सोचा है कि पूरा का पूरा टापू अपनी मिल्कियत में हो? फिलीपींस में ऐसा मौका अब हाथों-हाथ मिल रहा है। रोम्बलोन प्रांत के ताबलास आइलैंड के पास एक प्राइवेट ओशनफ्रंट एस्टेट 1.3 मिलियन डॉलर यानी करीब 12 करोड़ रुपये में बिक रहा है। यह प्रॉपर्टी लगभग 2.38 एकड़ (करीब 9643 वर्ग मीटर) में फैली हुई है और इसमें पहले से 12 इमारतें बनी हुई हैं। सॉथबीज इंटरनेशनल रियल्टी जैसी एजेंसियों पर लिस्टेड इस प्रॉपर्टी को स्टनिंग ओशनफ्रंट एस्टेट बताया गया है। ताबलास आइलैंड के पश्चिमी तट पर स्थित यह जगह नाटकीय चट्टानों, पैनोरमिक समुद्री नजारों और हरे-भरे ट्रॉपिकल लैंडस्केप से घिरी है।

खरीदने वाले को पूरी करनी होंगी ये शर्तें!



मिलेगी कई फैसिलिटी

लिस्टिंग के मुताबिक यहां मेन रेजिडेंस, गेस्ट विला, स्टाफ एकॉमोडेशन और यूटिलिटी बिल्डिंग्स सहित कुल 12 स्ट्रक्चर हैं जो लगभग 902 वर्ग मीटर के बिल्ट-अप एरिया में फैले हैं। खरीदार को ये सारी इमारतें तैयार मिलेंगी। प्राइवेट स्विमिंग पूल, छायादार लाउंज एरिया, लैंडस्केप्ड गार्डन और सनसेट पॉइंट जैसी सुविधाएं मौजूद हैं। बीच तक पहुंचने के लिए प्राइवेट सीढ़ियां और बोटहाउस भी है। स्टारलिंक हाई-स्पीड इंटरनेट, अंडरग्राउंड इलेक्ट्रिकल सिस्टम, पानी का रिजर्वॉयर और डीप वेल जैसी आधुनिक सुविधाएं पहले से लगी हुई हैं।

बढ़ रही है डिमांड

फिलीपींस में प्राइवेट आइलैंड या ऐसे ओशनफ्रंट प्रॉपर्टी खरीदना कई लोगों का सपना होता है। मनीला और बोराके से कनेक्टिविटी अच्छी है इसलिए यह जगह एकांत और सुविधा दोनों देती है। टूरिज्म की दृष्टि से रोम्बलोन और ताबलास क्षेत्र में संभावनाएं बढ़ रही हैं। सस्ते बजट में इतनी बड़ी और तैयार प्रॉपर्टी मिलना ही इसे खास बना रहा है। बड़े शहरों में एक अच्छा घर खरीदने के बराबर के पैसे में पूरा एस्टेट मिल रहा है। लेकिन, खरीदने से पहले शर्तें और कानूनी पहलू समझना जरूरी है। फिलीपींस में विदेशी नागरिक सीधे जमीन के मालिक नहीं बन सकते। संविधान के अनुसार भूमि का स्वामित्व केवल फिलिपिनो नागरिकों या कम से कम 60 प्रतिशत फिलिपिनो हिस्सेदारी वाली कंपनी के पास हो सकता है। विदेशी खरीदार आमतौर पर 40 प्रतिशत तक की हिस्सेदारी वाली कॉरपोरेशन बनाकर प्रॉपर्टी खरीदते हैं। लीजहोल्ड व्यवस्था भी एक विकल्प हो सकता है। टाइटल क्लियर होना, टैक्स और अन्य दस्तावेज जांचवाना अनिवार्य है। लोकल वकील और रियल एस्टेट एक्सपर्ट की मदद लेना समझदारी होगी। प्रॉपर्टी टाइटल वाली है और वर्तमान में लक्जरी प्राइवेट रेजिडेंस के रूप में सेट है। फर्नीचर और कस्टम हार्डवुड-मार्बल पीस भी शामिल बताए गए हैं।

रिपोर्ट

भारत समेत पूरी दुनिया पर संकट

सुपर अल नीनो का बड़ा खतरा 5 करोड़ लोग भुखमरी की ओर

संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी विश्व खाद्य कार्यक्रम ने सुपर अल नीनो को लेकर बहुत बड़ा खतरा जताया है। उसने कहा है कि एक शक्तिशाली अल नीनो मौसम घटना अगले साल के अंत तक दुनिया के कुछ सबसे कमजोर क्षेत्रों में लगभग 5 करोड़ अतिरिक्त लोगों को भुखमरी के कगार पर पहुंचा सकती है।

जेनेवा। शक्तिशाली अल नीनो प्रशांत महासागर की सतह का एक गंभीर गर्म जल चक्र है, जिसमें तापमान सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ जाता है। यह वैश्विक मौसम, सूखे, बाढ़ और रिकॉर्ड तोड़ गर्मी का कारण बनता है, जिससे भारत के मानसून और कृषि पर भारी संकट आ सकता है।

डब्ल्यूएफपी ने एक रिपोर्ट में कहा कि एक बहुत ही मजबूत अल नीनो घटना की 81% संभावना है, जिसमें समुद्र की सतह का तापमान कम से कम 1982 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर होगा और संभावित रूप से यह 1950 के बाद से इस तरह की सबसे मजबूत घटना होगी। विश्व खाद्य एवं परिवार कल्याण संगठन की खाद्य सुरक्षा और पोषण विश्लेषण सेवा के निदेशक जीन-मार्टिन बाउर ने पत्रकारों से कहा, 'ये ऐसी घटनाएं हैं जिन्होंने अतीत में बड़े पैमाने पर भुखमरी को जन्म दिया है।'

अल नीनो के प्रतिकूल प्रभावों के प्रति संवेदनशील माने जाने वाले 45 देशों के विश्लेषण के आधार पर, विश्व खाद्य संघ का अनुमान है कि तीव्र खाद्य असुरक्षा का सामना करने वाले लोगों की संख्या लगभग 49 मिलियन बढ़कर कुल 274 मिलियन हो सकती है, जो कि संकट-स्तर की खाद्य असुरक्षा या उससे भी बदतर स्थिति का सामना कर रही आधारभूत आबादी की तुलना में 22% की वृद्धि है।



किन जगहों पर ज्यादा असर?

विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) की रिपोर्ट के अनुसार, मध्य अमेरिका और दक्षिणी अफ्रीका सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से होने की आशंका है। मध्य अमेरिका में खाद्य असुरक्षा से जूझ रहे लोगों की संख्या में 83% और दक्षिणी अफ्रीका में लगभग 75% की वृद्धि होने की संभावना है। दक्षिणी अफ्रीका के साथ-साथ दक्षिण अमेरिका और कैरेबियन क्षेत्र में भी 12 मिलियन से अधिक लोग गंभीर खाद्य असुरक्षा की चपेट में आ सकते हैं।

बढ़ सकती हैं फसलों की कीमतें

बॉयर ने कहा कि 2025 में अच्छी फसल के बाद वैश्विक खाद्य बाजार अपेक्षाकृत मजबूत स्थिति में अल नीनो काल में प्रवेश कर चुके हैं, लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि मध्य पूर्व में संघर्ष और मौसम संबंधी संभावित फसल नुकसान कीमतों पर और अधिक दबाव डाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि अतीत में हुई अल नीनो घटनाओं ने आम तौर पर वैश्विक खाद्य कीमतों में भारी उछाल नहीं लाया है, लेकिन क्षेत्रीय कमी और उच्च कीमतें कमजोर परिवारों के लिए भोजन तक पहुंच को और खराब कर सकती हैं।

सुपर अल नीनो का भारत पर असर

भारत में कृषि पूरी तरह से मानसून पर आधारित है। यह मानसून अल नीनो से सीधे प्रभावित होता है। सुपर अल नीनो से समुद्र की सतह के तापमान में अत्याधिक वृद्धि होती है, जो मौसम के पैटर्न को बदल देती है। इससे मानसून में देरी होती है और कई बार अनियमित वर्षा का पैटर्न भी देखा जाता है। ऐसे में अगर मानसून में देरी होती है या फिर अचानक ज्यादा बारिश होती है, तो इनसे फसलों के खराब होने की आशंका बढ़ जाती है।

अंतरिक्ष यात्रियों के चांद से लाए हरे कांच ने 35 साल बाद पलटी वर्षों पुरानी थ्योरी



वॉशिंगटन। साल 1971 में अपोलो 15 के अंतरिक्ष यात्रियों डेविड स्कॉट और जेम्स इरविन ने चंद्रमा पर कुछ अजीब देखा। ये अजीब चीज ग्रे रंग की सतह पर बिखरे हुए हरे रंग के छोटे-छोटे कण थे। उन्होंने इनके सैंपल इकट्ठा किए और पृथ्वी पर ले आए। तब उनको उन्हें यह नहीं पता था कि ये कण दशकों बाद चंद्रमा के बारे में लंबे समय से चली आ रही एक धारणा को चुनौती देगी। इन टुकड़ों ने अब चांद पर पानी की मौजूदगी पर अहम खुलासा किया है।

ब्राउन यूनिवर्सिटी के अनुसार, हरे रंग के ये कण ज्वालामुखी से निकले कांच के दाने थे। मिशन के 35 साल बाद शोधकर्ताओं को ज्वालामुखी कांच में फंसे पानी के सबूत मिले है। नासा के अनुसार, 2008 में अपोलो सैंपल का अध्ययन कर रहे शोधकर्ताओं ने ज्वालामुखी कांच के छोटे दानों में हाइड्रोजन का पता लगाया। इससे यह सबूत मिला कि जब प्राचीन ज्वालामुखी विस्फोटों के दौरान ये दाने बने थे, तब चंद्रमा के अंदर पानी मौजूद था।

हरे रंग के ये दाने क्या थे?

ये अजीब कण रंगीन चट्टानों के आम टुकड़े नहीं थे। ये ज्वालामुखी से निकला कांच था, जो तब बना जब चंद्रमा के अंदर से पिघला हुआ पदार्थ बाहर निकला और तेजी से ठंडा हो गया। इस बात ने इन नमूनों को बहुत कीमती बना दिया। सतह पर मिलने वाली कई चट्टानों के उलट ज्वालामुखी से निकला कांच उस पिघले हुए पदार्थ के बारे में जानकारी सुरक्षित रख सकता है जिससे वह बना था। यह कांच चंद्रमा के अंदर गहराई से आया था। इसलिए वैज्ञानिक इसकी केमिस्ट्री का इस्तेमाल करके चंद्रमा के अंदर की स्थितियों का पता लगा सकते थे।

दुनिया पर फिर मंडराया टाइटेनिक जैसा खतरा!

ओटावा। ग्रीनलैंड दुनिया का सबसे बड़ा बर्फ से जमा द्वीप है, जिसे अपने कब्जे में लेने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार चाहत जताते रहे हैं। अब उसी ग्रीनलैंड के बारे में एक ऐसी बड़ी खबर सामने आई है, जिसने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है। रिसर्च में पता चला है कि इस बर्फीले द्वीप से पीटरमैन नाम के ग्लेशियर का बड़ा टुकड़ा टूटकर अलग हो चुका है। यह ग्लेशियर कोई छोटा-मोटा नहीं, बल्कि 76.4 वर्ग किलोमीटर लंबा है। इसका क्षेत्रफल लगभग न्यूयॉर्क के मैनहटन द्वीप जितना बड़ा है। अब यह टुकड़ा टूटकर समुद्र में धीरे-धीरे आगे बह रहा है। जिससे लोग हैरान है।



आर्कटिक में हुई दुर्लभ घटना

साइंस टेक डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक, यह दुर्लभ घटना 4 अगस्त 2026 को हुई, जब उत्तर-पश्चिमी ग्रीनलैंड के पीटरमैन ग्लेशियर से तैरती हुई बर्फ की एक बड़ी चट्टान टूटकर अलग हो गई। बर्फ का यह चौकोर टुकड़ा 'आइस टंग' जैसा है। पानी के अंदर और बाहर मिलाकर इसकी मोटाई करीब 150 मीटर तक हो सकती है। इसका क्षेत्रफल लगभग न्यूयॉर्क के मैनहटन द्वीप जितना ही बड़ा है। इससे वैज्ञानिकों को यह समझने का एक खास मौका मिला है कि आर्कटिक में बर्फ का इतना विशाल हिस्सा कैसे बनता है, बहता है और धीरे-धीरे टुकड़ों में बंटता है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

PAINFUL KIDNEY STONES ?
WE OFFER PAINLESS & NON-INVASIVE TREATMENT
• URSL (Semirigid Ureteroscopy)
• Oral Medication
• ESWL (Extra corporeal Shock Wave Lithotripsy)
• Laser Kidney Stone Treatment
• PCNL (Per cutaneous Nephrolithotomy)
(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

स्वस्थ हृदय ही अच्छे स्वास्थ्य की पहचान हैं।
बैद्यनाथ
अर्जुनामृत
(अर्जुनारिष्ट स्पेशल)
बढ़ती उम्र के लिए लाभदायक
विडंग, गोखरू व नागकेशर युक्त
सिध्दायु- बैद्यनाथ का भरोसा
मुफ्त वैद्यकीय सलाह के लिए संपर्क करे :
844 844 4935

देवी को चढ़ावा या कोई रस्म?

2500 साल पुराने कुएं में मिले इंसानों के कंकाल

रोम। इटली में हुई खुदाई के दौरान करीब 2500 साल पुराना एक रहस्यमयी कुआं मिला है। इस कुएं के अंदर से ऐसी चीजें मिली हैं, जिन्होंने साइंटिस्ट्स की दिलचस्पी बढ़ा दी है। कुएं की गहराई से एक पुरुष तथा महिला के कंकाल मिले हैं। इसके अलावा कांस्य की महिला मूर्तियों के टूटे हुए हिस्से, एक अनोखी कांस्य प्लेट मिली है। पुरातत्वविदों का मानना है कि यह कोई आम कुआं नहीं था। इसका इस्तेमाल पानी जमा करने के साथ-साथ धार्मिक अनुष्ठानों के लिए भी किया जाता था। संभव है कि कुआं किसी पुराने शहर का हिस्सा रहा हो। शहर के बसने के समय धार्मिक सामरोह के समय इसमें पहले कांस्य प्लेट और मूर्तियां डाली गईं, वहीं समारोह के अंत में लाश डाली जाती हैं।



देवी यूनी से जुड़ा था कुआं?

पुरातत्वविदों की मानें तो देवी यूनी का संबंध महिलाओं, विवाह, जन्म और विकास से था। कुएं के पास मौजूद धार्मिक स्थल से मिले दूसरे सबूत भी बताते हैं कि शहर में देवी यूनी की पूजा बेहद अहम थी। यही वजह है कि रिसर्चर्स को लगता है कि इस कुएं का संबंध सिर्फ पानी से नहीं था। माना जा रहा है कि यहां धार्मिक समारोह और दूसरे धार्मिक अनुष्ठान किए जाते रहे हों।

महिलाओं की मूर्तियां क्यों तोड़ी गईं : कुएं से मिली कांस्य मूर्तियों में खूबसूरत कपड़े पहने महिलाओं या युवतियों को दिखाया गया है। उनके कपड़ों पर बारीक सजावट भी बनाई गई थी। पुरातत्वविदों का मानना है कि ये मूर्तियां या तो ऊंचे सामाजिक वर्ग की महिलाओं को दिखाती थीं या फिर देवी थीं. ये भी हो सकता है कि युवा महिलाएं इन्हें देवी यूनी को चढ़ावे के तौर पर धार्मिक स्थल पर लेकर आती रही हों।

कुएं में मिली चमकती कांस्य मूर्तियां

कुएं के अंदर से दो महिला मूर्तियों के टूटे हुए कांस्य हिस्से मिले. इनके साथ एक अनोखी कांस्य प्लेट भी मिली। पुरातत्वविदों ने बताया कि इन वस्तुओं की मदद से कुएं को 6वीं शताब्दी ईसा पूर्व के अंत या 5वीं शताब्दी ईसा पूर्व की शुरुआत का माना जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि हजारों साल पानी के अंदर रहने के बावजूद कांस्य की वस्तुओं पर आज भी चमक बरकरार है।

हर बार नया क्यों ? बार बार आज़माइश छोडियें
Divisa
www.divisastore.com
अपनी त्वचा पर प्रयोग करना बंद कीजिए, क्यूंकि आपका आयुर्वेदिक रूप मंत्रा ही है सर्वश्रेष्ठ जोकि आपके चेहरे की त्वचा को भीतर से निखारने एवं चमकदार बनाने में अति सहायक है, साथ ही यह डार्क सर्कल्स एवं छाइयों को कम करके आपके चेहरे को उज्जवल रखने में भी मदद करता है।
1 Paraben Free
2 Alcohol Free
3 Steroids Free
4 Silicon Free
5 Mineral Oil Free
Clinically Tested*
*For efficacy and safety.
Roop Mantra
An Ayurvedic Nourishing Face Cream
शुद्ध आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों से निर्मित
24x7 Helpline: 87259 66666
www.roopmantra.com
Urvashi Rautela

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com